* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 278

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की जांच सीबीआइ करेगी

माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के खिलाफ उबले लोग, सड़क जाम की

नगड़ी थानेदार सस्पेंड : जांच के लिए एसआइटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या के बाद राजधानी के रातू-नगड़ी का इलाका उबल उठा है। हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को बंद बुलाया था। इस दौरान इलाके की सभी दुकानें बंद रहीं।

बंद समर्थक सड़कों पर उतर कर विरोध कर रहे थे। नगड़ी में नारो बाजार टांड़ के पास रांची-गुमला मुख्य मार्ग जाम किया गया था। रेलवे क्रॉसिंग के पास भी टायर जला कर सड़क को अवरुद्ध किया गया था। हत्या के विरोध में गुरुवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने रांची बंद का एलान किया था।

शव को सड़क पर रख कर प्रदर्शन

पोस्टमार्टम के बाद माकपा नेता का शव दलादली लाया गया। शव के वहां पहुंचने के बाद लोग उत्तेजित हो गये। हजारों लोगों की भीड़ दलादली चौक पर जमा हो गयी। शव को वहीं रख कर

प्रदर्शन शुरू हो गया। इस दौरान पुलिस बल चौकस था। इससे पहले सुबह से ही विभिन्न आदिवासी संगठनों और सुभाष मुंडा के समर्थक सड़क पर उतर आये थे। उन्होंने जगह-जगह सड़क को जाम कर दिया। रातू और नगड़ी की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। रांची से सटे दूसरे इलाकों में भी आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम की। नगड़ी में रेलवे ट्रैक को भी लोगों ने जाम रखा। आक्रोशित लोग अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे और वहीं पर बैठ गये।

सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआइटी बनी

पुलिस मुख्यालय ने इस हत्याकांड की जांच के लिए एसआइटी का गठन किया है। इसका नेतृत्व सिटी एसपी शुभांशु जैन करेंगे। टीम में दो डीएसपी, दो एसआइ और दो एएसआइ होंगे।

संदिग्धों से पूछताछ

इस बीच पुलिस ने हत्याकांड के सिलसिले में कुछ संदिग्धों को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। आधा दर्जन से ज्यादा जमीन कारोबारियों को हिरासत में लिया गया है। उनसे भी पूछताछ की जा रही है।

नगड़ी थानेदार सस्पेंड

हत्या की घटना के बाद एसएसपी किशोर कौशल ने नगड़ी थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो को सस्पेंड कर दिया है। रातू थाना में पदस्थापित एसआइ रोहित कुमार को नया थाना प्रभारी बनाया गया है।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)

न्यूज रील्स

काले कपड़ों में संसद पहुंचे विपक्षी सांसद

नयी दिल्ली। मणिपुर हिंसा पर गुरुवार को भी संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। आइएनडीआइए के गठबंधन वाले विपक्ष दल के सांसद काले कपड़ों में ससंद पहुंचे। महिला सांसदों ने काली साड़ी पहन रखी थी। विरोध के बीच रुक-रुककर हुई कार्यवाही के बीच लोकसभा में दो बिल और राज्यसभा में एक बिल पास हुआ। राज्यसभा ने सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) बिल पास किया, जिसमें पायरेसी के लिए 3 साल की जेल और प्रोडक्शन कॉस्ट का 5% जुर्माने का प्रस्ताव है।

विपक्ष के सांसदों की टीम कल मणिपुर जायेगी

इंफाल। विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए के सांसदों की एक टीम 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगी। इस दौरान वे हिंसा पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इससे पहले राहुल गांधी भी मणिपुर जा चुके हैं। उधर, मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने का वीडियो वायरल होने के बाद हिंसा की घटनाएं बढ़ गयी हैं। थोरबंग और कांगवे में गुरुवार सुबह से फायरिंग हो रही है। दोनों जगहों पर मैतेई और कुकी आमने-सामने हैं।

ज्ञानवापी सर्वे पर फिलहाल रोक रहेगी, तीन को आयेगा फैसला

प्रयागराज। ज्ञानवापी के एएसआइ सर्वे मामले में इलाहाबाद हाइकोर्ट ने गुरुवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट 3 अगस्त को इस पर फैसला सुनायेगी। मसाजिद इंतजामिया कमेटी ने हाइकोर्ट में सर्वे पर रोक लगाने की याचिका दायर की थी। इससे पहले बुधवार को हाइकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना था। एएसआइ के अपर निदेशक ने हलफनामा जारी किया। बताया कि सर्वे से भवन को कोई नुकसान नहीं होगा। न ही निर्माण हटाया जायेगा।

15 सितंबर तक इडी डायरेक्टर बने रहेंगे संजय मिश्रा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को बढ़ाये जाने की केंद्र सरकार की मांग सुप्रीम कोर्ट में मंजूर हो गयी है। कोर्ट ने उन्हें 15 सितंबर तक पद पर बने रहने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि सामान्य परिस्थितियों में इसकी अनुमति नहीं दी जाती, लेकिन हम जनहित में इसे स्वीकार करते हैं। इसके आगे उनके कार्यकाल को बढ़ाने की मंजूरी नहीं दी जायेगी। पहले सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई तक उन्हें पद पर रहने का आदेश दिया था।

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से

राजभवन से वापस किये गये विधेयकों को फिर सदन में लायेगी राज्य सरकार

- खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक किया जायेगा पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

फाइल फोटो

रांची। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। यह सत्र 4 अगस्त तक चलेगा, जिसमें छह दिन बैठकें होंगी। इस दौरान हेमंत सरकार एक बार फिर से खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक विधानसभा के पटल पर लायेगी। ये उन विधेयकों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व में विधानसभा से पारित करा कर राजभवन भेजा गया था। इन विधेयकों को लेकर पूर्व में राज्यपाल के स्तर से कई बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज करते हुए सरकार को वापस लौटा दिया गया था।

राज्यपाल सचिवालय से संदेश उपलब्ध कराने का आग्रह : तत्कालीन राज्यपाल के स्तर से स्थानीय व्यक्तियों की झारखंड परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्तियों को परिणामी, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए विधेयक, 2022, भीड़ हिंसा और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक, 2021 और पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत करने संबंधी विधेयक को वापस किया गया था। पर राज्य सरकार ने इस बिषय को गंभीर मानते हुए पुनः विधेयक को विधानसभा के पटल पर रखने की योजना बनायी है। इसके लिए राज्यपाल सचिवालय द्वारा लौटाये गये इन विधेयकों को संविधान के अनुच्छेद 200 और झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-98 (1) के तहत राज्यपाल के संदेश के साथ राज्य सरकार और विधानसभा को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध राज्यपाल सचिवालय से किया है।

क्या कहता है नियम

विधानसभा से पारित किसी भी विधेयक पर राज्यपाल की सहमति के लिए राज्य सरकार द्वारा राज्यपाल सचिवालय को भेजा जाता है। विधेयक पर राज्यपाल की सहमति या असहमति होने पर राज्यपाल द्वारा उक्त विधेयक को लेकर एक संदेश भी संलग्न रहता है। राज्य सरकार के मुताबिक वापस किये गये इन विधेयकों में राज्यपाल सचिवालय द्वारा संदेश संलग्न नहीं किया गया है। राज्य सरकार इन विधेयकों को विधिवत पुनः विधानसभा में लाने के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने राज्यपाल सचिवालय से उक्त संदेश को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, ताकि सरकार इन विधेयकों को पुनः विधानसभा के पटल पर पेश कर सके।

गिरिडीह में दलित महिला को निर्वस्त्र कर पीटा

सुधीर सिन्हा

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। गिरिडीह में दलित महिला को निर्वस्त्र कर पीटा गया। उसे पेड़ से बांध कर मारा गया। गिरिडीह के सरिया थाना क्षेत्र में लोग एक महिला को घर से ले गये और उसके साथ मारपीट की गयी। उसके कपड़े उतरवा कर उसे निर्वस्त्र कर दिया गया।मामला जब पुलिस की संज्ञान में आया, तो इसकी जांच शुरू की गयी। दो लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। घायल महिला का इलाज सरिया के देवकी अस्पताल में किया जा रहा है। पीड़ित महिला ने घटना के संबंध में बताया कि बुधवार की रात अचानक कोवाडिया टोला के कुछ लोग घर पहुंचे। जबरन उसका मुंह बांध कर घर से लगभग 500 मीटर दूर जंगल की ओर ले जाकर एक पेड़ में बांध कर मारने लगे। मारपीट के दौरान उसके शरीर से कपड़े भी उतारे गये और पूरी तरह से निर्वस्त्र कर दिया गया । मारपीट की घटना के बाद महिला बेहोश हो गयी। मामले की सूचना स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस को दी गयी, जिसके बाद सरिया पुलिस ने महिला को अपनी सुरक्षा में लेकर शरीर पर कपड़े डाल कर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।



सर्राफा

सोना (बिक्री)	55,900 रु./10 ग्राम
चांदी	74,000 रु./प्रति किलो

अविश्वास प्रस्ताव पर सियासी महासंग्राम के लिए सज गया मंच

- विपक्षी गठबंधन को उसके ही हथियार से मात देने की तैयारी
- पीएम मोदी ने खुद संभाला है मोर्चा, तोड़ेंगे विपक्ष का चक्रव्यूह
- बड़ा सवाल : क्या 2018-19 का इतिहास दोहरायेगा 2023-24

2024 के लोकसभा चुनावों में अब ज्यादा वक्त नहीं है, तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का विपक्ष कोई मौका नहीं छोड़ना चाहता। इसी मकसद से विपक्ष ने एक दांव मोदी सरकार के खिलाफ चला है। वह दांव अविश्वास प्रस्ताव का है। कांग्रेस ने लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है, जिसे एनडीए बनाम विपक्षी गठबंधन की पहली लड़ाई के रूप में देखा जा सकता है। वैसे विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव से केंद्र की सरकार पर कोई असर नहीं पड़ना है। लोकसभा में भाजपा के पास पर्याप्त संख्या बल है। अभी लोकसभा में एनडीए के पास कुल 325 सदस्य हैं, जबकि अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में वोट करनेवालों की संख्या 126 तक ही सिमट जाती है। यही वजह है कि अविश्वास प्रस्ताव को लेकर भाजपा बेफिक्र है, लेकिन इस सियासी महासंग्राम की असली लड़ाई को भाजपा दूसरे स्तर पर ले जाने की तैयारी में है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद मोर्चा संभाला है। भाजपा और उसके सहयोगी अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर कांग्रेस के नेतृत्ववाले 26 दलों के गठबंधन में ही दरार लगाने की मुहिम में जुट गये हैं और यही कारण है कि चर्चा के लिए अविश्वास प्रस्ताव के मंजूर होने के 24 घंटे के भीतर ही इस पर विपक्षी दलों के बीच खटर-पटर शुरू हो गयी है। बताया जा रहा है कि विपक्षी गठबंधन के कुछ दलों के सांसद पार्टी ह्विप से बचने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए बिहार और पश्चिम बंगाल में पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। 17वीं लोकसभा के कार्यकाल के संभवतः इस अंतिम महासंग्राम पर भाजपा की तैयारियों का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर सत्तारूढ़ एनडीए पलटवार करने की तैयारी में है। एनडीए की संख्या को देखते हुए इस प्रस्ताव का नतीजा तय है, लेकिन एनडीए की कोशिश इस पर विपक्ष के नये बने गठबंधन में सेंध लगा कर इसकी कमजोरियों को उजागर करने की है। सरकार की कोशिश पांच साल पहले मोदी सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव से ज्यादा अंतर से जीत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में विपक्ष द्वारा लाया गया यह पहला अविश्वास प्रस्ताव है। इससे पहले मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में जुलाई, 2018 में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था। तब इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में सिर्फ 126 वोट पड़े थे, जबकि इसके खिलाफ 325 सांसदों ने मत दिया था। इस बार सदन का संख्या बल एनडीए के पक्ष में ज्यादा है। एनडीए के पास अपने 332 सांसदों का समर्थन है। विपक्षी गठबंधन से बाहर खड़े दलों का अगर समर्थन मिलता है तो यह संख्या और बढ़ सकती है। कांग्रेस के साथ बने विपक्षी गठबंधन के साथ लगभग 153 सांसद हैं, जबकि दोनों गठबंधनों से दूर दलों के पास 53 सांसद हैं। पांच सीटें खाली हैं। इनमें शिवसेना और एनसीपी को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। ये दोनों दल बंट चुके हैं। ऐसे में व्हिप जारी होने पर इन दलों के दोनों खेमे कैसे मतदान करेंगे, साफ नहीं है। शिवसेना के 19 सांसदों में भाजपा के साथ शिवसेना (शिंदे) के 13 सांसद हैं, जबकि शिवसेना (उद्धव) के साथ छह सांसद हैं। इसी तरह से एनसीपी के पांच सांसदों में भाजपा के साथ वाले एनसीपी (अजीत) के साथ तीन और एनसीपी (शरद) के साथ दो सांसद हैं।

भावी रणनीति को लेकर अहम

इस अविश्वास प्रस्ताव के जरिये जहां विपक्ष मोदी सरकार को घेरने की कोशिश के साथ अपनी एकजुटता, खासकर नये बने गठबंधन की ताकत को दिखायेगा, वहीं भाजपा की कोशिश विपक्षी खेमे में सेंध लगाने की है। मतदान के समय अगर इस खेमे के कुछ दल या कुछ सांसद टूटते हैं या सदन से बाहर रहते हैं, तो वह भी भाजपा के लिए काफी लाभदायक और विपक्ष के लिए नुकसानदेह हो सकता है। इसके अलावा गठबंधन से बाहर वाले विपक्षी दलों के सामने समर्थन और विरोध के साथ सदन से वाकआउट करने का भी विकल्प होगा। अगर इनमें कुछ दल भाजपा के साथ आते हैं, तो वह भी भावी रणनीति के लिहाज से काफी अहम होगा।

भाजपा की रणनीति

अब माना जा रहा है कि भाजपा इस मौके का फायदा कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए करेगी। भगवा दल विपक्ष के हथियार से ही उसको मात देने की पूरी तैयारी कर चुका है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके जरिये भाजपा विपक्ष के खिलाफ हमलावर रुख अपनाने की तैयारी में है। भाजपा अब अविश्वास प्रस्ताव के बहाने 'मोदी बनाम ऑल' से लेकर वंशवादी राजनीति जैसे मुद्दों पर विपक्ष को घेरने की तैयारी में है। पीएम नरेंद्र मोदी खुद भी विपक्ष पर हमले की मंशा जता चुके हैं। उन्होंने विपक्षी खेमे को लेकर अपनी बातों के जरिये अपनी मंशा जाहिर कर दी है।

खास बात यह है कि मानसून सत्र के दौरान विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर पीएम मोदी के बयान की मांग को लेकर संसद नहीं चलने दे रहा है। भाजपा इसे भी एक मुद्दा बनायेगी और प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में पीएम मोदी इस हथियार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे भाजपा को यह लाभ होगा कि संसदीय प्रक्रिया के प्रति विपक्ष के नकारात्मक रवैये के बारे में पूरे देश को पता चलेगा।

विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा करने की कोशिश

इतना ही नहीं, भाजपा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी गठबंधन के कुछ घटक दलों को अनुपस्थित कराने की कोशिश में भी जुटी है। अविश्वास प्रस्ताव पर पार्टी ह्विप से बचने के लिए विपक्षी गठबंधन के कुछ सदस्य मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित भी रह सकते हैं। इसके लिए बिहार, पश्चिम बंगाल और यूपी में बाकायदा तैयारी की जा रही है। अंदरखाने में तो चर्चा यहां तक है कि विपक्ष के कम से पांच सांसद मतदान के दौरान सदन से अनुपस्थित रह सकते हैं।

विपक्षी गठबंधन के सामने बड़ी चुनौती

इस तरह अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्षी गठबंधन की चुनौती आक्रामक भाजपा और नरेंद्र मोदी का मुकाबला करना भर नहीं, बल्कि अपने कुनबे को बचा कर रखने की भी है। इसमें सरकार के पक्ष और विपक्ष में जो भी वोट पड़ेंगे, वे मौजूदा सियासी समीकरण का संकेत देगा। अगर गठबंधन वोटिंग में अपनी उम्मीद के अनुरूप वोट नहीं जुटा पायेगा, तो इसे बड़ा झटका माना जायेगा। अविश्वास प्रस्ताव के दौरान बीजद और वाइएसआर कांग्रेस जैसे दलों पर भी नजर रहेगी, जो संसद में अधिकतर मौकों पर भाजपा के साथ दिखे हैं।

इतिहास दोहराने की चर्चा

सियासी समीकरणों के साथ भाजपा इस मुद्दे पर मनोवैज्ञानिक हथियार का भी इस्तेमाल कर रही है। वह 2018 के अविश्वास प्रस्ताव की चर्चा कर विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना चाहती है। पिछले इतिहास को देखा जाये, तो यह दांव विपक्ष को ही भारी पड़ सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि 2018 में भी विपक्ष ने कुछ ऐसी ही एक कोशिश मोदी सरकार के खिलाफ की थी, जिसमें सरकार का तो कुछ बिगड़ा नहीं, लेकिन उसके बाद अगले चुनावों में देश की जनता का विश्वास विपक्ष से उठ गया था।

क्या हुआ था 2018 में

16वीं लोकसभा में 20 जुलाई 2018 को विपक्ष की तरफ से केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इस अविश्वास प्रस्ताव पर तकरीबन 11 घंटे की बहस हुई थी। वोटिंग का समय आया तो अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ 325 वोट पड़े थे, जबकि समर्थन में महज 126 वोट ही आये। लिहाजा सदन में मोदी सरकार ने अपना बहुमत साबित किया। उस समय विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिर गया था, लेकिन इसके कुछ महीनों के बाद 2019 में लोकसभा के चुनाव फिर से हुए थे, तो जनता ने भाजपा पर भरोसा किया था। 2014 के मुकाबले 2019 में भाजपा को और भी मजबूत जनादेश मिला। 2014 में भाजपा को 282 सीटें मिली थीं और वह देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी। एनडीए के खाते में कुल 336 सीटें आयीं, जो बहुमत से काफी ज्यादा रहीं। 2014 में कांग्रेस को 44 सीटें ही मिलीं, तो यूपीए की कुल संख्या 59 तक सीमित रही। 2019 में भाजपा ने अकेले ही 303 सीटों पर कब्जा किया था और एनडीए को कुल 353 सीटें मिलीं। 2019 में कांग्रेस के खाते में 52 सीटें गयीं, तो यूपीए का कुल आंकड़ा एक सौ से नीचे 92 सीटों पर ही सिमट गया था। 26 जुलाई 2023 को कांग्रेस की तरफ से लाये गये अविश्वास प्रस्ताव की बात करें तो पिछले ट्रेंड को देखते हुए यह भी माना जा सकता है कि कहीं न कहीं विपक्ष ने 2024 चुनाव के लिए खुद प्रधानमंत्री मोदी के लिए पिच तैयार कर दी है।

लोहा लदे वाहनों में फर्जी पेपर लगानेवाला कारोबारी रामगढ़ का लगा रहा है चक्कर

- फर्जी पेपर कारोबारी ने प्राइवेट चालक के साथ की पटेल चौक के होटल में बैठक
- प्राइवेट चालक का दावा, मेरे साहब के संपर्क में हैं बड़े अधिकारी, सिस्टम बनाओ नहीं तो होगी दिक्कत!
- गाड़ी पकड़ने और जब्त वाहनों को छोड़ने में मदद के नाम पर अब तक वसूल चुका है लाखों रुपये!

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इंगोट लदे वाहनों को रामगढ़ और हजारीबाग पार करने में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए आपको एक मजबूत सिस्टम बनाना होगा। सिस्टम तो आप समझ ही रहे होंगे। क्योंकि आप एक कारोबारी हैं। अगर आपको कारोबार में थोड़ी भी ऊंच-नीच करनी है, तो मेरे साहब के संपर्क में रहिए। क्योंकि मेरे साहब के संपर्क में कई जिले के अधिकारी हैं। खासकर आपको रामगढ़ और हजारीबाग के लिए थोड़ा भी नहीं सोचना है। ऊपर की लाइनें पढ़ कर आपको अटपटा लग रहा होगा, लेकिन इन सब बातों का एक अलग महत्व है। क्योंकि एक पुलिस अधिकारी का शागिर्द प्राइवेट चालक है, जो सिस्टम को मैनेज करने का दंभ भर रहा है।

होटल में हुई डील, मेरे साहब की है सिस्टम पर मजबूत पकड़, माथा पकड़ा प्रधान ने!

जी हां, यह वाक्या 25 जुलाई की शाम 4 बजे का है। रामगढ़ पटेल चौक के निकट एक वीआइपी होटल है। उसमें मथुरा का फर्जी पेपर कारोबारी प्रधान नामक व्यक्ति सफेद रंग के फूल क्रीजदार कुर्ता पैजामा पहने उक्त होटल में पहुंचता है। कुछ मिनट बाद प्राइवेट चालक चार पहिया वाहन से पहुंचता है, जिसके बाद दोनों की मुलाकात होती है। फिर क्या था। प्राइवेट चालक अपने साहब की गुणगान कर रेट भाव में जुट जाता है और ऊपर लिखे सभी लाइनों को बार-बार दोहराता है। दोनों के बीच घंटों बातचीत होती है। प्राइवेट चालक की लंबी-लंबी बातें सुन कर कुछ रुपया हाथ में पकड़ा कर दुबारा मिलने की बात बोल कर कारोबारी अपनी स्विफ्ट गाड़ी से निकल गया। पूरे घटनाक्रम की जानकारी एक लोहा कारोबारी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया है। उसने बताया कि कारोबारी को कुछ समझ नहीं आ रहा है। आखिर किसकी शह पर प्राइवेट आदमी पूरे सिस्टम को ही सेट करने की बात बोल रहा है। इधर सूत्रों ने बताया कि कारोबारी से केस के नाम पर अब तक लाखो रुपये वसूले गये हैं।

टेरर फंडिंग मामले में महेश अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर हाइकोर्ट में अब दूसरी बेंच में होगी सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आधुनिक पावर कंपनी केतत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर अब हाइकोर्ट के दूसरी बेंच में सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की खंडपीठ ने इस मामले को दूसरे बेंच में भेजने का निर्देश दिया। रांची की एनआइए कोर्ट ने महेश अग्रवाल के डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

देव प्रिया बनीं हजारीबाग की उप निर्वाचन पदाधिकारी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने नौ जिलों में उप निर्वाचन पदाधिकारी के पदों पर पदस्थापना संबंधी नोटिफिकेशन जारी किया है। मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक देव प्रिया (झाप्रसे) को हजारीबाग का उप निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। हीरा कुमार (झाप्रसे) को कोडरमा, धीरेंद्र कुमार (झाप्रसे) को बोकारो, विनय प्रकाश तिग्गा (झाप्रसे) को सिमडेगा, सुषमा लकड़ा (झाप्रसे) को पलामू, अमित कुमार (झाप्रसे) को लातेहार, रविंद्र कुमार (झाप्रसे) को रामगढ़ में उप निर्वाचन पदाधिकारी के तौर पर पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा संजय कुमार (झाप्रसे) को उप निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड (मुख्यालय) के पद पर पदस्थापित किया गया है।

मिड डे मील घोटाला मामले में तीन आरोपितों के खिलाफ आरोप गठन 1 अगस्त को

रांची (आजाद सिपाही)। मिड डे मील में करोड़ों रुपये की राशि के घोटाले के आरोपित संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ 1 अगस्त को आरोप गठित होगा। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया। अदालत ने इस केस से जुड़े सभी आरोपितों को सशरीर कोर्ट में उपस्थित रहने को कहा है। इससे पहले सीबीआइ कोर्ट तीन अभियुक्तों के खिलाफ आइपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप गठित कर चुकी है।

हर्ष जोहार पाठ्यक्रम के जरिये आत्म विकास की ओर अग्रसर हैं सरकारी स्कूल के बच्चे

- 80 उत्कृष्ट विद्यालय और 5 जिलों के 60 स्कूलों में लागू है पाठ्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य में शुरू हुए उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चे हर्ष जोहार के जरिये अब अपने पाठ्यक्रम के महत्व के साथ-साथ रचनात्मकता और भावनात्मक तर्क विकसित करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। राज्य सरकार ने कक्षा एक से कक्षा 12 तक की आवश्यकता और सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर इसको शुरू किया है। हर्ष जोहार पाठ्यक्रम का उद्देश्य राज्य के बच्चों को नकारात्मक भावनात्मक अनुभवों से उबरने की कला सीखना, जटिल समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने में सक्षम बनाना, आत्म विकास के लिए उनके प्रयास को बल देना, एक दूसरे से सकारात्मक संबंध बनाने और दूसरों के प्रति सहानुभूति के महत्व को समझाना है।

पांच जिलों में है लागू

हर्ष जोहार सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और राज्य के पांच जिलों चतरा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह और दुमका के अन्य 60 स्कूलों में विगत दो साल से चल रहा है। आनेवाले दिनों में झारखंड के सभी प्रखंडों में 360 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बच्चे हर्ष जोहार से जुड़ेंगे। राज्य सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालय में से प्रत्येक से दो शिक्षकों का प्रशिक्षण हर्ष जोहार के लिए पूरा हो चुका है।

झारखंड की संस्कृति की झलक

हर्ष जोहार पाठ्यक्रम में झारखंड के प्रासंगिक क्षेत्र और संस्कृति की झलक है। इसमें लोक कथाओं, वास्तविक अनुभवों, क्षेत्रीय गतिविधियों को एकीकृत किया गया है। इस पाठ्यक्रम को बदलते समय के अनुरूप नये तरीके से डिजाइन किया गया है, जो हमेशा खुश रहने की गतिविधियों से शुरू होगा। साथ ही संकल्पना और अभिव्यक्ति के साथ समाप्त होगा। हर्ष जोहार का शत-प्रतिशत लाभ बच्चों को देने के लिए सभी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शिक्षकों और हेड मास्टर के प्रशिक्षण की एक श्रृंखला इस शैक्षणिक वर्ष से शुरू की जायेगी, जो प्रशिक्षण हर्ष जोहार पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	28.6 °C	23.0 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.34 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.17 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

'लाल सलाम' के नारे के साथ माकपा नेता सुभाष मुंडा को दी गयी अंतिम विदाई

गम और गुस्से के बीच किया गया अंतिम संस्कार

- बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेता हुए शामिल
- माकपा ने तीन दिन तक शोक मनाने का किया एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। माकपा नेता सुभाष मुंडा को गुरुवार को गम और गुस्से के बीच 'लाल सलाम' के नारे के साथ अंतिम विदाई दी गयी। उनके सम्मान में अगले तीन दिनों तक पूरे राज्य के माकपा कार्यालयों में लाल झंडा झुका रहेगा। माकपा की राज्य कमिटी के सदस्य सुभाष मुंडा के पार्थिव शरीर को सुबह सात बजे पार्टी के मेन रोड स्थित राज्य कार्यालय ले जाया गया, जहां राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, आदिवासी अधिकार मंच के प्रफुल्ल लिंडा, दलित शोषण मुक्ति मंच के शिव बालक पासवान, किसान सभा के सुफल महतो, वीरेंद्र कुमार, भाकपा के अजय सिंह, माले के मनोज भक्त, सीटू के अनिर्वाण बोस, एक्टू के शुभेंदु सेन, साझा मंच के अमल आजाद, एडवा की वीणा लिंडा, पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य गोपीकांत बख्शी सहित पार्टी के सदस्यों ने सुभाष मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

निवास स्थान से निकली शवयात्रा

पार्टी कार्यालय से सुभाष मुंडा के पार्थिव शरीर को दलादली चौक ले जाया गया। वहां हजारों की संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महिलाओं की आंखें नम थीं। वहीं युवा स्तब्ध थे। करीब 12 बजे सुभाष मुंडा के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान ले जाया गया। इसके बाद दोपहर दो बजे सुभाष मुंडा की शवयात्रा निकाली गयी। शवयात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इसके बाद सुभाष मुंडा का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाकपा (माले) के विधायक विनोद सिंह, हटिया के विधायक नवीन जयसवाल समेत वाम दलों औरअन्य राजनीतिक पार्टियों के कई नेता सुभाष मुंडा को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित रहे।

कौन थे सुभाष मुंडा

सुभाष मुंडा के दादाजी सुकरा मुंडा भारतीय सेना में थे। युद्ध के दौरान उन्होंने अपने पैर खोये थे। वह भी माकपा के सदस्य रह चुके हैं। सुकरा मुंडा के बाद उनके बेटे ललित मुंडा ने और उसके बाद सुभाष मुंडा ने माकपा का दामन थामा। वर्ष 2019 में माकपा से उन्होंने चुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें 13 हजार वोट मिले थे। उन्होंने मांडर उप चुनाव भी लड़ा था। वह तेज-तर्रार युवा नेता थे। सुभाष मुंडा पिछले 12-13 वर्षों से माकपा के साथ जुड़े हुए थे। मजदूरों, दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए उन्होंने अपनी आवाज को बुलंद की थी।

अक्षमता के कारण झारखंड में अराजकता की स्थिति : रघुवर

भाजपा के उपाध्यक्ष रघुवर दास ने भी ट्वीट कर हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, राजधानी रांची में एक बार फिर अपराधियों ने सरकार को खुली चुनौती दी है। इनकी हिम्मत इतनी बढ़ गयी है कि ऑफिस में घुस कर आदिवासी नेता को गोलियों से भून दिया। हेमंत सरकार की अक्षमता के कारण आज राज्य में अराजकता की स्थिति बन गयी है। मुख्यमंत्री जी को राज्य की नहीं, केवल राजनीति की चिंता है। अपने प्रतिद्वंद्वियों को झूठे केस में कैसे फंसाया जाये, राजनीतिक लाभ के लिए लोगों से क्या-क्या झूठ बोला जाये, पैसे की वसूली कैसे हो, इन्हीं चीजों में यह सरकार लिप्त है, तो अपराधी बेलगाम क्यों नहीं होंगे।

तेज-तर्रार अधिकारियों को तैनात किया जाये : बाबूलाल मरांडी

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हत्याकांड को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री एक ओर विधि-व्यवस्था को लेकर बैठक करते हैं, पुलिस अधिकारियों को चेतावनी देते हैं। दूसरी ओर राजधानी रांची में माकपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके सुभाष मुंडा की सरेआम गोली मार कर हत्या कर दी जाती है। सरेआम की गयी यह राजधानी रांची और पूरे झारखंड की विधि-व्यवस्था की असलियत है। जब तक घूसखोर पुलिस अधिकारियों को हटा कर तेज-तर्रार अधिकारियों की तैनाती नहीं की जायेगी, तब तक विधि-व्यवस्था नहीं सुधरेगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारियों का ध्यान अवैध खनन पर है। अधिकारी अपने राजनीतिक आकाओं के गलत और पूर्वाग्रहपूर्ण हुक्म की तामील करते हैं। ऐसे में विधि-व्यवस्था कैसे सुधरेगी। उन्होंने आशंका जाहिर करते कहा कि जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया गया है, वह कोई पेशेवर अपराधी ही कर सकता है। ऐसे में पुलिस और प्रशासन को उन पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि दुखद स्थिति यह भी है कि सरकारी नौकरी, बिजनेस या किसी फील्ड में आगे बढ़ रहे जनजाति समाज के लोग अपराधियों के निशाने पर आ रहे हैं। यह गंभीर विषय है। काफी निराशाजनक तस्वीर है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

48 घंटे में अपराधियों को पकड़ने का दिया अल्टीमेटम

मरांडी ने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री का दंभ भरने वाले हेमंत सोरेन की सरकार में राज्य का आदिवासी असुरक्षित है। आये दिन राज्य के होनहार आदिवासी युवक युवतियों की हत्या हो रही है। इस सरकार की शुरुआत ही आदिवासियों की हत्या से हुई है। आये दिन आदिवासी बहन-बेटियों के साथ दुष्कर्म हो रहा है, उनकी हत्या हो रही है। जिस शातिराना अंदाज में सुभाष मुंडा की हत्या की गयी है, उसकी जांच तत्काल शुरू की जाये। पुलिस को तुरंत एक्शन में आकर अपराधी को पकड़ना चाहिए। उन्होंने घटना में संलिप्त अपराधियों को 48 घंटे के भीतर पकड़ने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस स्व सुभाष मुंडा मोबाइल कॉल डिटेल अपराधियों तक पहुंचने में सहायक हो सकता है। इसलिए पुलिस को इस पर गंभीरता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में स्व सुभाष मुंडा से पहले होनहार दारोगा रूपा तिर्की, संध्या टोपनो, उमेश कच्छप जैसे आदिवासी युवक-युवतियों की हत्या हो चुकी है। मरांडी ने कहा कि दुर्दांत अपराधी जेल से ही अपने गुर्गों को दिशा निर्देश दे रहे हैं। इसलिए ऐसे जेल में बंद अपराधियों को भी राज्य सरकार बाहर भेजे।

इंटू-चिंटू के इशारे पर हो रही ट्रांसफर-पोस्टिंग

सोशल मीडिया के जरिये भी बाबूलाल मरांडी ने सुभाष मुंडा की हत्या को लेकर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि रांची महानगर में आये दिन आदिवासियों की जमीनों पर अवैध कब्जे की खबरें आती हैं। आदिवासी उत्पीड़न के सैकड़ों मामले आते रहते हैं। कल भी एक आदिवासी नेता की हत्या कर दी गयी। पूरे रांची महानगर में थाना प्रभारी बनाने के लिए सीएम को एक भी आदिवासी पुलिस ऑफिसर नहीं मिला। या फिर आदिवासी पुलिस ऑफिसर आपके सीएम हाउस कमांड पेड ट्रांसफर पोस्टिंग सिस्टम के शिकार हैं। बाबूलाल के मुताबिक जब राजधानी रांची की पुलिस व्यवस्था और सिपाही, दारोगा से लेकर ऊपर तक की ट्रांसफर-पोस्टिंग का धंधा इंटू-चिंटू जैसे अयोग्य और अज्ञानी लोगों के डायरेक्शन पर चलेगा, उग्रवादियों की तरह सत्ताधारी लोग असामाजिक तत्वों, अपराधियों से लेवी-चंदा लेंगे, तो अपराध आखिर कैसे रुकेगा?

सुभाष मुंडा के परिजनों को ढाढ़स बंधाया

इससे पहले बाबूलाल मरांडी मारे गये माकपा नेता सुभाष मुंडा के आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत नेता के परिजनों से मिल कर उन्हें ढाढ़स बंधाया।

हाइकोर्ट के रिटायर जज से करायी जाये जांच : राजेंद्र प्रसाद



मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सुभाष मुंडा हत्याकांड की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही सरकार से इस हत्याकांड की जांच हाइकोर्ट के किसी सेवानिवृत्त न्यायधीश से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए अच्छी सोच रखनेवाले समाजसेवियों की साजिश के तहत हत्या कर दी जा रही है। व्यवसाय से जुड़े लोगों का भी यही हाल है। पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार को खुली छूट देनी चाहिए।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड वन

वन है तो जीवन है

74वां वन महोत्सव, 2023

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्रीमती महुआ माजी
माननीया सदस्य, राज्यसभा
श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा रांची

गरिमामयी उपस्थिति
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा

दिनांक - 28.07.2023 | समय - अपराह्न 01:00 बजे
स्थान - ट्रेनिंग ग्राउंड, खोजाटोली (कुटियातु चौक)
नामकुम, रांची

P.R. 303473 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

सड़क दुर्घटना में युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के सीमावर्ती इलाके बरही में बीती रात सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायल की पहचान गिरिडीह जिले के घोरथंबा निवासी विक्की पंडित उम्र 27 वर्ष पिता उमेश पंडित के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज घायल युवक ने बताया कि वह अपनी बाइक से रांची से घोरथंबा लौट रहा था। इस दौरान बरही के समीप वह दुर्घटना का शिकार हो गया। इसके बाद एक बस ड्राइवर ने उसे घायल अवस्था में सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया।

मोहर्रम की सातवीं पर कई खेलों का प्रदर्शन

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय मरकचो समेत विभिन्न मुस्लिम बहुल गांवो स्थित कर्बला में मोहर्रम की सातवीं तारीख को काफी संख्या में अकीदत मंद जमा हुये। इस मौके पर दिनभर फातिहाखानी का सिलसिला जारी रहा। प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में सुबह 6 बजे से ही लोगों का हुजूम पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी के लोग कर्बला पहुंचे। यहां कई लोग मन्नते पूरी होने पर फातिहाखानी सामग्री पकाने में मशगूल दिखे। मोहर्रम की सातवीं तारीख को प्रखंड मुख्यालय के सरकारी दरगाह समेत नादकरी, शाहगंज, कर्बला नगर, दूधअहरी, महूंगाय, लोहड़ियो, नावाडीह, मंझला नगर, मुरकमनाय के इमामबाड़ों और दरगाहों में केला कटाई और पैकर बांधने की रस्म पूरी की गयी। वहीं देर रात शाहगंज, करबला नगर, चौक मुहल्ला से अखड़ा निकाला गया जो विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए दरगाह मुहल्ला पहुंची जहा घंटो जबाज खिलाड़ियों के द्वारा तलवार, बाना, लाठी, भाला, फरसा का जोखिम भरा हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन किया। मौके पर डोमचांच अंचल निरीक्षक अवधेश सिंह, थाना प्रभारी लव कुमार, एस आई उत्तम कुमार बैध, एस एन शर्मा, गोविंद सिंह, एएसआई एमएम शर्मा, के अलावे हाजी अब्दुल रज्जाक, बीस सूत्री अध्यक्ष रिंकू सिंह, तोकीर अहमद, मकबूल आलम, जावेद मस्तान, इनामूल शेख, अल्ताफ आलम, आजाद शेख, हारून शेख, मो नोसाद, मिन्हाज अंसारी, अबुल अंसारी, साकिर अहमद, एरकान शाह, समसाद आलम, साबिर अली, मो सोहराब, सरफराज आलम आदि लोग मौजूद थे।

महुआ शराब के साथ चार लोग गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया पुलिस व उत्पाद विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तिलैया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से 30 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 4 लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में विकास कुमार, मुन्ना कुमार, विदेश दास व संतोष नायक शामिल है। गुप्त सूचना पर एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बुधवार को देर शाम थाना प्रभारी विनोद कुमार व उत्पाद विभाग के संयुक्त टीम ने गश्ती के दौरान गझंडी रोड से मोटरसाइकिल (जेएच 12 ए 1029) सवार दो युवक विकास कुमार व मुन्ना कुमार को गिलन में भरा 25 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। वही झलपो रोड से एक युवक विदेश दास व गांधी स्कूल रोड के हरली रोड संतोष नायक को गिरफ्तार किया।

विधायक ने किया लाखों की योजनाओं का शिलान्यास

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम कुशाहन में केंद्र प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य विभाग के अधीन उप स्वास्थ्य केंद्र, हीरोडीह पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय घंघरी का चारदीवारी और मेन गेट का निर्माण, हीरोडीह पंचायत के छोटकी हीरोडीह और बड़की हीरोडीह में कल्वर्ट और गार्डवाल का विधिवत पूजा अर्चना कर विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया। मौके पर मुखिया संगीता कुमारी, संवेदक रंजीत सिंह भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, भाजपा जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री यमुना यादव, विनय सिंह, दिनेश चौधरी, मनोहर यादव, राहुल कुमार मोदी, अर्जुन यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अर्जुन चौधरी, शशि पांडेय, मनोज चौधरी, महादेव मोदी, संतोष मोदी, लक्ष्मण यादव, लेखो यादव, सुजीत यादव, मुन्ना मोदी, केदार मोदी, संजय मोदी, अशोक शर्मा, अशोक यादव, किशोर यादव, परमानंद गिरी, नागो साव, महेंद्र यादव सहित गणमान्य और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

कोडरमा में जिला परिषद बोर्ड की बैठक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय में डीडीसी सभागार में जिला परिषद बोर्ड की बैठक जिप अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला परिषद मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी मुख्य रूप से मौजूद थे। बैठक में पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन को लेकर संबधित विभाग को निर्देश दिया गया। बैठक में 15 वें वित्त आयोग के तहत जिप सदस्य आबद्ध और अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत 30-30 लाख की योजना की अनुशंसा करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाया गया। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना के तहत संवेदक को कार्य आदेश निर्गत किया जा चुका है, जिसकी सूची उपलब्ध करा दी गयी। झुमरीतिलैया तिलैया थाना के सामने जिला परिषद की खाली जमीन पर मार्केट काम्प्लेक्स और बगड़ो स्थित मार्केट काम्प्लेक्स के लिए डीपीआर तैयार कर तकनीकी अनुमोदन हेतु मुख्य अभियंता कार्यालय को भेज दिया गया है। तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई की जायेगी। सीएसआर मद के तहत 10 अदद सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने के लिए निविदा निकालने के बाद वर्क आर्डर देने पर बोर्ड ने मुहर लगायी। चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पीएचईडी विभाग के बगल में खाली जमीन पर मार्केट काम्प्लेक्स बनाने, डोमचांच प्रखंड के नवलशाही स्थित सरकारी भूमि को जिला परिषद को हस्तांतरित करने का निर्देश अंचल कार्यालय को दिया गया। जबकि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्रखंड में विवाह भवन की सूची और मरम्मती को लेकर सूची मांगी गयी। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि जिले में विकास योजनाओं को जमीन पर उतारा जा रहा। जिप बोर्ड सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है, आनेवाले दिनों में परिणाम देखने को मिलेगा। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि बोर्ड की बैठक में लिए जा रहे प्रस्ताव पर कार्यवाही तेज गति से की जा रही है। बैठक में केदारनाथ यादव, महादेव राम, शांति प्रिया, नीतू यादव, नीतू कुमारी, गुड़िया कुमारी, लक्ष्मण यादव, महेंद्र यादव, रीता देवी, प्रमुख सत्यनारायण यादव, अंजू देवी, विजय सिंह, ललिता देवी, मंजू देवी के अलावे सांसद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह समेत संबधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

छोटे भाई की पत्नी को किया घायल

सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बाबाद पंचायत ग्राम पेल्हनी में घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट में बड़े भाई ने छोटे भाई की पत्नी को मारपीट कर चूल्हे में जल रहे आग से जला कर घायल कर दिया। घायल महिला कविया देवी (30 वर्ष) और पति अमृत राय (35 वर्ष पिता प्रयाग राय) घायल हो गए। मामले को लेकर अमृत राय ने बताया कि बुधवार की देर रात आपसी कहासुनी में झगड़ा हो गया जिसमें चंदन राय ने अपने छोटे भाई को मारपीट कर एक कमरे में बंद कर दिया तथा घर के चूल्हे पर खाना बना रही उसकी पत्नी कविया देवी को मारपीट कर चूल्हे के आग से जलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कविया देवी के द्वारा चीखने चिल्लाने के बाद ग्रामीण वहां पहुंचे जहां कविया देवी हाथ छुड़ाकर वहां से भाग निकली। ग्रामीणों व परिजन के मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर कर दिया गया। इस घटना को लेकर अमृत राय ने अपने भाई व भाभी के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन दी है और कार्रवाई की मांग की है।

बरसोत में एटीएम और गाड़ी को ले उड़े चोर

प्रभाकर पाठक

बरही (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बरसोत में शटर तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा एटीएम मशीन सहित सवारी वाहन की चोरी होने की घटना प्रकाश में आया है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार बुधवार मध्य रात्रि बरसोत निवासी मनोज प्रसाद उर्फ मणिलाल के घर पर भाड़े में चल रहे एसबीआइ बैंक का एटीएम मशीन सहित उसके निजी एक सवारी वाहन को भी चोरों ने चोरी कर लिया है। जबकि एटीएम मशीन के रूम में चार सीसी कैमरे लगे थे और एक सीसी कैमरा एटीएम मशीन रूम के बाहर शटर के ऊपर लगा था। सीसी कैमरे के फुटेज के अनुसार चोर रात्रि 12:20 बजे एटीएम में दो व्यक्ति प्रवेश किया उसके बाद चोरों ने एटीएम मशीन के रूम के अंदर लगे सीसी कैमरे को किसी स्प्रे से धुंधला कर दिया है। मकान मालिक मनोज प्रसाद उर्फ मणिलाल का कहना है कि बीते रात्रि 11:00 बजे तक ऐसा कुछ भी नहीं हुआ था। जब हम लोग सो गए हैं तो चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। सुबह उठने के बाद चोरी होने की घटना का पता चला जिसकी जानकारी बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी को दिया। मुखिया मोतीलाल ने दूरभाष के माध्यम से बरही प्रशासन को अवगत कराया। जिसके बाद एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नजीर अख्तर और पुनि सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एटीएम में 18 लाख ग्यारह हजार पांच सौ रुपए थी जिसको चोरों ने हाथ साफ कर लिया।

प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक के भरोसे नौनिहालों का भविष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

चौपारण। चौपारण प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय दर्जीचक प्रखंड मुख्यालय से 20 किमी दूर रामपुर पंचायत के ग्राम दर्जीचक में संचालित राजकीय प्राथमिक स्कूल दर्जीचक का स्थापना सन 2000 में किया गया था। स्थापना काल मे पंचायत के ही दो शिक्षित युवक को पारा शिक्षक के रूप में ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा शिक्षित बेरोजगार बैजनाथ पासवान और महफूज आलम को पारा शिक्षक के रूप में चयनित किया गया, दोनों पारा शिक्षकों ने मेहनत कर दर्जीचक सहित आसपास के गांव-टोला के बच्चों को नामांकन करवा कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा थे देते वहीं अपनी तैयारी भी किया और दोनों पारा शिक्षकों ने टेट पास किया इसके बाद बैजनाथ पासवान टेट पास के आधार पर दिसंबर 2015 में शिक्षक बहाली में धनबाद जिला में पदस्थापित हो गए और महफूज आलम वर्तमान समय में मध्य विद्यालय हपवा में पदस्थापित है। दोनों पारा शिक्षक सरकारी शिक्षक बन जाने के बाद प्राथमिक विद्यालय दर्जीचक में शिक्षक का पद खाली हो गया। इसके बाद निवर्तमान बीइइओ ने जनवरी 2016 में मध्य विद्यालय रामपुर के पारा शिक्षक बलभद्र राम की प्रतिनयुक्ति उक्त विद्यालय में की गयी। ग्रामीणों के द्वारा कई बार बीआरसी और जिला में दो-तीन शिक्षक और प्रतिनियुक्त करने के लिए आवेदन दिया। इसके बाद भी सात साल बीतने के बाद आज तक शिक्षक नही दिया गया। जिससे एक शिक्षक पढ़ाई के साथ कार्यालय के काम करना पड़ रहा है। सहायक अध्यापक बलभद्र राम ने बताया कि पहला में 17, दूसरा में 16, तीसरा 29, चौथा में 29 और पांचवां में 19 कुल 110 बच्चे नामांकित है। जिसमें हर दिन 70 से 75 प्रतिशत उपस्थिति रहती है। एक शिक्षक रहने के कारण आवश्यक प्रशिक्षण और बैठक में भाग नही ले पाते हैं। जिससे सरकार की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का प्रशिक्षण से वंचित रहना पड़ता है। जिसका कारण है कि 110 बच्चे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। ऐसे विषम प्रिस्थितियों में बच्चों के बौद्धिक विकास और गुणवतापूर्ण शिक्षा दे पाना मुस्किल है वहीं बच्चों के बेहतर भविष्य की कल्पना करना मूर्खता पूर्ण है। विभाग को अविलंब शिक्षकों की प्रतिनयुक्ति कर बच्चों के बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए।

इचाक-नगवां वाया साड़म-चंदवारा पथ गड्ढों में तब्दील
गांव के लोग जान जोखिम में डाल कर रहे आवागमन

दीपक सिंह

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जनता अपना प्रतिनिधि इसलिए चुनती है की उनके क्षेत्र का विकास के साथ उनकी समस्याओं का समाधान भी हो सके। मगर जब जनप्रतिनिधि ही क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान न दे तो फिर जनता भगवान भरोसे ही हो जाती है। इचाक प्रखंड के भूसाई, साडम, चंदवारा, टेप्सा, पारटाड, और धरमू के ग्रामीण जनप्रतिनिधि और विभाग के उदासीन रवैया का खामियाजा भुगत रहे हैं। इन छह गांवो के आवागमन का मुख्य पथ इचाक टू नगवां भाया साडम चंदवारा पथ आज जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है और गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिसपर आवागमन खतरे से खाली नहीं है। पूरे सड़क में एक से डेढ़ फिट गड्ढा बन गया। आए दिन सड़क से आवागमन करने वाले गिर कर घायल होते रहते हैं। इस सड़क का निर्माण 11 वर्ष पूर्व आरइओ विभाग से करवाया गया था, उसके बाद विभाग ने इस सड़क को पलट कर देखना भी मुनासिब नहीं समझा। इस सड़क की लंबाई लगभग साढ़े 5 किलोमीटर है। जो सदर प्रखंड के नगवां को इचाक प्रखंड से जोड़ती है। साथ ही यह सड़क सदर विधानसभा और बरकट्ठा विधानसभा को भी आपस में जोड़ती है। मगर इस सड़क की ओर न तो स्थानीय सांसद का ध्यान है और ना ही स्थानीय विधायक का और नाही विभाग का।

सड़क निर्माण को लेकर मंत्री, सांसद, विधायक, जीप चेयर मैन को पूर्व में सौंपा गया है ज्ञापन

सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह, सचिव दीपक सिंह, उपाध्यक्ष संतोष प्रसाद मेहता, कुमार संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष विनय मेहता, संजय कुमार मेहता उर्फ गांधी, आलोक सिंह, मनोज सिंह, अनिल मेहता, महेंद्र मेहता, योगेंद्र मेहता समेत दर्जनों ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल ग्रामीण विकास मंत्री आलमगिर आलम, सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव और जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता से मिल ज्ञापन सौंप सड़क निर्माण करवाने का गुहार लगा चुका है, मगर अभी तक सड़क निर्माण अधर में लटका है। इसको लेकर कई बार आंदोलन भी किया गया और बीच सड़क में धन रोपनी भी कर विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया मगर सड़क का निर्माण नहीं हो पाया।

झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति ने की मणिपुर घटना की भर्त्सना

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति की बैठक बड़कागांव में हुई। इसकी अध्यक्षता मिथिलेश कुमार महतो ने किया. जबकि संचालन नकुल महतो ने किया। बैठक में मणिपुर मामले को लेकर कड़ी भरत्सना की गयी। वक्ताओं ने कहा कि सरकार और सुप्रीम कोर्ट इस पर कानूनी कार्रवाई जल्द करें। अन्यथा हम लोग भी यहां से आंदोलन करेंगे। झारखंडी भाषा खतीयानी संघर्ष समिति के नेता नकुल महतो के नेतृत्व में झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति मे विभिन्न दलों को छोड़कर 60 कार्यकर्ता शामिल हुए। जिनमें से अधिवक्ता विक्रम कुमार, राहुल कुमार, छोटू गंझू, पवन कुमार, टुसु कोयरी, लखपतिया देवी, सुषमा देवी, सुषमा एक्का, जस फुल कर-केट्टा, अनीता गंझू, सुनीता देवी, सुनैना कुमारी, उर्मिला कुमारी, सहदेव गंझू समेत 60 लोगों ने जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर नकुल मेहता ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 23 वर्ष हो गया लेकिन आज तक मूल झारखंड वासियों को पूर्ण रूप से अधिकार नहीं मिला.हम लोगों ने कई पार्टियों को देखा, लेकिन सभी ने धोखा दिया। झारखंड के मूल निवासियों के हक अधिकार के लिए जयराम महतो ने 1932 की खतियान को लेकर जो मुद्दा उठाया है, उससे प्रतीत होता कि हम सभी झारखंड के लोगो के लिए कल्याण होगा। यदि हम और आप जय राम महतो के बातों पर अमल नहीं करेंगे, 1932 खतियान लागू नहीं होगा तो एक दिन मणिपुर की तरह झारखंड में भी घटना घट सकता है। इसका उदाहरण है बरका गांव में एनटीपीसी के साथ कई कंपनियां आ चुकी है।

नवविवाहिता की संदेहास्पद मौत के बाद भड़के परिजन
ससुराल में की तोड़फोड़, घर के लोग फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के झुमरी में एक विवाहिता के संदेहास्पद स्थिति में मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा मचाया और विवाहिता के ससुराल में जाकर तोड़फोड़ की। विवाहिता की मौत के बाद उसके ससुराल वाले फरार हो गए। मायके वालों को यह सूचना मिली थी उनकी बेटी अंजलि ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, लेकिन जब उसके परिजन उसके ससुराल पहुंचे तो पाया कि अंजली के गले में निशान है और उसका शव बिस्तर पर पड़ा हुआ है। इसी साल 11 मार्च को चाराडीह के पुतो की रहने वाली अंजली का विवाह सुमन उर्फ अनु से हुआ था। शादी के महज 4 महीने के बाद ही विवाहिता की मौत से उसके परिजनों में उबाल है। परिजनों के अनुसार काफी दान दहेज देकर अंजली का विवाह सुमन से कराया गया था, लेकिन शादी के बाद यह बात पता चली की सुमन मुंबई में किसी और लड़की को अपने साथ रखे हुए है। बहरहाल विवाद शुरू हो गया। इसे लेकर कई बार पंचायत भी की गई और सुलह कराने का प्रयास भी किया गया। पंचायत में सुलह के बाद 5 दिन पहले ही अंजलि अपने मायके से ससुराल आई थी और आज उसका शव ससुराल में संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया। लोगों के हंगामे को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को बुलाया गया और काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस को शव उठाने दिया। लोगों की माने तो अंजलि ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर उसे आत्महत्या का स्वरूप दिया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है और मृतका के फरार ससुराल वालों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

माकपा नेता की हत्या पर वामदलों ने की शोकसभा

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सीपीएम के झारखंड राज्य कमेटी के सदस्य और भारत की जनवादी नौजवान सभा के नेता कामरेड सुभाष मुंडा के जघन्य हत्या के विरोध में स्थानीय सीपीआइ ऑफिस में वामदलों द्वारा शोक सभा किया गया। सभा की अध्यक्षता गणेश कुमार सीटू ने किया। जिसमें हजारीबाग के पुर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इस राज्य में भू माफियाओं का मनोबल काफी बढ़ गया है। भू माफिया राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर पूरे झारखंड में हजारों एकड़ जमीन हड़प कर बेच दिये हैं। ऐसे ही लोगों के खिलाफ सुभाष मुंडा लगातार संघर्ष करते रहे हैं। उनके संघर्ष का ही परिणाम है, कि आदिवासियों और मूल वासियों की हड़पी गयी दर्जनों एकड़ जमीन पर फिर से आदिवासी और मूल वासियों का कब्जा हो गया है, जिससे भू माफिया बौखला गये थे जिसका परिणाम है कि भू माफियाओं ने सुभाष मुंडा की हत्या करवा दि। सीपीआइ के वरिष्ठ अधिवक्ता शंभू कुमार, प्रोफेसर अन्वर हुसैन, जिला सचिव चांद खान, महेंद्र राम, निजाम अंसारी, अब्दुल मजीद अंसारी, शौकत अनवर, सीपीएम के जिला सचिव ईश्वर महतो, तपेश्वर राम, विपिन कुमार सिन्हा, गुलाब साव, माले के सुधीर यादव, रोहित प्रसाद मेहता सहित कई साथियों ने भाग लिया। शोक सभा में हत्यारे की तत्काल गिरफ्तारी करने, सुभाष मुंडा के परिवार को उचित मुआवजा देने और राज्य में भू माफिया एवं पदाधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। प्रस्ताव की प्रति मुख्यमंत्री झारखंड सरकार और राज्यपाल महोदय को भेजा जायेगा।

एक हाथी के आतंक से भयभीत हैं ग्रामीण

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत के नारायणपुर, खैरा, बेडमक्का, भराजो पंचायत के करंबा में झुंड से बिछड़ा एक हाथी का आतंक जारी है कभी खैरा जंगल में कभी नारायणपुर बेडमक्का, तो कभी करंबा में उत्पात मचा रहा है। ग्रामीण सब डर से सहमे हुये है, हाथी ने बुधवार की मध्य रात्रि को दो घरों को निशाना बनाया। बेडमक्का के बिंदवा देवी पति काजा तुरी के घर अचानक हाथी आकर घर का मुख्य दरवाजा, बाउंड्री तोड़ दिया और घर में घुसकर रखे अनाज को चट कर गया। इसके अलावे बेडमक्का में कितने किसानों के धान, मकई और अन्य लगे फसलों को रौंद डाला। उसके बाद भराजो पंचायत के करंबा में जगदीश मांझी का मिट्टी के घर तोड़ दिया उसके घरवाले भी किसी तरह वहां से निकल कर अपनी जान बचाई। पूरा क्षेत्र हाथी के आतंक से परेशान है ग्रामीणों का कहना है की पहले घर नही घुसता था, अब हाथी घर भी घुसने लगा है। रात को घर में नही रहे तो कहां रहे घर में भी हमलोग सुरक्षित नहीं है, वन विभाग भी मौन है कुछ नही कर रहा है।

पंचायत सचिव ने पूर्व मुखिया के पति पर मारपीट का लगाया आरोप

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के खरना पंचायत के पंचायत सचिव देवनंदन प्रसाद ने पूर्व मुखिया के पति जगदीश महतो के विरुद्ध मारपीट करने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने व सोने की अंगूठी छिनने का आरोप लगाते हुये विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया है। कहा है कि मैं ब्लॉक मुख्यालय स्थित आवास में काम कर रहा था इसी बीच पूर्व मुखिया के पति ने आकर डोभा का मास्टर रोल पर साइन करने बोले मेरे द्वारा कहा गया कि मापी पुस्तिका और स्थल देखकर साइन करूगा इसी बात को लेकर उन्होंने मारपीट किया और सरकारी दस्वावेज फाड़ दिया। हाथ मे पहने सोने की अंगूठी भी छीन लिया। इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 199/2023 धारा 341, 323,307,353,504,507 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सुरेश हत्याकांड के दोनों अभियुक्तों ने किया आत्मसमर्पण

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिले के पेलावल थाना क्षेत्र के कृष्णा नगर के गली नंबर-17 में गत शनिवार को हुए सुरेश हत्याकांड के दोनो नामजद अभियुक्त ने हजारीबाग कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। इन दोनो की गिरफ्तारी को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस लगातार छापेमारी कर दबाव बना रही थी। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के इस मामले में मृतक के बेटे के बयान पर पेलावल थाने में कांड संख्या 341 / 23 दर्ज किया गया था। जिस मामले में अमित सिन्हा और ध्रुव कुमार सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इन दोनों पर सुरेश को पीट-पीटकर हत्या का आरोप है। ड्राइवर सुरेश के परिजनों का आरोप है कि ध्रुव कुमार सिंह और अमित सिन्हा ने सुरेश की बेरहमी से पिटायी की थी, जिससे सुरेश की मौत हो गई। पुलिस के पहुंचने के बाद लाश का पोस्टमार्टम कराया गया था। वहीं मृतक के पुत्र के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया की दोनो के धर पकड़ को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही थी। पुलिस के दबिश से घबराए दोनो अभियुक्तों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

एसपी अमित कुमार सिंह को बड़कागांव आजसू प्रखंड कमेटी ने किया सम्मानित

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव के पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सिंह को एसपी रैंक में पदोन्नति मिलने पर बड़कागांव आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के नेतृत्व में प्रखंड कमेटी के अधिकारियों द्वारा बुके देकर और पौधा देकर सम्मानित किया गया। वही पौधारोपण भी किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि क्षेत्र के लिए बहुत हर्ष की बात है कि बड़कागांव में रहते हुए एसडीपीओ अमित कुमार सिंह को पदोन्नति मिली है। सिंह सुशील और सुलझे हुए अधिकारी हैं। इन्होंने अपनी सूझ-बुझ के साथ बड़कागांव क्षेत्र में लॉ एंड ऑर्डर को बहुत अच्छे से चला रहे हैं। वही आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहां की प्रखंड कमेटी ने पौधारोपण इसलिए कराया है कि एसपी साहब भी इसी पौधे की तरह दिन दुगनी रात चौगुनी बढ़ते रहें और जनता को छांव प्रदान करें। वही प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस ने कहा कि एसडीपीओ सर के रहते हुए बड़कागांव का क्राइम रेट कम हुआ है काफी बेहतर तरीके से अमित सर बड़कागांव में काम किये हैं। मौके पर मुख्य रूप से घनश्याम कुमार, शंकर मिश्रा, तुलेश्वर राम, धूपन महतो, अमृत कुमार, सुधांशु शेखर, विनोद राम, रंजीत कुमार, राजेंद्र कुमार, सुरेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एकल विद्यालय आचार्यों के बीच पौधा वितरण

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में वन बंधु परिषद द्वारा संचालित परसाबाद संच में एकल अभियान के तहत एकल विद्यालय के आचार्यों के बीच फलदार पौधा वितरण किया। बताते चलें कि एकल अभियान जयनगर प्रखंड के विभिन्न गांवों में संचालित है जिसके तहत ड्रॉप आउट बच्चों को पंचमुखी शिक्षा की ओर अग्रसर किया जाता है। संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करना है। पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए आज आचार्यों के बीच आम, अमरूद, कटहल, जामुन इत्यादि के पेड़ का वितरण किया। वहीं संच प्रमुख अजीत यादव ने कहा कि आज पर्यावरण के प्रति मानव को सजग होने की आवश्यकता है। जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग का खतरा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है आने वाले दिनों में इस से निपटने के लिए हमें एक होना होगा। मौके पर सुषमा देवी, मधु देवी, सोनी देवी, रेखा देवी, ललिता देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी, काजल देवी, गिरजा देवी, पायल देवी, सुनीता देवी, कंचन देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

विश्व आदिवासी दिवस पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी

चतरा (आजाद सिपाही)। विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आदिवासी महोत्सव 2023 का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 9 और 10 अगस्त को प्रातः 10 बजे से गिद्धौर के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें पुरूष और महिला वर्ग के लिए एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मी, रिले दौड, तीरदांजी में इंडियन राउंड 30 मीटर, 50 मीटर स्पर्धा हॉकी और फुटबॉल का आयोजन किया जायेगा। इसमें महिला और पुरूषों के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि भी निर्धारित किया गया है। फुटबॉल और हॉकी में विजेता को 21000, उपविजेता को 15000, तथा तृतीय स्थान को 11000 रुपये तथा एथलेटिक्स और तीरंदाजी में प्रथम स्थान 5000, द्वितीय स्थान को 3000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 2000 हजार की राशि दी जायेगी। इन खेल प्रतियोगिताओं में प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के चतरा जिले के किसी भी उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इसके लिए खिलाड़ियों को जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक अकाउंट का मूल और छायाप्रति के साथ जिला खेल कार्यालय में 5 अगस्त के संध्या 5 बजे तक अनिवार्य रूप से निबंधन कराना होगा। इसके लिए कोई इंट्री फीस नहीं देनी होगी। फुटबॉल में भाग लेने वाले पुरूष और महिला खिलाडियों की कुल संख्या 16-16 होगी और रिले दौड़ में भाग लेने वालों की संख्या 4-4 होगी। खेल में भाग लेने वाले खिलाडियों को जर्सी, बूट, जूता आदि स्वयं लाना होगा। तीरंदाजी के लिए स्वयं इंडियन राउंड तीर-धनुष लाना होगा। निर्धारित तिथि तक निबंधन नहीं कराने वाले टीमों तथा खिलाड़ियों के नामों पर विचार नहीं किया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा 8 अगस्त तक सभी खेलों का मैच फिक्सर जारी कर दिया जायेगा। विशेष जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का करता है हनन : डॉ आलोक रतन चौधरी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन करता है। बाल विवाह से बच्चियों पर हिंसा, शोषण और यौन शोषण का खतरा काफी हद तक बढ़ जाता है। यह बातें रामगढ़ शहर के राधा गोविंद स्कूल में आयोजित भाषण प्रतियोगिता के दौरान बतौर मुख्य अतिथि रोटरी क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष डॉ आलोक रंजन चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है। इस अभिशाप में हर साल हजारों लड़कियां जलती हैं। हमारे समाज में बाल विवाह को रोकना बेहद जरूरी है। जिस वक्त बच्चियों को अपना कैरियर बनाना चाहिए, जिस समय उन्हें समाज में अपना योगदान देने के लिए शिक्षा हासिल करनी चाहिए, उस समय उनका विवाह कर देना अनुचित है। इसीलिए कानून ने बच्चियों के विवाह के लिए 18 वर्ष की उम्र तय की है। इससे पहले अगर किसी का विवाह होता है तो उसका शरीर उस कार्य के लिए तैयार नहीं होता है। जिसके लिए हमारा समाज उसे दलदल में धकेलता है। मेडिकल स्तर पर भी बच्चियों को परिपक्व होने के लिए 18 वर्ष की उम्र तय की गई है। समाज में कुछ वर्ग ऐसा है जो आर्थिक और शैक्षणिक तौर पर काफी कमजोर है। उस वर्ग में बाल विवाह जैसे मामले काफी अधिक देखे गए हैं। लेकिन उस वर्ग को भी जागरूक करने की जरूरत है। स्कूल में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 48 बच्चों ने शिरकत किया। इस दौरान बेहतर भाषण देने वाले तीन बच्चों को संस्था की तरफ से पुरस्कृत भी किया गया है। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या तापसी, क्लब के सचिव जेपी सिंह, प्रमाणित अरुण राय, राजेश मोदी, संजीव सिंह संजू आदि मौजूद थे।

जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग समाहरणालय भवन में शिफ्ट

चतरा (आजाद सिपाही)। विकास भवन में संचालित जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग अब समाहरणालय भवन के निचले तल्ले में संचालित हो रहा है। केन्द्र और राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं से संबंधित सभी कार्य इसी भवन में संचालित कार्यालय में किया जायेगा।

आदिवासी समाज के लोगों का विरोध प्रदर्शन

चतरा (आजाद सिपाही)। युसीसी और मणिपुर में आदिवासी महिला के साथ हुई घटना के खिलाफ आदिवासी मूलवासी एकता परिषद के बैनर तले आदिवासी समाज के महिला पुरूषों ने आज रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। यह रैली केंद्रीय सरना पहाड़ी से निकलकर समाहरणालय तक गया। इस मौके पर रैली में शामिल लोगों ने मणिपुर घटना और यूसीसी के विरोध में लिखी गयी तख्तियां लिये हुए थी। जिसमें मणिपुर के बलात्कारियों को फांसी दो, यूसीसी काला कानून बंद करो, आदिवासी को संविधान के 5 वीं और 6 वीं सूची में शामिल करो आदि नारे लिखे थे।

मुखिया ने आंगनबाड़ी का किया शिलान्यास



कुजू (आजाद सिपाही)। डीएमटीएफटी फंड से कुजू दक्षिणी पंचायत अंतर्गत कुंदरिया के लाटो टोला में आंगनबाड़ी केंद्र का जीर्णोद्धार किया गया। जिसका शिलान्यास मुखिया राकेश मेहता उर्फ रॉक ने विधिवत पूजार्चना व नारियल फोड़कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि उक्त आंगनबाडी केंद्र की हालत काफी जर्जर हो चुकी थी। जिसे देखते हुए तत्काल डीएमएफटी फंड से केंद्र का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिससे बच्चों को पठन-पाठन में काफी सहुलियत होगी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सनी देवी, सहायिका सरिता देवी, गूंजा देवी, सोहन मांझी, खीरू करमाली, राजेश कुमार, प्रिया मुर्मू, सुकरमनी देवी, पूनम देवी, मुकेश हांसदा मौजूद रहे।

विसंमो नौ को आदिवासी दिवस मनायेगा

उरीमारी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय कार्यालय उरीमारी में गुरुवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी/ पोटंगा ने आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजित किया। जिसकी अध्यक्षता विसमो अध्यक्ष सह पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली ने किया। वहीं संचालन सह सचिव महेश गंझू ने किया। बैठक में विसमो संरक्षक सह आरसीएमयू बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव उपस्थित हुए। उन्हें विसमो की ओर से स्वागत किया गया। वहीं विसमो के उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया। उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ एक पर्व के रूप में मनाया जायेगा। मौके पर राजू यादव ने विसमो के पदाधिकारियों और सदस्यों को बड़े ही जोर शोर से तैयारी करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से विसमो सचिव महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू, डॉ जी आर भगत,कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी, दशाराम हेंब्रोम,कजरु उरांव, सिगू हेंब्रोम, रवि पवरिया, तालो बेसरा, राजेंद्र किस्कू, महेश करमाली, रामवृक्ष सोरेन, बिरजू सोरेन, सरोज मुर्मू, रतन पावरिया, मन्नाराम हांसदा, सुखदेव सोरेन, कुला प्रजापति, विनोद प्रजापति, शिबू ठाकुर, तेतरी देवी, शांति देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

दबंगों ने आदिवासी युवक को पीटा

पीड़ित दीपक मुंडा ने चार लोगों के खिलाफ रामगढ़ थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर में इन दिनों दबंगई इस कदर बढ़ी है कि वे आदिवासी युवकों को भी जान से मारने की कोशिश कर रहे हैं। रामगढ़ थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित कल्याणी ढाबा में एक आदिवासी युवक दीपक मुंडा की इस कदर पिटाई की गयी कि वह अधमरा हो गया। इस मामले में दीपक मुंडा ने पतरातू बस्ती निवासी गणेश सिंह के पुत्र अमन सिंह, आदित्य सिंह, सुबोध सिंह के पुत्र दारू सिंह और बंगाली टोला निवासी गर्जन यादव के पुत्र अंकित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से गोला थाना क्षेत्र के साडम गांव का निवासी है। बुधवार की रात अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में अपने एक रिश्तेदार हितलाल मुंडा के साथ कल्याणी ढाबा में चाय पीने के लिए रुका था। इसी दौरान अमन सिंह, आदित्य सिंह, अंकित और दारू सिंह ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की। किसी तरीके से दीपक और उसके रिश्तेदार हितलाल मुंडा ने अपनी जान बचाई और वे लोग रामगढ़ थाना पहुंचे। रामगढ़ पुलिस ने उन लोगों को सबसे पहले इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। दीपक ने रामगढ़ पुलिस इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

आदिवासी समाज ने किया रामगढ़ थाने का घेराव

दीपक मुंडा पर हुए जानलेवा हमले के बाद गुरुवार को आदिवासी समाज के लोगों ने रामगढ़ थाने का घेराव किया। इस दौरान समाज के लोगों ने कहा कि जिस तरीके से एक आदिवासी युवक को जान से मारने की कोशिश की गयी है, उसके आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करना होगा। अगर 24 घंटे के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो रामगढ़ जिले के तमाम आदिवासी चक्का जाम करेंगे।

जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी : थाना प्रभारी

इस पूरे प्रकरण में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि आदिवासी युवक पर जानलेवा हमले के मामले में तत्काल कांड संख्या 184/23 धारा 341/ 323/ 324/ 325/ 504/ 379/ 307 आइपीसी दर्ज किया गया है। इस मामले में जितने भी आरोपी हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

48 घंटे के अंदर हो गिरफ्तारी, नहीं तो करेंगे आंदोलन: दिलीप

आदिवासी समाज के युवक दीपक मुंडा पर हुए जानलेवा हमले को लेकर आजसू पार्टी ने भी रामगढ़ पुलिस को चेतावनी दी है। गुरुवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रामगढ़ पुलिस को 48 घंटे का समय दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर 48 घंटों के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो पार्टी आंदोलन करेगी। दिलीप दांगी ने कहा कि अनुसूचित जनजाति महासभा के गोला प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार मुंडा के ऊपर जानलेवा हमले की पार्टी कड़ी निंदा करती है। मां कल्याणी होटल जहां मारपीट की घटना होती है वहां पर खुलेआम शराब की बिक्री करना और असामाजिक लोगों का जमावड़ा होना कहीं ना कहीं इस बात को दशार्ता है कि सरकारी महकमे के संरक्षण में इस होटल में खुलेआम शराब का परोसा जा रहा है। साथ ही माकपा नेता सुभाष मुंडा को रांची में अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिया गया। आजसू पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के केंद्रीय सचिव निरंजन मुंडा, नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष योगेश बेदिया, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश करमाली, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप बेदिया, आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष पवन करमाली, आजसू पार्टी जिला सह सचिव बबलू करमाली, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा उपस्थित हुए।

पुलिस अधीक्षक की शांतिपूर्वक मुहर्रम मनाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने जिलेवासियों से मुहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील किया है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया है कि मुहर्रम पर्व आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनायें। किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, धर्म, समाज को ठेस पहुंचाने वाले संगीत गाने, तथ्यहीन संदेश, अप्रमाणिक जानकारी, भ्रामक मैसेज, तस्वीर, विडियो आदि सोशल मिडिय, टयुटर, वॉटसअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम , यूटयुब पर अपलोड या शेयर न करें, जिससे शांति व्यवस्था, विधि व्यवस्था भंग होने की संभावना हो। पुलिस कप्तान ने कहा कि पुलिस सोशल मिडिया पर पैनी नजर रख रही है। उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने और अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना अविलंब डायल नंबर 100 या 112 पर या नजदीकी थाना, ओपी, को देने की अपील किया। जिला प्रशासन ने सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर जारी किया है। कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 6207273658, पुलिस अधीक्षक का नंबर 9431706359, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 8757836902, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा 9431706362, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया 9113191488 तथा अनुमंडल पुलि8757836902, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया 9113191488 तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा 9304981277 मोबाइल नंबर जारी किया गया है।

पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

मुहर्रम पर्व के दौरान शांति भंग करने वाले उपद्रवियों पर अंकुश लगाने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जिला पुलिस के जवान तैयार हैं। इसके लिए स्थानीय पुलिस लाइन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और सार्जेन्ट मेजर की उपस्थिति में पुलिस बल के जवानों ने मॉकड्रील का आयोजन किया। इस दौरान किसी भी स्थिति में दंगाइयों से निपटने का अभ्यास किया गया।

पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

मुर्हरम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और अप्रिय घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च किया। जो सदर थाना से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण किया।

पड़ोसी युवक ने की विवाहिता की हत्या, जुर्म कबूला

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। ओपी क्षेत्र के डटमामोड़ स्थित अलंकार सिनेमा हॉल के पास के एक आवास में रहने वाली 24 वर्षीया विवाहिता शाहीन परवीन उर्फ शबनम कीर्ति की निर्मम हत्या का मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार देर शाम करीब आठ बजे की बतायी जा रही है। घटना की सूचना पाकर मांडू इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह व कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार सदलबल मौके पर पहुंचकर आवास के कमरे से खून से लथपथ विवाहिता शाहीन परवीण उर्फ शबनम कीर्ति का शव बरामद किया। साथ ही, पंचनामा तैयार कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बरामद शव के माथे, गले और दायीं आंख पर गहरे जख्म के निशान हैं। मृतका का परिवार मूलतः जरंगडीह बेरमो का निवासी है। मृतका का पति मो बेताब आलम कुजू मे रहकर ट्रक गैराज में मिस्त्री का काम करता है। घटनास्थल की बारिक से पड़ताल एवं आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस टीम द्वारा शक के आधार पर पड़ोसी युवक मुंगेर (बिहार) निवासी मो आमिर खान एवं विवाहिता के पति मो बेताब आलम को पूछताछ के लिए कुजू ओपी परिसर लाया गया। जहां कुजू ओपी पुलिस पदाधिकारियों सहित मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह, रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने पति और पड़ोसी से कड़ी पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में मृतका के पति को बेकसूर पाया। जबकि पड़ोसी युवक शुरूआती दौर में ना--नुकुर करता रहा था। अंततः थोड़ी कड़ाई से पूछताछ के दौरान आमिर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। खबर लिखे जाने तक आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई जा रही है। वही, हत्या का कारणों का पता अभी तक नही चल पाया। घटना के बाद से मृतका का 3 वर्षीय पुत्र ताबीर का रो- रो कर बुरा हाल है। घटना की खबर सुनकर पहुंचे मृतका के मायके वाले भी कुजू पुलिस से आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में मांडू सर्किल इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने दूरभाष पर बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर घटना के संबंध में पूरी जानकारी दी जायेगी।

रामगढ़ के 13वें उपायुक्त बने चंदन कुमार
शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास योजनाओं पर होगी नजर: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिले के 13 वें डीसी के रूप में चंदन कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया है। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ के विकास को लेकर अपनी प्राथमिकता भी जाहिर की है। डीसी चंदन कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रामगढ़ जिला अवैध खनन को लेकर काफी चर्चा में रहा है। अवैध खनन पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अभी रामगढ़ जिले में उन्होंने पदभार ग्रहण किया है और यहां स्थानीय स्तर पर समस्याओं को जानने के लिए अधिकारियों के साथ विस्तार से बैठक करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की योजनाओं पर उनकी पैनी निगाह रहेगी। रामगढ़ जिले में एक निजी कंपनी में उन्होंने पहले भी काम किया है। रामगढ़ के वातावरण से वह काफी हद तक वाकिफ भी हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और डीएमएफटी फंड को लेकर जितनी भी योजनायें यहां चल रही है और किस स्तर तक पहुंची हैं, इसकी जानकारी लेंगे। डीसी माधवी मिश्रा से प्रभार लेने के बाद उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए भी शुभकामनायें दी।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001

Ref. :- 1178 Date: 26.07.2023

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites EoI from interested bidders for selection of Health Insurance for employees of Jharkhand State Cooperative Bank Limited.

Last date for submission of Quotations: **16.08.2023 till 12.00 Noon.**

For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**

Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की बैठक आज

कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश शौण्डिक संघ जगेशर- पलानी परगना नवगठित केंद्रीय समिति की पहली बैठक आगामी 28 जुलाई को दोपहर दो बजे से रांचीरोड स्थित ओम पैलेस में आहूत की गयी है। उक्त आशय की जानकारी केंद्रीय अध्यक्ष अनिल प्रसाद और महासचिव कुलदीप प्रसाद ने दी। उन्होंने नवगठित टीम से ससमय उपस्थित होकर समाज के उत्थान, ग्राम समितियों के गठन सहित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करने का आह्वान किया ।

संथाल समाज दिशोम मांझी परगना बड़कागांव प्रखंड ने की बैठक

उरीमारी (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जोजो टोला में संथाल समाज दिशोम मांझी परगना बड़कागांव प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन मोहन सोरेन ने किया। बैठक में आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर तैयारियों पर चर्चा करते हुए गिद्दी सी ऑफिसर क्लब में विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में हर एक आदिवासी गांव में मांझी हाउस, सरना घेराबंदी (पुजा स्थल), धुमकुड़िया और कला-संस्कृति भवन बनाने को लेकर सूची बनाकर संथाल समाज दिशोम मांझी परगना केंद्रीय समिति को सौंपने का निर्णय लिया। वहीं प्रखंड बड़कागांव के पंचायत पोटंगा का 30 जुलाई को गरसुला पंचायत कमिटी का गठन, 02 अगस्त गोंदलपुरा पंचायत कमिटी का गठन, 04 अगस्त को आंगो पंचायत कमिटी का गठन, 06 अगस्त को प्रखंड कमिटी गठन करने को लेकर निर्धारित की गयी है। तथा प्रखंड कमेटी में जिस गांव से सदस्य को नही जोड़ा गया है, उस गांव से सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से बिश्राम सोरेन, संजय कुमार टुडू, बिनोद हेम्ब्रोम,सन्नी सोरेन, गणेश सोरेन बिनोद बेसरा, उदन सोरेन, राजेन्द्र सोरेन, पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, सुकर मांझी, बिरसा हेम्ब्रोम पप्पु लाल मांझी, भुनेश्वर मांझी, धनीराम मांझी, बंशीलाल मुर्मू , सनोज टुडू, सुरेश बेसरा, भीखु मांझी, मनुलाल सोरेन शामिल हुए।

बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में गुरूवार को ग्राम स्तरीय सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। ग्रामसभा में सर्वसहमति से पंचायत स्तरीय सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का विधिवत गठन करने के लिए 21 सदस्यीय स्थाई समिति का गठन किया गया। जो ग्राम पंचायत के 18 से 40 वर्ष तक के समस्त महिला-पुरुषों को सदस्य बनाकर पंजीयन करेंगे। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि इस क्लब का बहुउद्देशीय कार्य के लिए गठन किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रुप से संस्कृति, साहित्यिक, सामाजिक, खेलकूद, विकास कार्य के साथ-साथ कौशल विकास और अन्य लोक कल्याणकारी कार्य भी संचालित करेंगे। जिससे ग्राम पंचायत के लोग अपने-अपने संस्कृति, उत्सव, त्यौहार, स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार आदि का लाभ ले सकेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, पंचायत सचिव नरेश हजाम, सागर कुमार, उप मुखिया प्रशांत कुमार, जलसहिया छुवी देवी, सेविका किरण सिंह, प्रेमी सलोनी तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय, सहिया मंजू देवी, एमबीके आतोषी मुखर्जी, दयामुनि मुर्मू, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, पुष्पा देवी, बीना देवी, नीतू सिन्हा, अध्यक्ष दीपिका कुमारी व शेरोफिना एक्का, सविता झा, बेबी देवी, रंथी कुमारी, शकुंतला देवी, सुनीता कुमारी, मीनू सागर, इशरत जहां, भगवान दास करमाली, भरत, कुणाल, किशोर सिंह, सूरज पासवान, सुबोध कुमार यादव, शशीकांत सिंह, पंकज सिन्हा, रविकांत सिंह, मनीष कुमार, मनीष बख्शी, राजेश मुंडा, राजन करमाली, विनोद कुमार, अंश कुमार, पूनम देवी, प्रवीर तफादार, मनोज चैधरी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

भुरकुंडा में निःशुल्क कुष्ठ जांच शिविर



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पतरातू स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में निःशुल्क कुष्ठ जांच शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ मुखिया अजय पासवान व स्वास्थ्स कर्मियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा एलसीडीसी स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें कोई भी ग्रामीण कुष्ट मरीज नहीं पाये गये। शिविर को सफल बनाने में मुखिया अजय पासवान, पंसस रेणु देवी, सीएचसी सरोज महुआ, सहिया रेखा देवी का विशेष योगदान रहा। मौके पर विमला देवी, रूपा देवी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, समाना खातुन, सावित्री देवी, गुड़िया देवी, पम्मी देवी, पारो देवी, सीमा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

मुहर्रम को लेकर टंडवा में फ्लैग मार्च, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

टंडवा। प्रखंड के बड़गांव में प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।साथ ही ड्रोन कैमरा के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। यह फ्लैग मार्च राहम, खरिका, रहमतनगर, मिसरौल समेत अन्य जगहो पर चलाया गया। इस मौके पर बीडीओ रंथु महतो और ईस्पेक्टर बिजय कुमार ने सौहार्द पूर्वक मुहर्रम मनाने की अपील की।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-62-2023 और डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-63-2023, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-62-2023, कार्य का नाम:** दो वर्षों के लिए हटिया में कम्यूनिटी हॉल में अग्नि शमन प्रणाली के लिए रेल क्लब और ट्रांजिट आवास की जरूरत हेतु अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में पानी की टंकी और अग्नि शमन हाइड्रेंट के लिए पानी की पाइप लाइनों का परिचालन और रखरखाव तथा अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 49,29,797.48, **बयाना राशि:** रु. 98,600/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.08.2023 को 15.00 बजे। **क्रम सं. 2, सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-63-2023, कार्य का नाम:** बड़कीपोना: बड़कीपोना स्टेशन में अतिरिक्त हाई लेवल प्लेटफॉर्म नं. 2 का निर्माण। **निविदा मूल्य:** रु.2,33,54,184.49, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.08.2023 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। ई-निविदा सूचना मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, राँची-834003 के कार्यालय में सूचना पट पर उपलब्ध है। **(PR-446)**

अविश्वास प्रस्ताव क्यों

मणिपुर की घटनाओं पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चल रहा गतिरोध आखिर सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की वजह बन गया। दिलचस्प है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मणिपुर पर चर्चा चाहते हैं, फिर भी चर्चा नहीं हो पा रही और मॉनसून सत्र का एक-एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ता जा रहा है। गतिरोध की जड़ में है, यह सवाल कि किस नियम के तहत चर्चा हो। सत्ता पक्ष नियम 176 के तहत चर्चा कराने को तैयार है, मगर विपक्ष अड़ा हुआ है कि चर्चा नियम 267 के तहत ही हो। पहले नियम के तहत संक्षिप्त चर्चा होती है, हालांकि सबकी सहमति से चर्चा की अवधि को कुछ बढ़ाया जा सकता है। मगर यह बढ़ाई हुई अवधि भी विपक्ष को कम लग रही है। वह चाहता है कि सभी कामकाज स्थगित कर मणिपुर पर विस्तार से चर्चा हो। दूसरी बात इसके साथ लगी हुई यह है कि इस नियम के तहत चर्चा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वक्तव्य देना होगा। विपक्ष की मूल मांग यही रही है कि प्रधानमंत्री सदन के अंदर मणिपुर पर बयान दें। सरकार इसे अनावश्यक बताती रही है। उसके मुताबिक चूंकि मामला कानून-व्यवस्था का है, इसलिए गृहमंत्री का बयान देना काफी है। बहरहाल, दोनों पक्षों की यही जिद है, जिसकी परिणति अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस के रूप में हुई है। सवाल है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से आखिर विपक्ष को क्या मिल जायेगा। सदन में सरकार को पूर्ण बहुमत हासिल है, ही अगर उसने जोर लगाया तो हो सकता है जिन दलों के विपक्षी गठबंधन की ओर जाने की थोड़ी-बहुत संभावना अभी बनी हुई है, उनमें से भी कुछ दल अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार का समर्थन करते दिख जायें। प्रधानमंत्री ने कह भी दिया है कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहता है, तो लाने दीजिए, उसे इससे कुछ हासिल नहीं होगा। दूसरी ओर, विपक्ष ने अपने इस कदम से ज्यादा उम्मीदें ही नहीं पाली हैं। उसके मुताबिक वह इस प्रस्ताव के जरिए किसी को हराना या जीतना नहीं चाहता। वह तो बस मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री को सदन के सामने लाना चाहता है, जिसके लिए पीएम और सरकार तैयार ही नहीं हो रहे थे। अब इस प्रस्ताव पर चर्चा के बहाने न केवल मणिपुर पर विस्तृत चर्चा हो जायेगी, बल्कि सदन में प्रधानमंत्री का विस्तृत बयान भी आ जायेगा। हालांकि संसद के मंच पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ऐसी रस्साकशी कोई नयी बात नहीं है। इसे स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण ही कहा जाता है, लेकिन मणिपुर में जिस तरह के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले, उसके मद्देनजर इस तरह की कवायद मायूस करती है। बेहतर होता कि विपक्ष और सरकार आपस में बातचीत से सहमति की कोई सूरत निकाल कर मणिपुर पर विस्तृत चर्चा कर लेते और इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की नौबत न आती।

प्रधानमंत्री ने कह भी दिया है कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहता है, तो लाने दीजिए, उसे इससे कुछ हासिल नहीं होगा। दूसरी ओर, विपक्ष ने अपने इस कदम से ज्यादा उम्मीदें ही नहीं पाली हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

दरअसल, है तो यह हमारी ही भूलों का खमियाजा झेलने को विवश हैं हम। अपनी सुविधानुसार पहाड़ों को काट-छांट कर बेडौल बना डाला। हमारे तथाकथित विकास को अवरुद्ध करती अनेकों वन-सम्पदाओं को विनष्ट करने में तनिक भी संकोच न किया। चपल-चंचल नदियों को बांध कर, उनकी नैसर्गिक छटा बदलने की चेष्टा में न जाने कितने जीव-जंतुओं से उनके चहेते आवास छीन लिये।

हमारी ही भूलों का नतीजा है बाढ़

दीपिका अरोड़ा

अगर पड़ताल करें भरी बरसात में जल निकासी व्यवस्था की, तो इसका सर्वोत्कृष्ट उदाहरण हाल ही में प्रस्तुत किया भारत की राजधानी ने। तीसरा उफान संबद्ध है उस भत्र्सनायोग्य वहशत से, जो समूची मानवीयता को हिंसा की आग में झोंकने के साथ-साथ धर्म/ समुदाय आदि के नाम पर बेटियों की अस्मत से खुलेआम खेल रही है।

न जाने कैसा समय है, जिधर नजर उठायें, उफान ही ठाठें मारता दिखाई पड़ रहा है। बहुत कुछ उफन रहा है इस उफान में, कहीं कुदरत का कहर, कहीं जलभराव से उपजी दहशत तो कहीं मानवीयता को शर्मसार करती वहशत। समय पूर्व ही आरंभ हुई बरसात ने इस बार कुछ ऐसा सितम ढाया कि पुल के पुल ताश के पत्तों की मानिंद ढह गये। बादलों की घोर गर्जना सुन कर पहाड़ दरक उठे, भू-भाग खिसकने लगे। पानी के उदात्त प्रवाह में अनेकों वाहन बहते नजर आये, बिल्कुल किसी खिलौने की तरह। अकेले हिमाचल में ही हुई क्षति का जायजा लें तो कीमत करोड़ों में है।

दरअसल, है तो यह हमारी ही भूलों का खमियाजा झेलने को विवश हैं हम। अपनी सुविधानुसार पहाड़ों को काट-छांट कर बेडौल बना डाला। हमारे तथाकथित विकास को अवरुद्ध करती अनेकों वन-सम्पदाओं को विनष्ट करने में तनिक भी संकोच न किया। चपल-चंचल नदियों को बांध कर, उनकी नैसर्गिक छटा बदलने की चेष्टा में न जाने कितने जीव-जंतुओं से उनके चहेते आवास छीन लिये। ऐसे में भी प्रकृति हमें कोपभाजन न बनाये, भला कैसे संभव है?

बरसाती नदियों में गंगा-यमुना ने मिल कर उत्तर प्रदेश में खूब हलचल मचायी।

बाढ़ के प्रकोप में मैदानी इलाके भी कहां महफूज रह पाये? बरसाती नदियों में गंगा-यमुना ने मिल कर उत्तर प्रदेश में खूब हलचल मचायी। सतलुज, रावी, ब्यास जलस्तर खतरे का निशान पार करने हेतु लालायित हैं। पूरे 30 वर्ष बाद घग्गर नदी भी अपना चिरपरिचित रौद्र रूप दिखाने पर आमादा है।

पंजाब अपने पड़ोसी प्रांत हरियाणा सहित बाढ़ की मार झेल रहा है। हजारों एकड़ में बोई फसलें देखते ही देखते तबाह हो गयीं। पर्याप्त चारे के अभाव में पशुधन बेहाल है। हजारों की संख्या में बेघर हुए लोग शरणार्थी कैंपों में वक्त गुजारते हुए जहां भाग्य, ईश्वर, व्यवस्थाओं को कोस रहे हैं, वहीं हमारे राजनीतिक दल आपसी घमासान में मसरूफ हैं।

सौभाग्यवश, देशवासियों में परमार्थ के संस्कार काफी हद तक बाकी हैं। जहां अनेक समाजसेवी संस्थाएं बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री लेकर पहुंच रही हैं, वहीं व्यक्तिगत स्तर पर मदद करने वालों की कमी भी नहीं। सर्वपक्षीय सहायता प्रदान करने में जुटी सरकारें यद्यपि सांत्वना देते हुए समुचित मुआवजा देने संबंधी घोषणाएं कर रही हैं, तथापि सैलाब की नमी से नम आंखों में फूटतीं आक्रोश की चिंगारियां व्यवस्थाओं से बार-बार पूछती नजर आती हैं कि आपदा प्रबंधन के समस्त उपाय साल भर क्यों बिसरे रहते हैं, जबकि मौसमी चक्रानुसार वर्षा ऋतु को तो प्रत्येक वर्ष ही आना है? क्यों नदी-नालों में जमी गाद को समयानुकूल साफ करने का विचार नहीं आता?

संत बलबीर सिंह सीचेवाल की चेतावनी के मद्देनजर समय रहते ऐसा किया गया होता तो कदाचित पंजाब के 15 गांवों पर आयी आपदा काफी हद तक टल सकती थी। मुरम्मत की बाट जोहते पुल, बांध परियोजनाएं रख-रखाव संभागों द्वारा अक्सर भुला क्यों दिये जाते हैं? नियम-कानून विरुद्ध होने पर भी नदियों के किनारे अवैध निर्माण कैसे संभव हो पाते हैं? क्या आंखों पर काबिज भ्रष्टाचार की मैल संबद्ध अधिकारियों को कुछ सोचने-विचारने का मौका भी नहीं देती? बरसात के दौरान बात जब नगरीय व्यवस्था की करें तो सैंकड़ों मील फैले जाने-अनजाने गड्ढों की मौजूदगी को अदृश्य बनाता भारी जल-भराव देख कर राहगीर खुद-ब-खुद दहशत में आ जाता है। सांप-सीढ़ी के इस खेल में इधर से गुजरे या उधर से? गड्डमड्ड सड़क पर दोपहिया वाहन घसीटते हुए सही सलामत घर पहुंच जाना भी एक प्रकार से दैवीय अनुकंपा ही कह सकते हैं। ऐसा नहीं कि सड़कें बिल्कुल बनती ही नहीं, बनती हैं बेशक, मगर एक ही बारिश की मार से धुल जाने वालीं। वैसे ढेरों साफ-सुथरी सड़कें भी मौजूद हैं हमारी स्मार्ट सिटीज में, लेकिन मात्र योजनाओं में। उनकी वास्तविक खोज-खबर लें तो वर्षों से वहां केवल कीचड़ और भरपूर फिसलन का एकछत्र राज है। वैसे फिसल भी गये तो क्या? गली-कूचों में मक्खियां मारते कई डॉक्टर बाबूओं को घर बैठे रोजगार मिल जायेगा। यानी, स्वःहित के साथ-साथ जनहित; आखिर क्या बुरा है इस फिसलन में? हींग लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा। रहा सड़क निर्माण प्रक्रिया हेतु आबंटित करोड़ों की राशि का हिसाब, तो देर-सवेर बन ही जायेगा।

अगर पड़ताल करें भरी बरसात में जल निकासी व्यवस्था की, तो इसका सर्वोत्कृष्ट उदाहरण हाल ही में प्रस्तुत किया भारत की राजधानी ने। तीसरा उफान संबद्ध है उस भत्र्सनायोग्य वहशत से, जो समूची मानवीयता को हिंसा की आग में झोंकने के साथ-साथ धर्म/ समुदाय आदि के नाम पर बेटियों की अस्मत से खुलेआम खेल रही है। यद्यपि हैवानियत के बहुरंगी ज्वालामुखी देश के कोने-कोने में फट रहे हैं तथापि पाशविकता में घिरा मणिपुर मौजूदा स्थिति में किसी अराजकता केंद्र से कम नहीं जान पड़ता।

जमशेदपुर की खबरें

बाबूलाल मरांडी से प्रदेश मुख्यालय में मिले दिनेश

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार व अमरजीत सिंह राजा ने रांची के भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। गुरुवार को उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार भेट की। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने घर पर हुए हमले व आगजनी की जानकारी ली। श्री मरांडी ने पार्टी हित में पूरी क्षमता व ऊर्जा से लग्नशील होने की बात कही। मौके पर अमरजीत सिंह राजा, अशोक सामंता, तेजेंद्र सिंह जॉनी, अमित मिश्रा, धनेश्वर सिंह, ओंकार सिंह, बिनोद गुप्ता, रोशन सिंह, बंटी सिंह शामिल रहें।

विधायक की पहल पर पांच बच्चियों का एबीएम कॉलेज में हुआ दाखिला

युवाओं को पैरों पर खड़ा करना उद्देश्य : कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र में युवाओं को शिक्षित करने को लेकर विधायक मंगल कालिंदी काफी गंभीर है। विधायक ने मुहिम चला कर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चियों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए प्रयासरत है। ताकि बच्चिया पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। गुरुवार को जुगसलाई विधायक श्री कालिंदी ने पांच बच्चियों का दाखिला निजी खर्च से एबीएम कॉलेज में करवाया। जिसमे

घोड़ाबांधा के रितु कुमारी, काजल महतो, संगीता महतो और मनपीटा की रानी सोरेन व लष्मी सोरेन शामिल है। दाखिला होने पर बच्चिया व उनके परिजनों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट की। मौके पर विधायक कालिंदी ने कहा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों जो पढ़ना चाहते हैं वह उनसे संपर्क करें उनकी हर संभव सहायता किया जायेगा। विधायक ने कहा बच्चे बच्चियों को उच्च शिक्षा प्राप्त हो ताकि भविष्य में वह अपने माता-पिता के साथ जुगसलाई विधानसभा का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा बीते वर्ष करीम सिटी में 5 बच्चों का दाखिला करवाया गया। अब तक लगभग 27 बच्चे व बच्चियों का दाखिला किया गया। यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर एबीएम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ वीके पीयूष,पप्पू यादव, जयराम महतो, रजत प्रसाद, बादल सभी अन्य उपस्थित रहे।

एसपी डॉ विमल कुमार का प्रेस क्लब के सदस्यों ने गुलदस्ता देकर किया स्वागत

सरायकेला। सरायकेला खरसावां जिले में 19 वें एसपी डॉ विमल कुमार ने गुरुवार को जिले के निवर्तमान एसपी आनंद प्रकाश से पदभार ग्रहण किया। मौके पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान एसपी डॉ विमल कुमार ने जिले के अपराधियों व भ्रष्ट अधिकारियों को सुधरने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी यदि वे सुधरेंगे नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह के नेतृत में एक प्रतिनिधि मंडल जिले में नए एसपी डॉ विमल कुमार से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही निवर्तमान एसपी को विदाई दी। मौके पर एसपी आनंद प्रकाश ने 2 साल के कार्यकाल का अनुभव साझा किया। मौके पर एसपी बिमल कुमार ने कहा पुलिस व प्रेस आपसी समन्वय स्थापित कर चले इसी से जिले में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगेगी। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, उपाध्यक्ष रासबिहारी मंडल, प्रमोद सिंह, सुमित सिंह, कुणाल कुमार, सुनील गुप्ता,संतोष कुमार, मधुसूदन कुमार, बलराम पांडा, केबू कुंडू, विशरूप पांडा,अफरोज मलिक,प्रमोद सिंह मौजूद रहे।

भाजपा नेता मनमोहन चौधरी के निधन पर शोक सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर के नेतृत्व में गुरुवार को जनसंघ के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व मनमोहन चौधरी के पुण्यात्मा के शांति के लिए सिदगोड़ा अवध टावर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

गुरुवार को सभा में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा मनमोहन चौधरी को पार्टी के एक समर्पित नेता के रूप में सदैव याद करते रहेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व मार्गदर्शक अब हम सबके बीच नहीं रहे। यह हम सबके लिए अत्यंत शोक की घड़ी है। उन्होंने कहा एक अभिभावक के रूप में मनमोहन चौधरी हमारे मन व हृदय में सदैव अमर रहेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, विनोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, चितरंजन वर्मा, अनिल सिंह, काजू शांडिल, मुकुट धारी सिंह , रामदेव पांडे, विनय श्रीवास्तव, हरेंद्र पांडे, कुमार अभिषेक, निर्मल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अरुण कुमार, प्रमोद मिश्रा, मधुमाला, रीना तिवारी, पिंटू सिंह, रंजीत सिंह, मुकेश चौधरी, कुमार आशुतोष, निर्मल गोप, अनिकेत रॉय, कुमार विश्वजीत, प्रभाकर राव, पिंटू साह, साकेत कुमार, अरुण तिवारी, सतीश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

टेल्को सोलर प्लांट में स्थानीय मजदूरों को कार्य में रखने की मांग

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टेल्को साउथ गेट पर सोलर प्लांट में झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 परसेंट स्थानीय मजदूरों व स्थानीय ठेकेदारों को रोजगार से जोड़ने की मांग पर समाजिक सेवा संघ व मजदूर नेताओं के प्रतिक्रिया जाहिर की। गुरुवार को एक एक प्रतिनिधि मंडल टाटा मोटर्स प्लांट हेड के नाम पत्र लिख कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर मजदूर नेता सह सामाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामंत ने कहा टेल्को साउथ गेट सोलर प्लांट के विस्तारीकरण के कार्य में स्थानीय मजदूरों को काम पर नहीं रखा जा रहा है। बाहरी मजदूर व बाहरी ठेकेदार ही कार्य कर रहे। उन्होंने कहा सोलर प्लांट के संतोष सिंह एचआर के पद पर है।

यूथ कांग्रेस ने जुस्को के प्रबंधक से मुख्य सड़क पर बैरिकेटिंग व फुटओवर ब्रिज निर्माण की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जुस्को के कार्यकारी प्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा से मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान जुगसलाई फाटक से जुगसलाई थाना तक बेरिकेटिंग का निर्माण करवाने व पावर हाउस के पास फुटओवर ब्रिज का निर्माण की मांग की। ताकी जुगसलाई की जनता को जाम से निजात मिल सके। मौके पर लालचंद,तेजिंदर सिंह वृद्धि, राजू गद्दी, शिवराम कंसारी, संतोष रजक, एमडी कमरुद्दीन व अन्य शामिल रहे।

सिविल सर्जन ने 'आयुष्मान पखवाड़ा' जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

सरायकेला (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार सरायकेला खरसावां जिला में 21 जुलाई से 04 अगस्त तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा। पखवाड़ा के व्यापक प्रचार प्रसार व जन-जन तक जानकारी देने के लिए अभियान की शुरूवात की।गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने सरायकेला सदर अस्पताल से आयुष्मान पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीपीएम निर्मल कुमार दास, डॉ चन्दन कुमार, अर्चना तिग्गा एवं अन्य चिकित्सक शामिल रहें। सिविल सर्जन ने बताया जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंड व विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर योजना के लाभ व योजना से जुड़ने की प्रक्रिया की जानकारी साझा करेगी। ताकि आयुष्मान पखवाड़ा अभियान में ऐसे लाभार्थियों को चिह्नित कर लाभ पहुचाया जा सके। साथ ही सहिया, स्वयं सहायता समूह के सदस्य के द्वारा डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा। ताकि शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को निशुल्क आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जा सके।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in

महत्वपूर्ण न्यूज

प्रखंड कार्यालय पहुंची जिप अध्यक्ष ने बीडीओ के व्यवहार से क्षुब्ध होकर जतायी नाराजगी

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय पहुंची जिला परिषद चेयरमैन शांति देवी ने कांडी बीडीओ मनोज तिवारी के व्यवहार से क्षुब्ध होकर नाराजगी जतायी। शांति देवी ने कहा कि बीडीओ के चेंबर में पहुंचने पर उन्होंने कोई रिस्पॉन्स नहीं लिया। चेयरमैन ने कहा कि जब मेरे साथ बीडीओ का ऐसा व्यवहार रहा है तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ कैसा होगा। बखूबी समझा जा सकता है। इधर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि कार्य की व्यस्तता के कारण मैं उनसे बात नहीं कर सका। मेरे दिल में उनके प्रति सम्मान है। उनके बैठने के बाद कार्य समाप्त कर मैं बात करता, लेकिन उससे पहले ही वे बाहर निकाल गईं। इस दौरान प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष पिंकू पांडेय, सुजीत कुमार, दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद, विनोद चंद्रवंशी व विवेक तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच ने आपसी भाईचारे के साथ मुहरम पर्व मनाने की अपील की

मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राजा शू टेंट हाउस के आवास पर जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के द्वारा प्रेस वार्ता की गई। जिसमें जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के अध्यक्ष शायद अंसारी ने अपने क्षेत्र वासियों को मुहर्रम पर्व को शांति व सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुस्लिम एकता मंच के तत्वावधान में मुहर्रम के अवसर पर शनिवार दोपहर 03 बजे स्थान बस स्टैंड में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। स्वागत समारोह में भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय अतल सिंह शरीक होंगे। साथ ही क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित शासन-प्रशासन को मुस्लिम एकता मंच कमेटी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में भाईचारा के साथ मुहर्रम पर्व मनाया गया है, इस बार भी शांतिपूर्ण वातावरण में ही मनाया जाएगा। मौके पर मीडिया प्रभारी शहबाज आलम एवं जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के सदस्य उपस्थित थे।

लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने मेगा नेत्र जांच शिविर लगाया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला. डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में मेगा नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शांति निवास उच्च विद्यालय गढ़वा में जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापक सिस्टर रोशमा की देखदेख में मेगा नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ से पूर्व लायंस विशाल की ओर से क्लब अध्यक्ष ला. डॉ कमलेश कुमार ने सिस्टर रोशमा को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कहा कि जैसे आप सभी को पता है कि बरसात के मौसम की वजह से आंखों में वायरल इंफेक्शन रोग चला हुआ है और एक से दूसरे में जल्दी से फैल रहा है, जिससे बहुत लोग प्रभावित हैं। इसी की रोकथाम के लिए निःशुल्क मेगा नेत्र जांच शिविर सह जागरूकता अभियान चलाया गया है। वहीं जिले के सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ विजय कुमार प्रसाद ने बच्चों की आंखों की जांच की। जिसमें लगभग 200 सौ से अधिक बच्चों की आंखों में वायरल इंफेक्शन पाया गया। पर्चे के आधार पर अध्यक्ष कमलेश कुमार ने निःशुल्क दवा उपलब्ध करायी। मेगा नेत्र जांच शिविर में मुख्य भूमिका निभाने वालों में डॉ यासीन अंसारी, डॉ एनके रजक, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ यूएन बरनवाल, डॉ अर्जुन विश्वकर्मा, ब्रजमोहन प्रसाद, रघुवीर प्रसाद, गिरीश कमलापुरी, क्लब पीआरओ शौकत खान समेत विद्यालय के बहुत सारे शिक्षक उपस्थित थे।

जिला स्तरीय प्री सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय प्री सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के द्वारा रामा साहू स्टेडियम में किया गया। जिसमें प्रखंड स्तर से विजेता टीम अंडर 17 बालक-बालिका ने भाग लिया। अंडर-17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी विद्यालय गढ़वा की टीम प्रोजेक्ट प्लस टू उवि बरगढ़ को हराकर विजेता बनी एवं अंडर 17 बालक वर्ग में प्रोजेक्ट प्लस टू उवि बरगढ़ की टीम उत्क्रमित उवि तसरार को हराकर विजेता बनी। विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गढ़वा आकाश कुमार ने पुरस्कृत किया। सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पलामू में अगले दौर में प्रमंडल स्तर पर प्रतियोगिता में शामिल होने की बात कही। कार्यक्रम में गढ़वा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा. खेल प्रतिनिधि झारखंड शिक्षा परियोजना के पदाधिकारी, कर्मी जिले के शारीरिक शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम : निषाद विकास मंच ने वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया

फूलन देवी ने न्याय के लिए सदैव लड़ाई लड़ी : तनवीर आलम

लोक गायकों ने वीरांगना फूलन देवी पर एक से बढ़कर एक गीत गाकर रात भर दर्शकों को खूब झुमाया

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। निषाद विकास मंच के तत्वावधान में बुधवार की रात्रि हासनदाग गांव के नाहर चौक पर वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, महर्षि वेदव्यास मंच के डॉ कुलदेव चौधरी, डंडा जिप सदस्य अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेंटल, वीआईपी पार्टी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, मुखिया फूलमती देवी, बीडीसी नंदू चौधरी, अनिल चौधरी सहित अन्य अतिथियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा वीरांगना फूलन देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान ने फूलन देवी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व सांसद फूलन देवी न्याय के लिए सदैव लड़ाई लड़ती रही। उन्होंने जातिवादी समाज से अन्याय अत्याचार को उखाड़ फेंकने के लिए दस्यू बनकर सामना किया। मौके पर अन्य अतिथियों द्वारा उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

गीत संगीत के माध्यम से फूलन देवी के जीवनी पर डाला प्रकाश : शहादत दिवस कार्यक्रम में पलामू के मशहूर लोक गायक राजमुनि झारखंडी एवं जपला के भोजपुरी गायक सुरेंद्र साहनी के बीच दुगोला कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को वीरांगना फूलन देवी के कारनामों का व्याख्यान किया गया। ब्यास राजमुनि झारखंडी ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना 'ए गणपति गणनायक गाकर की, वहीं सुरेंद्र साहनी ने भी वीरांगना फूलन देवी पर एक से बढ़कर एक गीत गाकर रात भर दर्शकों को खूब झुमाया।

मंत्री मिथिलेश की ओर से दी गयी सहयोग राशि : अध्यक्ष तनवीर आलम खान द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय विधायक सह सूबे के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा प्रदान की गयी 25 हजार रुपये की सहयोग राशि निषाद विकास मंच के पदाधिकारियों को दी गयी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरोज चौधरी, सूर्यदेव चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य राम नरेश चौधरी, शिव कुमार चौधरी, झामुमो के मेराल प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश उर्फ सुड्डू, सचिव राजेश बैठा, रमेश चंद्रवंशी, शिवदत्त चौधरी, मानिक चंद चौधरी, राजबली चौधरी, सुनील चौधरी, संजय चौधरी, राजेंद्र चौधरी, संतोष चौधरी, नागेंद्र चौधरी, सतेंदर चौधरी, कोमल चौधरी, मथुरा चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे। मंच का संचालन मुखिया पति हरेंद्र चौधरी ने किया।

बरदरी के ग्रामीणों ने डीसी से मिल कर राशन दिलाने की मांग की

ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन देकर डीलर के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। रंका प्रखंड के बरदरी गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को डीसी को आवेदन देकर डीलर की शिकायत दर्ज करायी है। ग्रामीणों ने भाजपा नेता विवेकानंद तिवारी के नेतृत्व में डीसी से मिलकर अविलंब राशन दिलाने की मांग की है। डीसी को दिए गए मांग पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त लोगों को पहले बरदरी गांव में ही लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के डीलर के यहां राशन मिलता था। उक्त दुकान को निलंबित किए जाने के बाद वहां राशन ले रहे सभी लाभुकों को चुतरू गांव के राशन दुकानदार शाहिद अंसारी के यहां टैग किया गया। लेकिन वहां पर लाभुकों को राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि जब उक्त लोग डीलर के यहां राशन लेने जाते हैं तो सभी को भगा दिया जाता है। ग्रामीणों ने कहा कि इसकी शिकायत रंका प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पास भी की गयी थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने डीसी से अविलंब राशन दिलाने की मांग की है।

डीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को टेलीफोन पर आवश्यक निर्देश देकर तत्काल राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

डीसी को मांग पत्र सौंपने वालों में तारकेश्वर सिंह, महेन्द्र सिंह, रामनाथ सिंह, मीना देवी, सुनिता देवी, सुनेश्वरी देवी, मेनका देवी, पानपति देवी, राजेन्द्र सिंह, विजय बैठा, सुखाड़ी मोची, राजदेव राम, गिरिवर राम, जय कुमार सिंह, रामदेव देवार, वशु बैठा, विनोद सिंह, हरि कोरवा, लगनी देवी, अभय सिंह, विनोद सिंह, केश्वर राम, सतराज सिंह, शंकर राम सहित काफी संख्या में ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

अभाविप ने नामधारी कॉलेज में परीक्षा के दौरान भोज पर आपत्ति जतायी

कहा- प्राचार्य महाविद्यालय की छवि को धूमिल करने का कर रहे हैं प्रयास

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा इकाई ने नामधारी महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान प्रभारी प्राचार्य के द्वारा नियम विरुद्ध भोज का आयोजन करने का आरोप लगाते हुए आपत्ति दर्ज की है।

गढ़वा जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा है कि नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य महाविद्यालय के छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय में निजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक संस्थानों को निजी कार्यों का अड्डा बनाना ठीक नहीं है। पूर्व में भी प्रभारी प्राचार्य के ही कार्यकाल में महाविद्यालय के शिक्षक का छात्राओं के साथ डांस करते हुए वीडियो वायरल हुआ था, वेबसाइट पर पोर्न वीडियो भी वायरल हुआ, इन्हीं के कार्यकाल में गलत तरीके से 30 लाख के एरियर भुगतान का मामला भी आया जिसमें जांच चल रहीं है। दो दिन पूर्व ही वोकेशनल विभाग के शिक्षकों द्वारा वोकेशनल फंड के दुरुपयोग का आरोप और अब सह भोज का आयोजन, दर्शाता है कि प्राचार्य के पद की गरिमा की चिंता इनको नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल इनको पद से हटाना चाहिए। साथ ही इनके वित्तीय प्रभार को जब्त करना चाहिए।

गढ़वा नगर मंत्री अखिल कुमार ने कहा कि जबकि महाविद्यालय वर्तमान समय में स्नातक सेमेस्टर 5 का परीक्षा केंद्र है और ऐसे में परीक्षा केंद्र पर धारा 144 लागू होता है। इस परिस्थिति में भी परीक्षा विभाग के कमरे में जहां विद्यार्थियों के शैक्षणिक संबंधी कई प्रकार के कागजात होते हैं वैसे कमरे में भोज आयोजित करना कहां तक सही है। अभाविप कार्यकर्ताओं ने साफ-साफ यह कहा कि बीते दिन जिस प्रकार से नामधारी महाविद्यालय में निजी कार्यक्रम आयोजित हुए हैं यदि महाविद्यालय प्रशासन उक्त विषय पर संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही नहीं करेगा तो विद्यार्थी परिषद इस विषय को लेकर आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

सीआरपीएफ 172 बटालियन ने 85वां स्थापना दिवस मनाया

सीआरपीएफ जन सरोकार संबंधित हर दायित्व का निर्वहन के लिए है तत्पर : कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ 172 बटालियन ने अपना 85वां स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान वाहिनी के कमांडेंट सहित सभी अधिकारी जवानों ने बटालियन मुख्यालय परिसर में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर इस महत्वपूर्ण दिवस की शुरुआत की।

मौके पर कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह ने सीआरपीएफ की वीरगाथा के संबंध में अधिकारियों एवं जवानों को बताया। शहीदों के बलिदान को याद करते हुए वाहिनी कर्मियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। साथ ही यह भी कहा कि सीआरपीएफ अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ जन सरोकार संबंधित दायित्व के निर्वहन में हमेशा तत्पर रहता है। जिसके वजह से आज हमारा बल भारत के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल के रूप में जाना जाता है।

इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय के अतिरिक्त गढ़वा जिले के सुदूर इलाकों में तैनात 172 बटालियन के विभिन्न कंपनियों में आम नागरिकों के साथ पौधरोपण व स्वच्छता अभियान भी चलाया। साथ ही अपनी जिम्मेदारियों के साथ जन सरोकार संबंधित दायित्व को प्रदर्शित किया।

इसके अतिरिक्त बटालियन के द्वारा इस अवसर पर विभिन्न खेल स्पर्द्धाओं का भी आयोजन किया गया। जिसका जवानों ने भरपूर आनंद लिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, बूटी,
राँची–834009
आवश्यक सूचना
आम जनता को सूचित किया जाता है कि दिनांक–28.07.2023 को राईजिंग पाईप लाईन से लिकेज मरम्मति एवं Maintenance का कार्य होने के कारण जलापूर्ति दिनांक–28.07.2023 को बाधित रहेगी। दिनांक–29.07.2023 से सुचारू रूप से जलापूर्ति की जाएगी।
असुविधा के लिए खेद है।
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा वितरण प्रमंडल, रांची
PR 303458 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
शुद्धि पत्र
पत्रांक – 620 / गढ़वा, दिनांक – 27.07.2023
दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R.No- 302882 Ad Received on 21.07.2023 ((WRD/MIDV/GARHWA/05-F2/2023-24) मझिगांवा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
PR 303471 Minor Irrigation(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
शुद्धि पत्र
पत्रांक – 621 / गढ़वा, दिनांक – 27.07.2023
दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R.No- 302930 Ad Received on 21.07.2023 ((WRD/MIDV/GARHWA/06-F2/2023-24) मानपुर मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य प्रखण्ड– रंका, जिला– गढ़वा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।
कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा
PR 303467 Minor Irrigation(23-24)#D

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

कार्यक्रम : प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला में गढ़वा बीडीओ ने किसानों को दी सलाह

किसान भाई वर्षा की स्थिति को देखते हुए कम अवधि वाली फसल लगायें

प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की विस्तृत जानकारी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। प्रखंड कार्यालय गढ़वा के सभागार में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा, प्रखंड प्रमुख महोदय, उप प्रमुख, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रंजन दुबे बीटीएम अजय साहू, जेएसएलपीएस की दीदी एवं कृषक के द्वारा संयुक्त रूप से किय ग ा ट ा । ! बीडीओ गढ़वा के द्वारा किसान भाइयों को संबोधित करते हुए बताया कि किसान भाई वर्षा की स्थिति को देखते हुए कम अवधि वाली फसल लगाएं। उनके द्वारा बताया गया कि इस वर्ष पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मना रहा है। इसलिए कम पानी में मोटे अनाज की खेती किसान भाई आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने अपील की कि आप सभी लोग भी मड़ुवा, ज्वार, बाजरा इत्यादि की खेती करें, जिससे कि आप का उत्पादन अच्छा हो और साथ में आप मोटा अनाज का प्रयोग कर स्वस्थ रह सकें। कार्यक्रम में प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रंजन दुबे के द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। बीटीएम अजय साहू वर्षा की स्थिति को देखते हुए किसान भाइयों से अपील की कि वर्षा की स्थिति को देखते हुए धान की खेती डीएसआर विधि से करें एवं गर्मी के दिनों में खेत की गहरी जुताई करने की भी सलाह दी। कम अवधि कम पानी वाली प्रभेद की बुवाई करें। इसके साथ उन्होंने अभी के समय में अरहर तिल एवं मक्का की कम दिन की प्रभेद लगाने की सलाह दी। इसके अलावा उनके द्वारा किसान भाइयों से कम पानी वाली सब्जी की खेती फल की खेती जैसे स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, फूल की खेती करके किसान भाई आर्थिक रूप से अपने आप को मजबूत कर सकेंगे। उन्होंने विस्तृत में 90% अनुदान पर ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकल, मल्चिंग के माध्यम से सब्जी की खेती, ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से किसानों के बीज का उठाव, पीएम किसान योजना से संबंधित लाभुकों को ई-केवाईसी, झारखंड की कृषि ऋण माफी योजना, मिट्टी झांक, केसीसी आवेदन पत्र के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ गढ़वा ने की जबकि संचालन बीटीएम अजय साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में जनसेवक अजीत कुमार सिंह, जेएसएलपीएस से प्रमोद पांडे, कृषक मित्र अरविंद दूबे, राजनाथ महतो, जयकांत तिवारी, दीपक कुमार सिंह, शंभूनाथ चौधरी, कुंदन चंद्रवंशी, उदय उपाध्याय, महिला दीदी में संध्या कुमारी, सोनी देवी, पिंकी देवी ललिता देवी व कृषक शामिल थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी

ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – WRD/MID/KHUNTI/F2-10/2023-24 दिनांक–26.07.2023
कार्य का नामः–

क०	योजना का नाम	जिला	प्रखंड	प्राक्कलित राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	ग्राम सिलादोन के बगीचा टोली के नदी में चेक डैम का निर्माण कार्य	खूंटी	खूंटी	24.942	0.05	180 दिन
2.	जरिया पंचायत अन्तर्गत ग्राम सुनरूई में तालाब निर्माण कार्य।	खूंटी	तोरपा	10.920	0.025	180 दिन

नोट–केवल ई.–निविदा ही स्वीकार होगा।
1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–31.07.2023
3. ई.–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :–07.08.2023 अपराहन 5:00 बजे तक
4. लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी कार्यालय में निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि,शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किए गए योग्यता दस्तावेज इत्यादि की एक प्रति जमा करने की तिथिः–08.08.2023 को अपराहन् 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथिः–10.08.2023 को अपराहन 1:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.मेल आई डीः–कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूंटी / 9934355409 / email:- midivkhunti@gmail.com
7. परिमाण विपत्र का मूल्य(जो लौटाया नहीं जाएगा) राष्ट्रीकृत बैंक(भारतीय स्टेट बैंक (अन्य)) द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट (निविदाकार के स्वंय के बैंक खाता से निर्गत तथा निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का होना चाहिए) के माध्यम से लिया जाएगा,जो कार्यपालक अभियन्ता लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी(Executive Engineer, Minor Irrigation Division,Khunti) के पदनाम से निर्गत होगा एवं खूंटी में भुगतेय होगा।
8. अग्रधन की राशि(प्राक्कलित राशि का 2 प्रतिशत) जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से Pledge तथा निविदा प्रकाशन की बाद की तिथि का मान्य होगा।
9. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा / राशि घट–बढ सकती है। तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूंटी
PR 303445 Minor Irrigation(23-24).D

बरवाडीह में अब्दुल कलाम की मनी पुण्यतिथि

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्लस टू हाई स्कूल परिसर में मिसाइल मैन डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम की 8 वीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता और छात्र छात्राओं ने अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। मौके पर विद्यार्थी परिषद के पूर्व अध्यक्ष सूर्यदेव सिंह ने कहा कि कलाम जी का मानना था कि सपने वे नहीं जो सोकर देखा जाये, सपने वे होते हैं, जो हमें सोने ना दे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुनीता खलखो, शिक्षक रमेश राम, योगेंद्र राणा, विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष फिरोज अहमद, अतुल कुमार सिंह नगर मंत्री सागर कुमार, रुपेश यादव प्रभात कुमार आदि लोग मौजूद थे।

बालूमाथ की सड़कों पर यमराज बनकर दौड़ रहे कोल वाहन

बालूमाथ(आजाद सिपाही)।बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र मे संचालित कोल परियोनाओं मगध, आम्रपाली, तुवैद कोल परियोजना से रोजाना सैंकड़ों हाईवा-ट्रको मे कोयला लोड कर बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 होते हुए विभिन्न रेलवे साईडिंग के लिए भेजा जा रहा है। उक्त सभी कोल परियोजना का कोयला बालूमाथ, बसिया, मकईयाटांड़, चंदवा होते हुए पुनः अम्रपाली, मगध के पहुंचाये जाने को लेकर क्षेत्रवासियो में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कड़े लहजे मे प्रखंड और जिले के पदाधिकारियों से एनएच 22 सड़क से कोयले का ट्रांस्पोर्टिंग बंद कराने की मांग की है। ऐसा नही करने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।

मोहर्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

चंदवा(आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देश पर गुरुवार को मोहर्रम त्योहार में विधि व्यवस्था संधारण हेतु गुरुवार को चंदवा पुलिस-प्रशासन के द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा और एसडीएम शेखर कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बब्लू कुमार, अंचल सीआई ऋषिदेव कुमार संयुक्त रूप से कर रहे थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से निकल कर मेन रोड होते हुए सुभाष चौक, धोबीटोला, तिलैयाटाँड़, कंचननगरी, इंदिरा गांधी चौक होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची। शांति व्यवस्था को भंग करने वाले को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा।

छात्रों को व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी ज्ञान देना जरूरी: देवनिसिया तिर्की

लातेहार(आजाद सिपाही)। केंद्रीय विद्यालय लातेहार की प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने कहा कि साल 2020 में नयी शिक्षा नीति लागू की गयी है। इस साल हम नयी शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं। नयी शिक्षा नीति- 2020 का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा और किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक व रोजगारमुखी ज्ञान भी देना है। नयी शिक्षा नीति में कक्षा पांच तक शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा या स्थानीय भाषा के उपयोग पर जोर दिया गया है। मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। तिर्की ने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति में सिर्फ रट्टा सीखने के बजाय मुख्य ध्यान बच्चे के कौशल और क्षमताओं पर होगा। उन्होने आगे कहा कि नयी शिक्षा नीति के तहत केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में भी बालवाटिका-तीन की इस वर्ष से शुरूआत की जा रही है। इसमें नामांकन प्रक्रिया जारी है। छात्रों के ज्ञान के साथ साथ उनके स्वास्थ्य और कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जायेगा। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य कार्ड भी बनाये जायेंगे।

महिला सशक्तिकरण विषय पर एकलव्य विद्यालय में डालसा ने किया कार्यक्रम

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के दिशा निर्देश पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुजरा में 300 छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, एलएडीसी के अधिवक्ता इंन्द्राणी कुजुर, स्थाई लोक अदालत के सदस्य स्मिता सिन्हा, पीएलबी गौतम लेनीन और रवि कुमार लोहरा उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आवासीय विद्यालय के छात्राओं के बीच डायन प्रथा, महिला भ्रूण हत्या, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड लाइन और डालसा के विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड लाइन संबंधित 1098 नंबर कैसे काम करता है इसका बच्चों के बीच डेमो देकर प्रस्तुतीकरण किया गया।

झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय का प्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

हेरहंज-(लातेहार) (आजाद सिपाही)। हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का जिला परिषद सदस्य चंचला देवी, प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी व सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया। सर्व प्रथम उपस्थिति पंजी की जांच की जिसमें वार्डेन ममता कुमारी उपस्थिति पंजी में एटेंडेंस बना कर गायब मिली जिसपर सासंद प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने शिक्षिका उज्जवला बेथ से पूछा तो बताया गया कि वार्डेन किसी कार्य से बाहर गई हैं। छः शिक्षक, शिक्षिका घंटी आधारित नियुक्त किये गये। जिसमे कुछ शिक्षक 9 बजे से 1 बजे और कुछ 11 बजे से 3 बजे तक समय पर जाकर अपना-अपना क्लास लेतें हैं। वहीं छात्राओं को दो से तीन घंटी पढ़ाकर शिक्षक सिर्फ समय निकालते हैं।

मनिका में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। दिन गुरुवार को थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता डीएसपी दिलु लोहरा ने की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों तथा दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए यहां हर परिवार मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने की परंपरा रही है हमें उस परंपरा को कायम रखना है अफवाह पर भी ध्यान नहीं देना है। मौके पर थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह कहां मोहर्रम पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लड़ाई झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग ना करें शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। ऐसे लोगों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वही बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी, एएसआई राजकुमार तिगा, प्रदीप कुमार राय, एएसआई मनदीप तिवारी, प्रमुख प्रतिमा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, दरोगी यादव, पूर्व प्रमुख उमेश यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

केंद्रीय विद्यालय में नयी शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ मनी

भारत को जीवंत समाज बनाना नयी शिक्षा नीति का उद्देश्य : सिलास पूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग द्वारा केंद्रीय विद्यालय लोहरदगा में नई शिक्षा नीति 2020 के तीसरे वर्षगांठ पर पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय एचईसी रांची के प्राचार्य सिलास पूर्ति थे। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय की छात्राओं ने सम्मानियों अतिथियों का स्वागत स्वागत गान से किया गया। मौके पर प्राचार्य सिलास पूर्ति ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की नई शिक्षा नीति 2020 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इस नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बतलाया कि भारत में यह तीसरी शिक्षा नीति है। इससे पहले इंदिरा गांधी द्वारा 1968 में, राजीव गांधी द्वारा 1986 में और 2020 में नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया है। इस नीति का विजन है भारत को एक जीवंत समाज बनाना। छात्रों में निहित गुणों को बढ़ाना, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना आदि है। 21 वीं सदी में भारत को शिक्षा, विज्ञान और रक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूली शिक्षा पर विशेष फोकस किया जा रहा है। सैद्धान्तिक शिक्षा के स्थान पर व्यवहारिक शिक्षा और आलोचनात्मक शिक्षा पर फोकस किया जा रहा है। छात्र छात्राओं को उनकी रुचि के अनुसार पढ़ाई कराया जावेगा। अटल टिंकरिंग लैब से विद्यालय सुसज्जित है। पूरे देश में 1253 केंद्रीय विद्यालय है। 29 भाषा, 7 विदेशी भाषा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से इसका प्रसारण देख सकते हैं। एच ई सी के मुख्य अध्यापक पंकज कुमार वत्स ने बताया कि प्राथमिक कक्षा के बच्चों के लिए इस नीति की उपादेयता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार चौधरी समेत विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद थे।

लातेहार में जमीन घोटाले का पर्दाफाश होकर रहेगा : बंधु तिर्की

- 2019 के कैबिनेट निर्णय के आलोक में अविलंब सर्वे कराने की मांग
- सरकार को गुमराह कर रहे हैं अफसर, पर आदिवासी अपनी लड़ाई खुद लड़ेंगे और हर हाल में जीतेंगे भी

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। पूर्व मंत्री, राज्य समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि लातेहार और झारखंड में आदिवासियों की जमीन को किसी भी हाल में लूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि लातेहार में जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी प्रशासन की है, लेकिन दुर्भाग्य से अफसर समस्याओं को उलझा ही रहे हैं। वे मनमानी ही नहीं कर रहे, बल्कि सरकार को भी गुमराह कर रहे हैं। आदिवासी न केवल अपनी लड़ाई खुद लड़ेंगे, बल्कि हर हाल में जीतेंगे भी। वह आदिवासी सामाजिक सभा द्वारा गुरुवार को उदयपुरा में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लातेहार के विविध अंचलों में जमीन के पुनः व्यापक सर्वे के लिए चार साल पहले ही आदेश दिया जा चुका है, पर अब तक शुरुआत भी नहीं हुई। 18 अगस्त, 2019 को झारखंड कैबिनेट के निर्णय के बाद संकल्प जारी कर दिये गये आदेश की खुलेआम अवहेलना हो रही है।

बंधु तिर्की ने कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों के हितों को भी कुचला जा रहा है। भूमि दस्तावेजों में वैसे लोगों के नाम दर्ज किये जा रहे हैं, जिनका उस जमीन से कोई नाता नहीं है। संबंधित अंचल अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्य शैली पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पूर्व भी लातेहार में टाना भगतों के शांतिपूर्ण आंदोलन को अलग रंग देकर अनेक टाना भगतों को गिरफ्तार किया गया, जबकि महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी टाना भगतों की देशभक्ति और अहिंसा पर किसी भी हाल में संदेह नहीं किया जा सकता। बंधु तिर्की ने कहा कि लातेहार नगर परिषद को छोड़कर पूरा जिला पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र के तहत आता है, लेकिन यहां के अंचलाधिकारी के कारण गलत तरीके से जमीन की बंदरबांट जारी है। इसलिए तत्कालीन अंचलाधिकारी के पूरे कार्यकाल और उनकी संपत्ति की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'हमारी जमीन-हमारी पहचान' अभियान के तहत 15 सितंबर को कुंदरी जतरा मैदान में बड़ी सभा होगी, जिसमें शांतिपूर्वक आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों ने अब यह ठान लिया है कि 'कागज हमारा, जमीन तुम्हारा' वाले फॉर्मूले को अब वे चलने नहीं देंगे। सभा को प्रो तुलेश्वर उरांव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, चंद्रदेव उरांव, रौशन भगत, साजन कुमार, सुरेंद्र उरांव, आसान तिर्की, रिंकु कच्छप, राजेश उरांव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, मजबुला जी, धनलाल उरांव, जीतू उरांव, भागेश्वर उरांव, महेश्वर उरांव, सुनीता उरांव, जयराम उरांव सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया।

नवोदय विद्यालय में तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता शुरू

उपायुक्त ने मशाल प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, पटना संभाग का आज संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आज गुरूवार को सेन्हा प्रखंड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना में शुरू हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर की गयी। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल और विज्ञान के क्षेत्र में लगातार बेहतर कर रहे हैं। विद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक अपनी बुनियाद को और मजबूत किया है। कार्यक्रम में रांची जिला के मलखंभ खिलाड़ियों द्वारा पोल व रोप मलखंभ के विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किये जाने के बिंदु पर उपायुक्त ने कहा कि मलखंभ बहुत ही मुश्किल खेल है। इसे सीखना और सिखाना, दोनों बहुत कठिन कार्य होता है। महाराष्ट्र राज्य में यह खेल बहुत प्रसिद्ध है। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय में सर्वांगीण विकास के कार्यक्रम चलाये जाते हैं। उम्मीद है कि यह परंपरा आनेवाले वर्षों में भी जारी रहेगी। आप सिर्फ विद्यालय ही नहीं बल्कि राज्य और देश का नाम भी रौशन करेंगे, नये आयाम गढ़ेंगे।

तीन राज्यों की टीमें ले रही हैं भाग: संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में झारखण्ड से रांची, पश्चिम बंगाल से बर्द्धमान, बिहार से पटना और कटिहार जिला की बालक व बालिका वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। इसमें कुल प्रतिभागी 288 हैं। कार्यक्रम में उपायुक्त, लोहरदगा और जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एससी झा, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और सभी प्रतिभागी टीमें उपस्थित थी।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 85वां स्थापना दिवस मनाया गया

सीआरपीएफ का है गौरवशाली इतिहास, इसकी गरिमा बनाये रखें : कमांडेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। रघुटोली स्थित सीआरपीएफ के 158 बटालियन में गुरुवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 85वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गई। सलामी लेने के पश्चात कमाण्डेन्ट ने गार्ड के जवानों और उपस्थित सभी अधिकारियों/ कार्मिकों को 85वें स्थापना दिवस की बधाई दी तथा सभी को मिठाई वितरित की गयी। तत्पश्चात 158 बटालियन मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कमांडेंट द्वारा सैनिक सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारियों/कार्मिकों और उनके परिवारजनों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 85वें स्थापना दिवस की शुभकामनायें देने के साथ-साथ बताया कि इस बल की स्थापना दिनांक 27/07/1939 को नीमच में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के नाम से हुई थी, जिसे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। साथ ही कमांडेंट ने बल के अतीत को याद करते हुए बल के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों के बारे में भी अवगत कराया व सभी से अच्छा कार्य करते हुए बल की गरिमा को बनाए रखने हेतु आग्रह किया। इसी क्रम में पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु बटालियन मुख्यालय में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों/ जवानों के साथ जलपान का आयोजन किया गया। इसके उपरांत शाम को जवानों के बीच बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजयी टीम के जवानों को उपहार स्वरूप पारितोषित प्रदान किये गये। रात्री के समय बटालियन के सभी मेसो में संयुक्त रूप से बड़े खाने का भी आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के सभी अधिकारी/ अधीनस्थ अधिकारी और जवान एक साथ सम्मिलित हुए तथा एक दूसरे के साथ अपने-अपने अनुभव साझा किये।

कुष्ठ के लक्षण वाले 19 व्यक्तियों की सिविल सर्जन ने की जांच

लातेहार(आजाद सिपाही)। जिला कुष्ठ निवारण विभाग द्वारा 15 जून 2023 से कुष्ठ रोगियों को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुष्ठ रोग खोजी अभियान की शुरूआत की गई थी। इसी के अंतर्गत आज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लातेहार के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर होटवाग क्षेत्र में कुष्ठ संभावित 19 व्यक्तियों का जांच सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शोभना टोप्पो के निर्देशानुसार डॉ राजेश कुमार डीएलसी द्वारा किया गया। जिसमें 3 पीबी के नये कुष्ठ रोगी पाये है। वर्तमान में जिला के अंतर्गत पाये गये कुल संभावित व्यक्तियों में से 1455 व्यक्तियों का जांच प्रखंड स्तरीय टीम के द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें अभी तक 92 नये रोगियों को चिन्हित कर लिया गया हैं। आज के कुष्ठ रोग उन्मूलन जांच दल में एम पी डब्ल्यू विकेश कुमार, सहिया चंपु देवी, शबनम भारती, जिरमनिया देवी सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

मोहर्रम को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

भंडरा(आजाद सिपाही)। भंडरा में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च भंडरा थाना से निकलकर कुंबाटोली होते हुए मेन रोड नोडिहा चौक तक गया। फ्लैग मार्च में भंडरा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ पुलिस बल भी शामिल थे। मौके पर प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बताया कि मोहर्रम को लेकर विधि व्यवस्था की पूरी तैयारी कर ली गई है। किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सोशल मीडिया सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशासन की कड़ी निगाह है।

पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बैंकों द्वारा स्वीकृत किये गये कुल 25 लाभुकों को दो सप्ताह के अंदर भुगतान कर निष्पादित करने का निदेश जीएम, डीआईसी को दिया गया। बैंकों के शाखाओं में लंबित सभी 64 आवेदनों को एक माह के अंदर स्वीकृत और अगले एक माह में भुगतान की प्रक्रिया निष्पादित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, बैंक प्रबंधकों को निदेश दिया गया कि किसी लाभुक आवेदन अगर वापस या रिजेक्ट किया जाता है उसकी स्क्रूटनी अवश्य करें। रिजेक्ट या वापस किये गये आवेदनों में सही कारण लिखा जाय। इसके अतिरिक्त बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई योजना) की चर्चा हुई जिसमें सभी बैंक प्रबंधकों को दो माह के अंदर कम से कम दो-दो आवेदन सृजन और स्वीकृत करने का निदेश दिया गया। बैठक में उद्योग महाप्रबंधक अनिल कुमार और विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

खेत में गिरा 11 हजार वोल्ट का तार, अदरक की फसल जली

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मसमानो पंचायत अंतर्गत टोटो गांव निवासी किसान सुनील उरांव पिता बहूरा उरांव का अदरक के खेत में 11 हजार वोल्ट बिजली का तार गिरने से खेत में लगा अदरक का फसल जल गया। इस संबंध में सुनील ने बताया कि लगभग 10 डिसमिल जमीन में अदरक का खेती किया है। जिसमें पौधा तैयार हो गया था। खेत के बगल से ही 11हजार बोल्ट का बिजली तार गुजरा है। तार के टूट कर गिरने से खेत में आग लग गई । फसल जल गया। किसान के अनुसार लगभग 50हजार का नुकसान हुआ है। किसान के द्वारा नुकसान हुए फसल के मुआवजे की मांग की जा रही है।

जोहार यात्रा के दौरान डिग्री कॉलेज का उद्घाटन कर किया छल: अमित पांडेय

लातेहार(आजाद सिपाही)। बिशुनपुर सहित गोवा स्थित डिग्री कॉलेज के निरीक्षन के दौरान अधूरे काम के बावजूद इसके उद्घाटन कर मुख्यमंत्री ने लातेहार के लोगो कि भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है लातेहार के वर्तमान बिधायक पहले शिक्षा मंत्री भी रहे है इसके बावजूद उच्च शिक्षा से लातेहार के लोगो को दूर रखना हमारी पीढ़ी के ऊपर हमला है उक्त बातें आजसू जिलाध्यक्ष ने कहा। उद्घाटन के महीनों हो गये अभी तक कॉलेज का कार्य चल ही रहा है, अगर जल्द से जल्द कॉलेज चालू नही किया तो आंदोलन का बिगुल फुका जायेगा। इस इस कार्यक्रम में आजसू जिला अध्यक्ष अमित पांडेय छात्र संघ के नागमणि कुमार, समाजिक कार्यकर्ता राकेश सिंह, अमर उरांव, पीपी पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने तैयार बीज सीड बॉल का रोपण किया

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत पारही ग्राम में ग्रामीणों द्वारा सीड बॉल बनाने का अभियान चलाया गया। वन प्रमंडल लोहरदगा पदाधिकारी सहित बीडीओ और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के पारही ग्राम में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के साथ सीड बॉल तैयार करने तथा रोपाई करने को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फुलझरी देवी, मुखिया अनिल उराँव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। इस अभियान की शुरूवात संस्था से जानकारी प्राप्त कर ग्रामीण अपने जंगल को हरा भरा करने के लिए सीड बॉल बनाने का अभियान चलाया जिसमें लगभग 25000 बीज गेंद स्थानीय पेड़ पौधों का बीज करंज, जामुन, आम, इमली, केंद, पियार महुवा, गमहार, साल, आकाशी करौंजी सहित जंगल मे पाये जाने वाले बीजो को मिट्टी मिश्रण में तैयार कर सीड बॉल बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पारही ग्राम के ग्रामीणों के साथ साथ प्रदान से गोल्डन, सपना, अरचा, रामस्वारत, सोनू, शिवशंकर, गोपाल, जनमजय, भीम सहित ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

पीएम ने किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त की जारी, किसानों में हर्ष

कैरो (लोहरदगा)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 27 जुलाई गुरुवार को प्रखंड के सढाबे पंचायत के ग्राम खरता दिनेश कुमार दुबे के पीएम किसान स्मृद्धि केंद्र पर सैकड़ो किसानों ने पीएम का लाईव सुना। साहू ने कहा कि पीएम ने राजस्थान के सीकर से देश के 1.25 लाख पीएम किसान समृद्धि केंद्र को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि किसानो के जरूरतो के हर कृषि उपयोगी सामग्री व आधुनिक जानकारी अब उक्त केंद्रो से होगी प्राप्त, मिट्टी की जाँच, खाद, बीज, औजार और दुसरी कृषि योग्य मशीने भी समृद्धि केंद्र पर किसानो को प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर देश के किसानो के बीच 17000 हजार करोड़ रुपये की 14 किस्त की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त जारी किये जाने पर किसानो ने पीएम को किया आभार। मौके पर किसान हरि उराँव, सुकरू, विराज, संतोष, कलावली देवी इत्यादि सैकड़ो किसानो ने पीएम का लाईव प्रसारण खरता किसान समृद्धि केंद्र पर सुना।

विरोध प्रदर्शन : केओ कालेज में इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं करने के निर्णय पर छात्र संगठनों ने जताया आक्रोश

कालेज में तालाबंदी कर छह घंटे तक एनएच किया जाम

कुलपति ने हमें हमारे विवेक से निर्णय लेने की बात कही है, जिस पर हमने इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं का निर्णय लिया है : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं करने के फैसले से अक्रोशित सभी छात्र संगठनों ने गुरुवार को कॉलेज में तालाबंदी की और लगभग छह घंटे तक एनएच को जाम कर दिया। छात्र धूप-बारिश के बावजूद सड़क पर बैठ कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते रहे। कॉलेज प्रशासन के द्वारा इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं करने का छात्र संगठन शुरू से विरोध करते आ रहे हैं। छात्रों की मांग है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी कॉलेज में अनिश्चित तालाबंदी रहेगी।

छात्र नेताओं का कहना है कि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने कॉलेज के कार्यक्रम के दौरान मंच पर छात्रों को आश्वस्त करते हुए कहा था कि इंटर की पढ़ाई को जारी रखने के लिए एक घंटे में निर्णय ले लिया जाएगा।

पुलिस प्रशासन ने छात्र नेताओं को समझा कर रोड जाम खत्म कराया

आंदोलन के दौरान छात्रों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन निर्दयी हो चुका है। कॉलेज प्रशासन अपनी जिद के कारण जिले के गरीब विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। कॉलेज प्रशासन इतना संवेदनहीन हो गया है कि छात्र अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते रहे लेकिन किसी भी सदस्य ने वार्ता करने को लेकर पहल नहीं की। आंदोलन के दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर उपस्थित रहा। पुलिस प्रशासन ने छात्र नेताओं को समझाने की कोशिश की और आंदोलन को खत्म करने की बात कही। छात्र नेताओं ने पुलिस प्रशासन की बात मानकर रोड के आवागमन को फिर से शुरू कराया।

इसको लेकर छात्र संगठन ने समय-समय पर कॉलेज प्रशासन से इंटरमीडिएट में नामांकन प्रक्रिया जारी नहीं किये जाने पर रोष जताया और इंटर की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। जिस पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ सीमा कुमारी ने बताया कि कुलपति के द्वारा हमें हमारे विवेक से निर्णय लेने की बात कही थी, जिस पर हमने इंटर की पढ़ाई शुरू नहीं का निर्णय लिया है। जिस पर छात्र आक्रोशित हो गए और तालाबंदी करने का निर्णय लिया। छात्रों का कहना है कि गुमला जिले में जनजाति भाषाओं की पढ़ाई का एकमात्र केंद्र बिंदु कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला है, जहां इंटरमीडिएट में जनजातीय भाषा की पढ़ाई होती थी। सरकारी नियुक्ति में भी सरकार ने क्षेत्रीय भाषा को अनिवार्य रखा है। छात्रों का कहना है कि सरकार और कॉलेज प्रबंधन स्पष्ट करें कि छात्रों को लेकर उनकी क्या मंशा है। एक तरफ सरकार सभी अंगीभूत कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी करने का पत्र जारी करती है और कॉलेज प्रशासन कहता है कि इंटर की पढ़ाई हम जारी नहीं रखेंगे। आंदोलन में सभी छात्र संगठन और छात्रावास और कॉलेज के छात्र मौजूद रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

मुहर्रम पर्व को लेकर गुमला पुलिस ने घाघरा थाना में किया मॉक ड्रिल

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर गुमला पुलिस के द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। इस निमित्त किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस के जवानों को मॉक ड्रिल के माध्यम से बताया गया। साथ ही साथ ग्रामीणों को भी मॉक ड्रिल में शामिल कर जागरूक किया गया। इस दौरान आंसू गैस के गोले पुलिस के द्वारा छोड़कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया कि किस तरह से आंसू गैस के गोले काम करते हैं और भीड़ को तितर-बितर करने में मदद मिलती है। ग्रामीणों को बताया गया कि जब पुलिस इस तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए कार्रवाई करती है तो पुलिस के द्वारा क्या क्या गतिविधि की जाती है, जिससे आम लोगों को नुकसान भी पहुंच सकता है। इस दौरान थाना प्रभारी अमित चौधरी और सार्जेंट अर्जुन महथा ने ग्रामीणों से कहा कि माहौल को बिगड़ता देख सतर्कता जरूरी है। किसी भी स्थिति में बिगड़ता माहौल के बीच आम लोग ना फंसे। इस मौके पर थाना प्रभारी अमित चौधरी के अलावे सार्जेंट अर्जुन महथा, आईआरबी के प्रशिक्षक रवि कुमार सहित कई पुलिस के जवान मौजूद थे।

सावन उत्सव मेला में गौरी सर्कस का उद्घाटन

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में बुधवार शाम को सावन उत्सव मेला में लगे गौरी सर्कस का उद्घाटन फीता काटकर जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, मुखिया अमृता देवी, प्रमुख जगरानी तिग्गा द्वारा संयुक्त रूप किया गया। जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा मेला में लगे सर्कस एवं अन्य खेलों के कलाकारों एवं मेला संचालक जाहिद खान को शुभकामनाएं दी गयीं। सावन उत्सव मेला में गौरी सर्कस, ड्रैगन ट्रेन, ब्रेक डांस, कोलंबस झूला, मीना बाजार आदि लगे हुए हैं। यह मेला 15 अगस्त तक चलेगा। उद्घाटन के उपरांत सर्कस के कलाकारों द्वारा रोमांचक खेल का प्रदर्शन दिखाया गया। संचालक जाहिद खान ने बताया कि गुरुवार से सर्कस दिन के 1 बजे, 4 बजे एवं 7 बजे से दिखाया जायेगा। इस मौके पर किशन साहू, रामाशंकर पांडेय, मृत्युंजय नाग, राजकुमार सिंह, समेत अनेक गण्यमान्य उपस्थित थे।

केवीके गुमला ने सूखे की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पर दिया प्रशिक्षण

बिशुनपुर (आजाद सिपही)। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा गुरुवार को सूखे की स्थिति में वैकल्पिक कृषि पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 14 किस्त के रूप में पीएम किसान सम्मान निधि को राजस्थान के सीकर से लाइव प्रसारण के माध्यम से किसानों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 किस्त के रूप में 17500 करोड़ रुपये को बटन दबाकर निर्गत किया। जिसका उद्देश्य किसान खाद एवं बीज के रूप में उपयोग कर सकते हैं। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकती है। साथ ही साथ उन्होंने 125000 किसान समृद्धि केंद्र की भी शुरुआत की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुमला जिले की किसान लीलावती को प्रधानमंत्री के साथ सीधा संवाद के लिए चुना गया था। इस कार्यक्रम में महेंद्र भगत, संयुक्त सचिव विकास भारती ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज इस परिस्थिति में हमें वैकल्पिक कृषि की तरफ बढ़ना होगा। जिसमें हमें गोंदली मडुआ के साथ-साथ मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि हमें पशुधन के लिए चारा की व्यवस्था करना बहुत आवश्यक है। जिसके लिए हमें अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। डॉ संजय कुमार ने बताया कि जिस प्रकार डुमरी प्रखंड क्षेत्र के किसान डीएसआर के माध्यम से लगभग 80% धान की खेती कर चुके हैं, उसी प्रकार अन्य क्षेत्र के किसान भी इस तकनीक के माध्यम से इस सूखे की स्थिति में भी धान की खेती कर सकते हैं। साथ ही साथ हमें आने वाले दिनों में जल संरक्षण के ऊपर बड़े अभियान के रूप में किसानों की सहभागिता की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर नीरज कुमार ने कहा कि हमें अब दलहनी फसलों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि दलहनी फसलों को पानी की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में अटल बिहारी तिवारी, डॉ निशा तिवारी, सुनील कुमार, योगेश कुमार, शुभम दास के साथ-साथ 100 किसानों ने भाग लिया।

स्वच्छता कर्मियों का हाल जानने नगर परिषद पहुंचे डीसी

स्वच्छता कर्मियों का योगदान समाज में हमेशा सम्मान का हकदार है : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुरुवार को उपायुक्त सुशांत गौरव नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने शहर के स्वच्छता कर्मियों से मिलकर उनका तथा उनके परिवार जनों का हालचाल जाना, उनका उत्साहवर्धन किया तथा पूरे मनोयोग से इसी तरह काम करते रहने के लिए प्रेरित किया। अपने बीच उपायुक्त को पाकर कार्यालय के स्वच्छता कर्मी एवं अन्य कर्मचारी बड़े खुश हुए।

कर्मियों ने उपायुक्त को गुलाब फूल देकर प्रदर्शित किया आभार : नगर परिषद पहुंचे उपाय सुशांत गौरव के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कार्यालय के एक-एक स्वच्छता कर्मी ने अपने हाथों से उन्हें गुलाब प्रदान कर आभार व्यक्त किया कि उन्होंने सदैव नगर परिषद के स्वच्छता कर्मियों का ध्यान रखा। सभी ने उनके अगले कार्यकाल तथा अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

सभी कर्मियों को प्रदान किए गए रैनकोट : नगर परिषद की ओर से स्वच्छता कार्यों से संबद्ध सभी महिला-पुरुष कर्मियों को रेनकोट उपहार में दिए गये ताकि बरसात के इस मौसम में उनका स्वास्थ्य प्रभावित न हो। सभी कर्मियों को उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने हाथों से रेनकोट प्रदान किए।

नगर परिषद की ओर से टांगीनाथ धाम से जुड़ा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया : गुमला नगर के प्रशासक संजय कुमार ने अपने कार्यालय कर्मियों के साथ मिलकर उपायुक्त सुशांत गौरव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। संजय कुमार ने कहा कि स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किए गए टांगीनाथ धाम का चित्र उन्हें गुमला जिले की स्मृतियों से जोड़े रखेगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में बीते दिनों जो भी नवाचार किए गए हैं उन सभी में उपायुक्त सुशांत गौरव का सदैव मार्गदर्शन मिला।

अपने उद्बोधन में उपायुक्त ने सभी स्वच्छता मित्रों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही कहा कि उनकी सतत मेहनत के कारण ही शहर साफ-सुथरा रह पाता है। उन्होंने कहा कि समाज में स्वच्छता कर्मियों का योगदान हमेशा सम्मान का हकदार है। इस दौरान अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता तथा अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने भी स्वच्छता कर्मियों को संबोधित करते हुए उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

मौके पर नगर परिषद के नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, हिमांशु मिश्रा, रोनक पांडे, अरशद अली, सुमित राम, रविंद्र मांझी, संदीप उरांव, सुजीत राम सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी गण मौजूद थे।

सुभाष मुंडा की हत्या राज्य सरकार की नाकामी : डॉ दिनेश उरांव

सिसई (आजाद सिपाही)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह पूर्व सिसई विधायक डॉ दिनेश उरांव ने नगड़ी के आदिवासी युवा नेता सुभाष मुण्डा हत्याकांड को लेकर घोर निंदा प्रकट की है। डॉ उरांव ने झारखंड राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। भाकपा माले के ऊर्जावान आदिवासी युवा नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या हेमंत सरकार की नाकामी को दर्शाता है। राजधानी में राजनीतिक दल के एक युवा आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी जाती है और सरकार इस पर मौन धारण की हुई है। वर्तमान सरकार अपराधियों को संरक्षण देने और सरकार के मंत्री व नेता राज्य को लूटने में लगे हैं। राज्य में जनता की सुरक्षा व कानून व्यवस्था से इन्हें कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने भाकपा माले युवा नेता सुभाष मुण्डा के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी व सजा दिलाने की मांग की है।

मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर चैनपुर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

चैनपुर (आजाद सिपाही)। मुहर्रम त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक गुमला एहतेशाम वकारीब के निर्देश पर गुरुवार को चैनपुर पुलिस ने चैनपुर थाना से पीपल चौक, बस स्टैंड, अल्बर्ट एक्का चौक, सोहन चौक, एमएलए रोड आदि मार्गों व जगहों पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों से कहा गया कि मुहर्रम पर्व को लेकर बिल्कुल शांति व्यवस्था बनाए रखें ताकि आपसी भाईचारा कायम रहे। सद्भावपूर्ण वातावरण में सभी मिलकर मुहर्रम का त्यौहार मनायें। चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम मिल-जुल कर शांति के साथ मनाएं। कहीं कुछ गड़बड़ी हो तो उसकी सूचना तुरंत थाने को दें। अफवाहों पर ध्यान ना दें। मौके पर एसआई आलोक कुमार, एएसआई मदन शर्मा सहित काफी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे।

डुमरी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

डुमरी (आजाद सिपाही)। डुमरी थाना परिसर में बीडीओ एकता वर्मा, सीओ रेशमा रेखा मिंज एवं पुलिस निरीक्षक बैजू उरांव के संयुक्त नेतृत्व में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई। सर्वप्रथम पुलिस निरीक्षक के द्वारा सभी उपस्थित जनों को नये थानेदार रवि कुमार से परिचय कराते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही आपसी भाईचारगी के साथ पुलिस प्रशासन से सामंजस्य स्थापित करते हुए पर्व त्योहार को शांति पूर्वक मनाएं। वहीं बीडीओ एकता वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति हम सभी सद्भावपूर्ण ढंग से मोहर्रम का त्योहार मनाएं साथ ही किसी भी तरह की भ्रामक खबर या अफवाह की बातों में न आयें और यदि किसी भी तरह की कोई भी समस्या होने पर तत्काल थाना को सूचित करें। वहीं सीओ रेशमा रेखा मिंज ने सभी लोगों से पर्व त्योहार को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। वहीं अंत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रवि कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर थाना प्रभारी रवि कुमार, मुखिया प्रदीप मिंज, बसंत भगत, ज्योति बहेर, सुभाष ठाकुर, जगरनाथ प्रसाद, हैदर अली, शमीउल्लाह अंसारी, मो. इब्राहिम, सब्जिलाल साहू, मकबूल आलम, पवन केशरी, एजाज रागिव, वाज मियां सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस की बैठक में लीडर डेवलपमेंट मिशन के बारे में की गयी चर्चा

वैसे कार्यकर्ता जो सेवा भाव से काम करते हैं वैसे सदस्यों को लीडर के रूप में प्रोजेक्ट करना है : पवन गौतम

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत परिसदन भवन गुमला में बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद, पवन गौतम, प्रदीप केसरी उपस्थित हुए। बैठक में लीडर डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा की गई।

मौके पर गुमला विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन गौतम ने कहा कि बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला स्तर में वैसे कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय हैं और आगे बढ़ नहीं पाते हैं, वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है और लीडर के रूप में उन्हें प्रोजेक्ट करना है। बिशुनपुर विधानसभा कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद ने कहा कि जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की और लोगों के बीच जो संवाद किया वह बहुत ही कारगर रहा है। आज हमें बूथ, पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर में सभी समुदाय से लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत लोगों को भागीदारी देना है। सिसई विधानसभा कोऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी ने कहा कि आज सेल प्रकोष्ठ के सभी जिला अध्यक्ष जल्द अपनी कमेटी बना लें। आप सभी कार्यकर्ता सभी समाज के बीच सुख दुख में भागीदारी बनें, तभी हमारी कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ से प्रभावित होकर सिसई प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश दास ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में विष्णु राम, मो. खालिद, फिरोज आलम, राजू रंजन महतो, बिंदेश्वर साहू, महेश कुजूर, राजेश टोप्पो, अमृता भगत, मुख्तार आलम, आशीष नाथ शाहदेव, लोहरा उरांव, मो. मुख्तार आलम, निलेश उरांव, जितेंद्र लोहरा, बैबुल अंसारी, अमित कुमार साहू, सुजीत जयसवाल, रामनिवास प्रसाद, आजाद अंसारी, गुलाम सरवर, शनिवार देवी, रूपेश कुमार सनी, मुकुट बखला, राजनील तिग्गा, जयसिंह, रोहित उरांव, शहजादा खान, राजू भगत, विकास साहू, अरुण कुमार पांडे, इस्माइल कुजूर, मनसुब अंसारी, अरूण गुप्ता, तरुण गोप सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

जारी पुलिस ने 25 मवेशियों को किया जब्त

जारी (आजाद सिपाही)। जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने तस्करी के लिए ले जा रहे 25 मवेशियों को झारखंड छत्तीसगढ़ के बॉर्डर के समीप तिगरा में सुबह लगभग 4:00 बजे पकड़ा। पुलिस को देख मवेशी तस्कर अंधेरा का फायदा उठाते हुए फरार हो गये। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ से तस्करी के लिए मवेशी को तस्करों के द्वारा बेरहमी से मारते-पीटते झारखंड की ओर ला रहे हैं, इसकी गुप्त सूचना हमें मिली तो मैं अपने अधीनस्थ पुअनि देवानंद राणा को इसकी सत्यता की जांच के लिए भेजा तो पता चला कि मवेशी तस्कर मवेशियों को बेरहमी से मारते पीटते झारखंड की ओर ला रहे हैं, तब सभी मवेशियों को तिगरा के समीप जब्त करते हुए थाना ले आया गया। थानेदार के निर्देशानुसार सभी 25 मवेशियों को थाना क्षेत्र के गरीब किसानों के बीच वितरित कर दिया गया। वहीं थानेदार मनीष कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अवैध धंधा ना करे अन्यथा उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई तय है, इसलिए जो भी व्यक्ति गलत धंधा कर रहे हैं सावधान हो जाएं अन्यथा सलाखों के पीछे जाएंगे।

कार्यक्रम : नवनिर्मित प्रखंड स्तरीय शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय का किया गया उद्घाटन

जाते-जाते उपायुक्त ने प्रखंडवासियों और विद्यार्थियों को दिया उपहार

कार्यक्रम में उपस्थित शहीद तेलंगा खड़िया के 17 वंशजों को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई/भरनो। पुराने प्रखंड कार्यालय स्थित 47 लाख की लागत से बने नवनिर्मित प्रखंड स्तरीय शहीद तेलंगा खड़िया पुस्तकालय का डीसी सुशांत गौरव, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, एसी सुधीर कुमार गुप्ता, एसडीओ रवि जैन, पूर्व शिक्षक पितांबर झा ने संयुक्त रूप से उद्घाटन कर गुरुवार को प्रखंड वासियों को समर्पित किया।

इस दौरान डीसी ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज व देश का विकास संभव नहीं है। आर्थिक रूप से कमजोर व प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को इस पुस्तकालय से न्यूनतम शुल्क पर बड़ी राहत मिलेगी। पुस्तकालय में सभी तरह के ज्ञानवर्धक व प्रतियोगिता की पांच हजार पुस्तक व कम्प्यूटर सहित अन्य सुविधा उपलब्ध है।

डीसी ने विद्यार्थियों को समय का महत्व को समझने और समय के साथ भविष्य का लक्ष्य निर्धारित कर पुस्तकालय का भरपूर लाभ उठाने की अपील की। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय का सफल संचालन, रख-रखाव के साथ न्यूनतम शुल्क जमा नहीं कर पाने वाले बच्चों को सरकारी कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों को उनका सहयोग करने में अपनी-अपनी महती भूमिका निभाने की अपील की, जिससे कि एक सभ्य और शिक्षित समाज बनाने में संसाधनों की कमी आड़े न आ सके। वहीं विधायक, जिप अध्यक्ष व अपर समाहर्ता ने विभिन्न स्कूलों से आये छात्र-छात्राओं को जीवन में शिक्षा व पुस्तकालय के महत्व के विषय में विस्तार पूर्वक समझाया। कार्यक्रम में उपस्थित शहीद तेलंगा खड़िया के 17 वंशजों को अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

मौके पर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रमुख मीना देवी, भदौली मुखिया अलबीना देवी, अंजुमन सदर सलमान अली, विपीन झा, सचीन वर्मा, प्रकाश उरांव, रवि उरांव, मनोज वर्मा, लक्ष्मी नारायण यादव, मोनू शुक्ला, उमर फारुक अंसारी, रहमान अंसारी, सुमित महली, जाकीर खान, दीपक अधिकारी, बासुदेव उरांव, सचिदानंद उरांव, रोहित शर्मा सहित कई प्रबुद्ध जन, शिक्षक, छात्र-छात्राएं व प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल

बसिया (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत कलिगा गांव में रांची-सिमडेगा मुख्य पथ पर बाइक सवार स्कूली छात्रों ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार संत जोसेफ उच्च विद्यालय कोनबीर नवाटोली में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले शिवानंद भेंगरा (16) एवं कामिल भेंगरा (16) विद्यालय से एक बाइक में सवार होकर अपने घर ससिया जा रहे थे, तभी कलिगा गांव के समीप सड़क पर आए बैल को बचाने के क्रम में कलिगा गांव निवासी महेश्वर महतो (60) को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सहित दोनों छात्र सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना के बाद तीनों घायलों को रेफरल अस्पताल बसिया में भर्ती कराया गया, जहां से महेश्वर महतो को सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया।

बारिश के लिए ग्रामीण कर रहे हैं पूजा-अर्चना

सिसई (आजाद सिपाही)। मानसून के कई दिन बीत जाने के बाद भी खेती योग्य बारिश नहीं होने से परेशान ग्रामीण किसान पहान पुजार की अगुवाई में नाराज इंद्र देव को मनाने में जुट गए हैं। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में सैन्दा गांव की महिलाएं, युवती व बच्चियां पहनाईन लाली उराईन, पुजारिन तारी देवी, महतवाईन बुधनी उराईन व कोटवारीन के नेतृत्व में करकरी नदी से जल उठाकर सरना स्थल, देवी मंडप व पाठ स्थल में सामूहिक रूप जल चढ़ाया और इंद्रदेव से अच्छी बारिश की कामना की। पहनाईन लाली उराईन ने बताया कि जिस दिन ग्रामीण सामूहिक रूप से सरना स्थल, देवी मंडप व पाठ स्थल में पूजा अर्चना और जलाभिषेक करते हैं, उस दिन निश्चित रूप से बारिश होती है। बरसात के मौसम में सूखे की संभावना को देखते हुए यह परंपरा सैकड़ों सालों से चली आ रही है। मान्यता है कि मनुष्यों की गलती से रूष्ट इंद्र देव कभी-कभी बारिश रोक देते हैं। परंतु सभी देवस्थान पर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना से इंद्र देव खुश होकर अच्छी बारिश करते हैं। मौके पर मांगो देवी, सुकरो देवी, रेणु देवी सहित सैकड़ों महिला व बच्चियां उपस्थित थीं।

कार्रवाई : विश्रामपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और खोखा बरामद

कबाड़ व्यापारी से रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर पुलिस को गुरुवार को बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पुलिस ने विश्रामपुर थाना कांड संख्या 43/2023 के एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, उक्त कांड में शामिल दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हर संभावित जगह छापामारी की जा रही है। बताते चलें कि विगत 15 जुलाई को बाइक से आए तीन अपराधियों ने एक कबाड़ा दुकान के सामने बम फेंका था। कबाड़ी व्यावसाई प्रभु साव को गाली गलौज करते हुए रंगदारी

रंगदारी मांगने और फायरिंग करने के आरोप में गिरफ्तार युवक।

मांगी थी। इतना ही नहीं जाते-जाते अपराधियों ने भय उत्पन्न करने के लिए एक राउंड हवाई फायर भी किया था। इस संबंध में प्रभु साव ने विश्रामपुर थाना में आरिफ चूड़ीफरोस नामक एक अपराधी के खिलाफ नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इस घटना के उद्भेदन, अनुसंधान और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पलामू एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्य की मदद और गुप्तचर की सूचना के आलोक में बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत अम्बा थाना के बढ़कागांव निवासी राधेश्याम कुमार उर्फ श्याम पासवान को पूछताछ के लिए लाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि आरिफ चूड़ीफरोश और एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। उसी की निशानदेही पर दो देशी कट्टा, आठ एमएम (315 बोर) के चार जिंदा कारतूस, एक खोका और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि इस घटना के दो अन्य अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए हर संभावित जगह छापेमारी की जा रही है। बाकी बचे दोनों अपराधी भी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। वहीं, छापामारी दल में एसआई अजय केरकट्टा, आरक्षी उमेश पाल, कमरूदीन बैठा सहित तकनीकी शाखा के लोग शामिल थे।

कर्नल संजय के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से की मुलाकात

हुसैनाबाद क्षेत्र की अर्धनिर्मित सिंचाई योजनाएं जल्द पूरा करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को ज्ञापन सौंपते कर्नल संजय व अन्य।

हुसैनाबाद। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में 21 सदस्यीय एक प्रतिनिधिदल ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात किया। इसमें ब्रिगेड के सह संरक्षक भुनेश्वर सिंह, सचितानंद सिंह, मनोज शर्मा, लाल बहादुर सिंह, ओम प्रकाश राजवंशी, लालधन ठाकुर, अमित सिंह, धीरेंद्र बैठा, चंद्रभूषण सिंह छोटू, बुटन यादव और रविरंजन सिंह आदि भी शामिल थे। उक्त प्रतिनिधि मण्डल ने हुसैनाबाद विधानसभा के मुख्य चार अर्धनिर्मित और लंबित सिंचाई परियोजनाओं को जिसमें हरिहरगंज बटाने सिंचाई परियोजना, पिपरा अमकर सिंचाई योजना, हुसैनाबाद के डंडीला पंचायत स्थित कुंडपर सिंचाई परियोजना और नॉर्थ कोयल कैनाल स्थित जीरोआरडी से लिफ्ट कैनाल कररबार तक परियोजना को यथाशीघ्र प्रारंभ कर क्षेत्र के असिंचित भूमि को सिंचित करने का आग्रह किया गया है। कर्नल संजय सिंह ने बताया कि जलशक्ति मंत्री ने सभी चारों मांगों को गंभीरता से लिया। कहा कि किसानों के खेतों को सिंचित करना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उसमें भी हुसैनाबाद विधानसभा के किसानों की भूमि को सिंचित करने के लिए प्रधानमंत्री सहित पूरा जलशक्ति मंत्रालय बहुत ही संवेदनशील है और उक्त सभी योजनाओं को धरातल पर यथाशीघ्र उतारा जाएगा।

आरती व अजान को ध्यान में रख कर मनायें त्योहार : मुमताज

नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित लेस्लीगंज पुराना बाजार मुहर्रम के अवसर पर आठवीं के दिन इराकीया कमेटी की ओर से पूर्व प्रत्याशी सह मुहर्रम इमताजिया कमेटी के पलामू जिला सरपस्त मुमताज अहमद खान को पगड़ी बांधकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा है कि आस्था, श्रद्धा व उत्साह से जोश खरोश के साथ होश में त्योहार को मनाएं। अल्लाह के कानून शरीयत को मानते हुए नबी के तरीके को ध्यान में रखकर इमाम हसन हुसैन को आदर्श मानकर त्योहार का एहतेमाम करें। देश के कानून को ध्यान में रखकर सरकार की गाइडलाइन और प्रशासनिक अधिकारियों का आदेश का अनुपालन करते हुए त्योहार का एहतेमाम करें। किसी की भावना आहत ना हो इसका भी विशेष ध्यान में रहकर करना चाहिए। सभी धर्म, जाति के लोगों का सम्मान करते हुए आरती और अजान का ध्यान में रख कर त्यौहार मनाए सभी बातों को जिले सहित पांकी विधानसभा वासियों को भी यह त्योहार का अमन भाईचारा का संदेश दिया है। मुमताज खान ने कहा कि हिंदू भाइयों की तपस्या का पवित्र श्रावणी महीना चल रहा है। इस मौके पर सभी सम्मानित सनातन धर्म वाले भाइयों, बहनों को हृदय के गहराइयों से बधाई देता हूं। हिंदू-मुस्लिम भाइयों बहनों का सद्भाव हमेशा भोले बाबा बनाए रखें।

नगर मुहर्रम इंतजामिया महाकमेटी का गठन, मुंसफिर आलम बने सदर

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 11 के निमीटांडी गांव में मुस्लिम समुदाय की बैठक हुई। जिसमें कोशियार, निमीटांडी, उरसुला, पांडेयपुर, डिहरिया, कविलासी व सोरडीहा गांव के मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता इस्लाम अंसारी व संचालन हाजी रेयाज अंसारी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी शामिल हुए। सभी गांवों के मुहर्रम इंतजामिया कमेटी और ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से विश्रामपुर नगर परिषद मुहर्रम इंतजामिया महाकमेटी का गठन किया गया। जिसका सदर मुंसफिर आलम कादरी को बनाया गया। वहीं महबूब आलम को सचिव, अलाउद्दीन अंसारी को नायब सदर, इद्रीश अंसारी को नायब सचिव, फिरोज अंसारी को खजांची व निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुदीन अंसारी को मीडिया प्रभारी चुना गया। जबकि इस्लाम अंसारी, अनीस अंसारी,सिराजूदीन अंसारी,हाजी समसूदीन अंसारी, नासीर अंसारी और उसमान अंसारी को कमेटी का सरपरस्त बनाया गया। बैठक के बाद प्रेस वार्ता कर नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि अमन और भाईचारगी के बीच मुहर्रम का भव्य जुलूस 29 जुलाई को निकलेगा। नवगठित कमेटी मूल कमेटी है जो विश्रामपुर मुहर्रम जुलूस को मार्गदर्शित करने के अलाव उसका निगरानी भी करेगा।

पानी में डूबने से मारे गये बच्चों के आश्रितों को मिलेंगे 4-4 लाख रुपये, डीसी ने दी स्वीकृति

- गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही राशि का होगा भुगतान
- एक ही दिन उलडंडा की चार बच्चियों का हुआ था निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के चैनपुर एवं सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत पानी में डूबने से मारे गए छह बच्चों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए दिये जाएंगे। डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने गुरुवार को इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने आंचलों से प्राप्त अभिलेखों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से आवंटन प्राप्त होते ही सभी मृतक के आश्रितों को सहायता राशि भुगतान करने निर्देश दिया। विदित हो कि चैनपुर अंचल अंतर्गत उलडंडा गांव निवासी अवधेश उरांव की पुत्री अर्चना कुमारी एवं अराधना कुमारी, एतवा मुंडा की पुत्री सलमी कुमारी के अलावा मुकेश खाखा की पुत्री छाया खाखा का निधन एक ही दिन 20 जुलाई को स्कूल के पीछे डोभा (पानी) में डूबने से हो गई थी। वहीं दो फरवरी को चैनपुर अंचल अंतर्गत महुगांवा गांव निवासी गुड्डू पासवान के पुत्र आनंद कुमार पासवान का निधन डोभा में डूबने से हुई थी। इसके अलावा सदर मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत बारालोटा निवासी मोनी कुमार के पुत्र अमन राज का निधन 9 जुलाई 2021 को डैम में डूबने से हो गई थी।

पलामू के जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव ने बताया कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जलप्रपात एवं नदी में डूबने से मृत्यु को स्थानीय प्राकृतिक आपदा घोषित किया गया है। वहीं पानी में डूबने की घटना को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया गया है।

वार्ड पार्षद ने करायी जलमीनार की मरम्मती

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। सात नंबर वार्ड अंतर्गत कर्बला के समीप निवर्तमान वार्ड पार्षद सुहैल आलम के सकारात्मक प्रयास से हुसैनाबाद नगर पंचायत द्वारा जलमीनार को दुरूस्त कराया गया। विदित हो कि जलमीनार की टंकी फट जाने से उक्त क्षेत्र के लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा था। इसकी जानकारी मिलते पर निवर्तमान वार्ड पार्षद ने पहल कर नया टंकी लगवाकर जलमीनार को दुरुस्त करवाया। इससे क्षेत्र के लोगों में हर्ष है। रवि यादव, संजीत कुमार, मोहम्मद अली उर्फ डबली आदि ने पार्षद का आभार व्यक्त किया है।

देशवासियों के लिए एपीजे अब्दुल कलाम हमेशा रहेंगे रोल मॉडल : कन्हैया प्रसाद

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के रामवि परिसर में गुरुवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी तसवीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने कहा कि बेहद गरीबी को करीब से देखनेवाले कलाम साहब की जिंदगी विषम परिस्थितियों से गुजरी। रेलवे स्टेशन पर पेपर बेचना दैनिक कार्य था। लेकिन शिक्षा से बेहद लगाव था। विषम परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा उनसे मिलती है। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व, कृतित्व व आदर्श को आत्मसात करने की जरूरत है। वह सदा हम देशवासियों के लिये रोल मॉडल रहेंगे। इस मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, मो जुबेर अंसारी, पुष्पा कुमारी, आशा, सुषमा पांडेय, रश्मि प्रकाश, अभिषेक प्रजापति व फैसल अहमद आदि थे।

मिशन इंद्रधनुष की सफलता को लेकर प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की हुई बैठक

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में मिशन इंद्रधनुष व एमडीए- डीए कार्यक्रम 2023 के सफल कार्यान्वयन के लिए प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम व संचालन चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति ने किया। बैठक में इंद्रधनुष मिशन व एमडीए -डीए कार्यक्रम के वर्तमान स्थिति और उसकी प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलाव उक्त मिशन के सफल संचालन पर भी व्यापक रूप से चर्चा हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, जेएसएलपीएस के बीपीएम राजेश्वर कुमार,विनोद तिवारी, बीपीओ मणि पांडेय, एमटीएस पंकज कुमार टास्क फोर्स के कई सदस्य मौजूद थे।

बिजली और अन्य समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे सैकड़ों लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। हरिहरगंज व पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र में बिजली का हाल बेहाल है। दोनों प्रखंडों के साथ विभाग के सौतेला व्यवहार से उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश है। इसे लेकर पीपरा प्रखंड के प्रमुख विक्रांत सिंह उर्फ गुड्डू यादव के नेतृत्व में सैकड़ों लोग दमवा मोड़ पहुंच कर अनिश्चितकालीन जनाक्रोश धरना शुरू कर दिया है। विक्रांत सिंह यादव ने बताया कि क्षेत्र में 5-6 घंटे ही बिजली दी जाती है। वह भी लो वोल्टेज में। प्रमुख ने कहा कि जब तक बिजली उपभोक्ताओं की 16 सूत्री मांगे पूरी नहीं होगी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। वहीं तेंदुई पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिंह व दलपतपुर के राजेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र में एक समस्या हो तो गिनाया जा सकता है। कई ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं और नंगा तार लगाया गया है। जिसे विभाग को ट्रांसफार्मर देना चाहिए और नंगे तार के जगह केबल तार देना चाहिए। जानता के हित में कार्य कर रहे अंकित कुमार एवं आनंद कुमार को वापिस विभाग में रखना चाहिए। पीपरा प्रखण्ड के सरैया, तेंदुई, मधुबाना, पीपरा बभंडी तथा दलपतपुर पंचायत के सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं ने क्षेत्र में 20 से 22 घंटे बिजली सप्लाई करने, बिजली मिस्त्री का आवास ग्रिड में ही व्यवस्था करने, बिजली से संबंधित जनता का समस्याओं का त्वरित निष्पादन और कृषि फीडर को प्लांट फीडर से हटाने सहित 16 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। जनाक्रोश धरना प्रदर्शन के दौरान दुबटिया जपला मुख्य मार्ग पूरे दिन जाम रहा। इससे छोटे वाहनों को छोड़ कर बड़े वाहनों का संचालन प्रभावित रहा। वहीं सूचना पर सीओ आरएन मंसूरी व बीडीओ अशोक मेहता मौके पर पहुंच कर प्रदर्शनकारियों को समझाये और सभी 16 सूत्री मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया। इस पर प्रदर्शनकारियों ने धरना को समाप्त करते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर मांगे पूरी नहीं हुई तो पुनः धरना पर बैठने को बाध्य होंगें। मौके पर जीप सदस्य ददन पासवान, मुखिया राजेश राजवंशी, मुखिया प्रतिनिधि विकाश तिवारी, अरविन्द सिंह, रामाशीष पासवान, राजेन्द्र यादव,भोला सिंह, रवि रौशन रवि आदि मौजूद थे।

केंद्र सरकार किसानों की समृद्धि के लिए तत्पर : रविंद्र सिंह

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के मेन रोड स्थित प्रकाश ट्रेडर्स परिसर में प्रधानमंत्री की ओर से सीकरी में किसान समृद्धि विकास केंद्र के उद्घाटन का प्रसारण सुना गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की जरूरतों के लिए एक ही स्थान पर किसान समृद्धि विकास केंद्रों के माध्यम से जरूरत की चीजों की पूर्ति करेगी, ताकि उन्हें हर सुविधा सुलभ रूप से उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि किसान समृद्धि केंद्र पर किसानों की जरूरी सुविधाओं के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्र की भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रकाश ट्रेडर्स को किसान समृद्धि विकास केंद्र से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर संतोष सिंह, छठन पासवान, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा, रंजीत कुमार सिंह, दुधेश्वर सिंह, प्रकाश कश्यप, अमित कश्यप, सुबोध कश्यप, एस कुमार सिंह और राजेश कर्ण आदि मौजूद थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
samajiksurksha@gmail.com

-: आम सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला "सामाजिक सुरक्षा कोषांग चतरा" का कार्यालय पूर्व में "विकास भवन" के द्वितीय तल्ला में संचालित था, दिनांक 18.07.2023 से "समाहरणालय भवन" के निचले तल्ले में कार्यालय का संचालन किया जा रहा है।

केन्द्र प्रायोजित एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं से संबंधित कार्य कराने के लिए आम लोगों को सूचित किया जाता है कि किसी भी प्रकार का पेंशन से संबंधित कार्य समाहरणालय भवन में आकर निष्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे।

PR 303453 Social Welfare,Women and Child Development (23-24)_D

उपायुक्त
चतरा

गोवा में होगा 37वां नेशनल गेम्स : झारखंड के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर 21 अगस्त से

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गोवा में 25 अक्टूबर से 8 नवंबर तक 37वां नेशनल गेम्स आयोजित होने जा रहा है। जिसके लिए झारखंड खेल विभाग ने भी कमर कस लिया है। खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा ने बताया कि खेल विभाग नेशनल गेम्स में खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए हर संभव सहायता करेगा। उन्होंने बताया कि नेशनल गेम्स में क्वालिफाई कर चुके विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन तीन चरणों में किया जायेगा। पहले प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 21 अगस्त से प्रारंभ होकर 8 सितंबर तक चलेगा। द्वितीय प्रशिक्षण शिविर 11 से 30 सितंबर तक चलेगा, जबकि तीसरे और फाइनल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 7 अक्टूबर से प्रारंभ होकर विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के नेशनल गेम्स में भाग लेने के पूर्व तक जारी रहेगा। नेशनल गेम्स के लिए आयोजित यह कैंप रांची के विभिन्न स्टेडियमों में होगा। रहने और खाने की संपूर्ण व्यवस्था खेल विभाग की ओर से ही की जायेगी। इस दौरान खिलाड़ियों के पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जायेगी, जिसके लिए खेल संघों को डाइट प्लान उपलब्ध कराना होगा। कैंप के दौरान फीजियो और मसाज करने वाले का इंतजाम भी किया जायेगा। नेशनल गेम्स के दौरान ये भी झारखंड दल का हिस्सा होंगे। नेशनल गेम्स के प्रथम चरण के शिविर में खिलाड़ियों को ट्रेनिंग किट के रूप में ट्रैक सूट और दो सेट ट्रेनिंग किट दिये जायेंगे। सामान्य रूप से झारखंड दल का प्रतिनिधित्व राज्य के खिलाड़ी ही कर पायेंगे। विशेष परिस्थिति में दूसरे राज्य के वैसे खिलाड़ी, जो झारखंड में पिछले छह महीने से नौकरी कर रहे हों या पढ़ रहे हों, अपने क्वालिफिकेशन के आधार पर राज्य दल का हिस्सा बन सकते हैं। खिलाड़ियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए मेडिकल की उचित व्यवस्था होगी। इनके ग्रुप इंश्योरेंस की व्यवस्था भी की जायेगी। नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले झारखंड दल के लिए सेरेमोनियल किट की भी व्यवस्था की जाएगी। यह सेरेमोनियल किट झारखंड के रंग से सराबोर होगा, जिसमें महिला खिलाड़ी के लिए साड़ी और पुरुष खिलाड़ी के लिए कुर्ता-पजामा और विशेष रूप से डिजाइन किये गए ब्लेजर शामिल होंगे। इसके साथ खिलाड़ी को ट्रैक सूट भी दिया जाएगा इसे पहन कर वो मेडल सेरेमनी या अन्य इवेंट में भाग ले सकेंगे।

नेशनल गेम्स के 37वें संस्करण में ये खेल होंगे शामिल

एथलेटिक्स, आर्चरी, हॉकी (महिला और पुरुष), लॉन बॉल्स, वुशु, कबड्डी (महिला), रोइंग।
फुटबॉल (महिला) और बीच सॉकर, रॉल बॉल, मलखम्भ (पुरुष और महिला)। इन खेलों के अलावा कुश्ती, सेपक टकरा, हैंडबॉल आदि खेलों के शामिल होने की भी संभावना है।

फुटबॉल विश्व कप क्वालिफायर्स के आसान ग्रुप में भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। एशियाई खेलों में फुटबॉल स्पर्धा के लिए ड्रॉ जारी कर दिया गया है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम ग्रुप ए में चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ है। वहीं, महिला टीम को ग्रुप बी में चीनी ताइपे और थाईलैंड को रखा गया है। दूसरी ओर, भारतीय फुटबॉल के लिए एक और बड़ी खबर यह है कि अमेरिका-मैक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप 2026 के क्वालिफाइंग राउंड का शेड्यूल भी जारी हो गया है। भारत को फीफा विश्व 2026 कप क्वालीफिकेशन के एएफसी दूसरे दौर के ग्रुप ए में कतर और कुवैत के साथ रखा गया है। इस ग्रुप में अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच मैच के विजेता को भी जगह मिलेगी। भारत ने हाल ही में सैफ चैंपियनशिप फाइनल में कुवैत को हराया था और पिछले विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान में 2019 एएफसी एशियाई कप चैंपियन कतर के खिलाफ ड्रॉ भी खेला था। उधर, इगोर स्टिमैक की कोचिंग और सुनील छेत्री की कप्तानी में भारतीय टीम इस साल के अंत में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। यह जून 2024 तक चलेगा।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
Phone no.06562 224033 (खेल शाखा) email id:- palamukhel@gmail.com

Very Very Short-Request for Proposal (RFP)

1.	विज्ञापनदाता का पदनाम	:-	उपायुक्त, पलामू।
2	RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	:-	दिनांक 11.08.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
3.	RFP जमा करने का स्थान एवं समय	:-	जिला खेल कार्यालय, पलामू कार्यालय अवधि में।
4.	RFP खोलने का स्थान, तिथि एवं समय	:-	उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ, दिनांक 11.08.2023 को 01:30 बजे अपराह्न

उपायुक्त कार्यालय (जिला खेल शाखा) द्वारा पर्यटन मद अन्तर्गत निर्मित निम्नांकित पर्यटक स्थल/पार्क के रख–रखाव हेतु Request for Proposal (RFP) की मांग की जाती है:–

क्र0	प्रखण्ड	पर्यटक स्थल/पार्क	न्यूनतम निर्धारित वार्षिक शुल्क
1	मेदिनीनगर	चियांकी पार्क	300000.00
2	मोहम्मदगंज	भीमचुल्हा	50000.00

"इच्छुक फर्म/संस्थान द्वारा उपरोक्त दोनों या किसी एक पर्यटक स्थल/पार्क के रख–रखाव हेतु प्रस्ताव समर्पित कर सकता है।

नोट :– Request for Proposal (RFP) से संबंधित नियम एवं शर्त अधिकारिक वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 303454 Sahabganj(23-24)#D

जिला खेल पदाधिकारी, पलामू। | उप विकास आयुक्त, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

2014 बैच के आइएएस वरुण रंजन ने धनबाद के 52वें डीसी के रूप में ग्रहण किया पदभार

तमाम सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना और विकास प्राथमिकता: उपायुक्त

जिले की समस्याओं की पहचान कर उनका किया जाएगा निवारण

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। 2014 बैच के आइएएस वरुण रंजन ने गुरुवार को धनबाद के 52वें डीसी के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीसी संदीप सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर डीसी वरुण रंजन ने पदभार संभाला। उसके बाद उन्होंने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतरना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही यहां की अन्य समस्याओं की पहचान कर उसका समाधान किया जाएगा। निवर्तमान डीसी संदीप सिंह ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद में कई काम किए। राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया है। मीडिया सहित अन्य माध्यमों से कई समस्याओं की जानकारियां मिलती रही। उसके समाधान की दिशा में कई कारगर कदम उठाए गए। धनबाद में डीसी के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। इसके बाद डीसी वरुण रंजन ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने समाहरणालय के विभिन्न कार्यालय का भ्रमण किया। मौके पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता सतीश चंद्रा, एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी, निदेशक एनईपी इंदू रानी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी योगेंद्र प्रसाद और प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

नये डीसी वरुण रंजन को पदभार सौंपते निवर्तमान डीसी संदीप सिंह।

संजीव सिंह की इच्छामृत्यु की याचिका खारिज

जेल अधीक्षक को दूसरे अस्पताल में इलाज कराने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की इच्छामृत्यु की याचिका को अदालत ने गुरुवार को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उन्हें मरने नहीं दिया जाएगा। अदालत ने जेल अधीक्षक को यह भी आदेश दिया कि धनबाद के किसी और अस्पताल में इलाज कराएं। बतातें चलें कि संजीव सिंह पिछले 11 जुलाई से धनबाद के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में इलाजरत हैं। वे जेल में गिर कर घायल हो गए थे। इससे पहले भी कई प्रकार की बीमारियों से ग्रसित थे। अधिवक्ता जावेद ने बताया कि कोर्ट के आदेश से संतुष्ट नहीं है। आदेश की कॉपी मिलने के बाद उसका अध्ययन करेंगे फिर आगे की प्रक्रिया करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से एसएनएमएमसीएच में इलाजरत संजीव सिंह की स्तिथि और बिगड़ते जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर चिकित्सकों द्वारा कैसा इलाज किया जा रहा है कि पूर्व विधायक के शरीर का रंग नीला पड़ता जा रहा है। इस विषय पर किसी गैरसरकारी अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक से भी जल्द विचार किया जाएगा। इलाजरत पूर्व विधायक के शरीर का वजन भी लगातार कम होता जा रहा है जो चिंता का विषय है।

कारगिल दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)। बोकारो थर्मल नेता जी समाज कल्याण संघ के संचालक तापेश्वर ठाकुर की ओर से बोकारो थर्मल स्थित चांदनी मार्केट में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमें कैप्टन सौरव काल्या, विक्रम बत्रा, मनोज पांडे एवं तमाम शहीद सैनिको को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

कार्यालय नगर पंचायत,
हुसैनाबाद (पलामू)।
Email: - nphussainabad@gmail.com

पत्रांक ..... / दिनांक .....

शुद्धि पत्र

कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा प्रकाशित PR 302662 District (23-24)#D आम सूचना 3rd Call, Walk in Interview की तिथि 25.07.2023 के स्थान पर 01.08.2023 एवं क्रम सं0 05 में कुल रिक्तियॉ दो पद के स्थान पर एक समझा जाय। शेष सूचनाऐं यथावत् रहेंगी।

विश्वासभाजन
प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 303450 (District) 23-24 (D)

संयुक्त मोर्चा-बांसजोड़ा कोलियरी प्रबंधन के बीच हुई वार्ता में मांगों को पूरा करने का आश्वासन

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। संयुक्त मोर्चा की ओर से तीन सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को किये गये प्रर्दशन के बाद गुरुवार को बांसजोडा कोलियरी कार्यालय में संयुक्त मोर्चा और पीओ एके झा के बीच वार्ता हुई। पीओ ने मोर्चा नेताओं को आश्वस्त किया कि उनकी तीनों मांगों को शीघ्र पूरा कर दिया जाएगा। पिट वॉटर की आपूर्ति के लिए नया समर्सिबल पंप का नोटशीट कोयला भवन भेजा जा चुका है। वहां से अप्रुवल मिलते ही काम शुरू हो जाएगा और लोगों को पानी मिलने लगेगा। घनी आबादी के बीच निकल रहे गैस व आग पर काबू पाने के लिए भराठी के लिए भी नोटशीट क्षेत्रीय कार्यालय गया हुआ है। जल्द अग्नि प्रभावित क्षेत्र में मिट्टी की भराठी भी शुरू हो जाएगी। बांसजोडा में फिर से नया परियोजना चलाने के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीद है कि एक-दो महीने के अंदर परियोजना चालू हो जाए। इस मौके पर रवि चौबे, चांद खान के विजय कुमार यादव, सत्यनारायण यादव, मनोज कुशवाहा, मनोज मुखिया, ताजउद्दीन खान, श्रीश कुमार, चंदन सिंह, केके पांडेय व एके यादव आदि शामिल थे।

धनसार के राज मिस्त्री हत्याकांड का उद्भेदन, पड़ोसी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिले के धनसार थाना अंतर्गत डुमरियाटांड स्थित इकबाल मार्केट में 23 जुलाई को किरायेदार सुभान अंसारी की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। गुरुवार को धनबाद डीएसपी (लॉ एंड ऑर्डर) अरविंद कुमार बिन्हा ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। बताया कि हत्याकांड के अनुसंधान के लिए धनसार थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जांच के क्रम में पता चला की सुभान अंसारी के ही पड़ोसी पेशे से राज मिस्त्री राजू गोस्वामी ने ही सुभान की हत्या की है। राजू को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने हत्या के पीछे का कारण अवैध संबंध बताया है। आरोपी राजू गोस्वामी की पत्नी के साथ सुभान अंसारी का अवैध संबंध था। हत्या के दिन राजू गोस्वामी ने घर का टीवी का आवाज बढ़ा दिया और मृतक को शराब पिला कर लोहे के हथियार से उसकी हत्या कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही हत्या में इस्तेमाल छेनी बरामद कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। 2017 में राजमिस्त्री राजेंद्र यादव की हत्या धनबाद लॉ कॉलेज के निर्माण के दौरान की गई थी। इस हत्या में भी राजू गोस्वामी की संलिप्तता थी। उक्त कांड में राजू के घर की कुर्की जब्ती भी हो चुकी है पर यह उक्त मामले में अब तक फरार चल रहा था।

जैनामोड़ में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन

जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)। जैनामोड़ में गुरुवार को किसान समृद्धि केंद्र (न्यू हरा भरा बीज भंडार) का उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने किया। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्य कार्यक्रम राजस्थान के सीकर में हुआ। वहां से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन किया। इसका सभी केंद्रों में ऑनलाइन प्रसारण हुआ। झारखंड में 1607 किसान समृद्धि केंद्र खोले गए। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का 14वां किस्त भी वितरित किया गया। जिससे बोकारो और धनबाद के किसानों में नई उत्साह एवं उमंग देखने को मिली। झारखंड भाजपा किसान मोर्चा ने भी इसका स्वागत किया है। जैनामोड़ में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह द्वारा न्यू हरा भरा बिज भंडार में किसानों के साथ कार्यक्रम किया गया। अर्जुन सिंह ने कहा कि एक ही छत के नीचे किसानों को तमाम तरह की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए किसान समृद्धि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर किसानों को नैनो यूरिया, नीम कोटेड यूरिया, खाद, बीज और कृषि उपकरण से लेकर मिट्टी की जांच की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, जैनामोड़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतीश राय, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री बैजनाथ नायक, रविंद्र ठाकुर, दुर्गा सिंह, सुनील मंडल, गोविंद कुमार, रविंद्र यादव, बालेश्वर सोरेन, अरविंद ठाकुर, शंकर सोरेन, सुरेश कुमार महतो, राजकुमार झा, अंबुज महतो, सुमित कुमार जयसवाल, राजेंद्र महतो आदि उपस्थित रहे।

माहुरी महिला समिति ने किया सावन महोत्सव का आयोजन

कतरास (आजाद सिपाही)। राजस्थानी समाज भवन में गुरुवार को माहुरी महिला समिति के तत्वाधान में सावन महोत्सव सह सावन क्विन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन माहुरी महामंडल के केंद्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने किया। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गये थे। महिलाएं अलग-अलग परिधान में सजधज कर शामिल हुई। सावन महोत्सव के दौरान महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक रिकॉर्डिंग डांस कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हालांकि सावन क्विन का चुनाव देर रात तक होने की संभावना है। इस मौके पर माहुरी महिला समिति के वीनू गुप्ता, कविता गुप्ता, शिखा गुप्ता, रुचि गुप्ता, अर्चना गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, शालिनी सेठ, नीरज गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विकास गुप्ता, सुरेंद्र राम भदानी, बाल गोविंद राम गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, श्यामा कांत गुप्ता, डॉ ओम प्रकाश, प्रकाश राम गुप्ता, अवधेश गुप्ता, मुकुंद राम गुप्ता, रमित गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अरविंद गुप्ता, मनोज गुप्ता, शत्रुघन राम गुप्ता, रजनीश गुप्ता सहित, नवयुवक समिति के रवि चरणपहाड़ी, राजेश गुप्ता, आदि उपस्थित थे।

जीतपुर कोलियरी में उत्पादन शुरू होने की कवायद मजदूरों और उनके आश्रित परिवार के आंदोलन का परिणाम : केडी पांडेय

झरिया (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के संयुक्त महामंत्री केडी पांडेय ने गुरुवार को जीतपुर में प्रेस वार्ता कर कहा कि मजदूरों और उनके आश्रित परिवार के नारी शक्ति के आंदोलन का ही परिणाम है कि कोलियरी में उत्पादन प्रारंभ होने जा रहा है। कोलियरी चालू करने को लेकर जमसं के असंगठित के शाखा सचिव टोकनाथ तिवारी एवं राजू वर्मा 10 से 12 मई तक आमरण अनशन पर थे। राजू वर्मा

को 11 मई की तबीयत बिगड़ने पर चासनाला अस्पताल में भर्ती होना पड़ा और 12 मई को ही हमारे संगठन के साथ वार्ता कर सेल प्रबंधन ने एक माह में उत्पादन शुरू करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का विशेष योगदान रहा। उन्होंने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से जीतपुर के संबन्ध में वार्ता की और प्रबंधन पर दबाव बनाकर जून में 56 लाख का बैंक गारंटी वन एवं पर्यावरण विभाग को और तीन जुलाई को लगान का 4,41,132 रुपया जमा कराया। इसके बाद परिवेश पोर्टल पर क्लीयरेंस और डीजीएमएस के अनुमति के बाद उत्पादन शुरू होने जा रहा है। इससे 400 असंगठित मजदूरों तथा 100 संगठित कर्मियों के परिवार में खुशी की लहर है।

6-7 साल से संवेदनशील पद पर जमे कर्मियों के स्थानांतरण की मांग

भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है सिविल विभाग: सिद्धार्थ गौतम

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग को भ्रष्टाचार का अड्डा ना बनाया जाए अन्यथा परिणाम गंभीर होगा। इन दिनों असैनिक अभियंता और ठेकेदार की मिलिभगत से इस विभाग मे लूट मची हुअी है। उक्त बातें जमसं के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने कही। वे गुरुवार को बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में प्रबंधन के साथ वार्ता के दौरान बोल रहे थे। करीब दो घंटे तक चली वार्ता में गहमागहमी बनी रही। जमसं ने प्रबंधन पर कई और गंभीर आरोप लगाये। सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि सिविल इंजीनियरिंग मनमानी कर रहा है। यूनियन को जानकारी दिए बगैर ठेका का काम करवा रहे है। इसपर महाप्रबंधक जेसी राय ने कहा कि सिविल विभाग मामले में यूनियन को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा जमसं ने विभिन्न कोलियरी में वेलफेयर कमेटी की बैठक नहीं होने से नाराजगी जताई। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय कार्यालय में छह-सात साल से संवेदनशील पद पर जमे कर्मियों के स्थांतरण करने की मांग की। इसके अलावा मजदूरों के आवास मरम्मती, पद्दोन्नति व सभी कोलियरियों मे पानी टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर महाप्रबंधक ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। वार्ता में प्रबंधन की ओर से एपीएम नागेंद्र यादव, बस्ताकोला कोलियरी के पीओ एके शर्मा, राजापुर कोलियरी पीओ डी सिंह, जबकि जमसं की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह, जितेंद्र राजभर, दयाशंकर सिंह, रूद्रप्रताप सिंह, रंजय कुमार, संजीत सिंह और दिनेश सिंह आदि मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/45/2022-23 3rd Call
PR. No.- 297282(Rural Development) 22-23.D

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– स्वास्थ्य मद

ग्रप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	अड़की	मारंगबुरू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य।	55,50,000/–	1,11,000/–	10000/–	06 माह।

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–01.08.2023 के अपराहण 01:00 बजे।
3. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–08.08.2023 के अपराहण 05:00 बजे तक ।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 10.08.2023 अपराहण 02:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नहीं करेंगे उनकी निविदा को खोला नहीं जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 11.08.2023 अपराहण 01:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

PR 303361 Rural Development(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर– RDD/SD/KHUNTI/05/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– जिला अनावद्ध निधि

ग्रप सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	खूँटी	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मारंगहादा का चाहरदिवारी निर्माण कार्य।	24,99,100/–	50,000/–	5,000/–	02 माह
2	खूँटी	एस0एस0+2 उच्च विद्यालय खूँटी के समीप एस्ट्रोअर्फ हॉकी स्टेडियम में बोरिंग का कार्य।	6,04,700/–	12,100/–	1,250/–	01 माह
3	तोरपा	पंचायत डोड़मा में ऊपरटोली में चबुतरा निर्माण कार्य।	10,03,450/–	20,100/–	2,500/–	02 माह
4	खूँटी	सदर अस्पताल परिसर में Eye & Dental Unit का मरम्मति कार्य।	14,99,800/–	30,000/–	2,500/–	02 माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–01.08.2023 के अपराहण 2.00 बजे तक।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–08.08.2023 के अपराहण 5.00 बजे तक ।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समयः–10.08.2023 अपराहण 2.00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
4. निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समयः–11.08.2023 अपराहण 1.00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।

PR 303362 Rural Development(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा। सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

प्रथम शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (3rd Call) निविदा सूचना संख्या–**DWSD/GAR/SVS-22/2022-23,** दिनांक–17.07.2023 **(Construction of Banutikar, SVS under Garhwa Block)** जो PR No. 302650 Drinking Water and Sanitation (23-24):D द्वारा निविदा प्रकाशित है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

निविदा की तिथि एवं समय :–

क्र0	विवरण	पूर्व में प्रकाशित	संशोधित कर प्रकाशित
1	**Date & time of Publication of Tender on Website**	19.07.2023/12:30 P.M.	22.07.2023/01:00 P.M.
2	**Last date/Time of Bid Submission**	25.07.2023/05:00 P.M.	27.07.2023/05:00 P.M.
3	**Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy)**	**26/07/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar	**28/07/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, medininagar
4	**Date & time of Opening Tender**	27.07.2023/05:00 P.M.	31.07.2023/05:00 P.M.

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा। कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
(iii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 303462 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
12

न्यूज रील्स

पूर्व तट रेलवे ने आयोजित की प्रेम बैठक

भुवनेश्वर। प्रबंधन में रेलवे कर्मचारियों/श्रमिकों की भागीदारी के एक हिस्से के रूप में, पूर्व तट रेलवे द्वारा आज अपने मुख्यालय रेल सदन में प्रबंधन में रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी (प्रेम) बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे के मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों, अधिकारी संघ, पदोन्नति अधिकारी संघ और रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ) संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और प्रभावी गुणवत्ता वाले काम के लिए राय दी। प्रबंधन बैठक में रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी की अवधारणा केवल रेलवे के लिए अद्वितीय और वास्तविक है जो परिपक्व औद्योगिक संबंधों का प्रमाण है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की, जबकि उप महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने बैठक का संचालन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

श्रीराम मंदिर का नया वीडियो जारी

अयोध्या। अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर का नया वीडियो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर न्यास ने जारी किया है। इसमें 5 मंडप के खंभे तैयार दिखायी दे रहे हैं। साथ ही दीवारों पर उकेरी गयी देवमूर्ति और नक्काशी को कारीगर फाइनल टच देते दिख रहे हैं। वीडियो 43 सेकेंड का है। इसे ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने गुरुवार को ट्वीट किया।

कांग्रेस ने किया दावा-अजित बनेंगे महाराष्ट्र के सीएम

मुंबई। एनसीपी से राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल का मानना है कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार लोकप्रिय नेता हैं, इसलिए उन्हें आज नहीं तो कल मुख्यमंत्री बनने का मौका जरूर मिलेगा। प्रफुल्ल ने कहा कि जो लोग काम करते हैं, उन्हें मौका मिलता ही है। अजित दादा को भी मिलेगा। दरअसल कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने दावा किया था कि अजित 10 अगस्त को एकनाथ शिंदे की जगह राज्य के मुख्यमंत्री बनाये जायेंगे।

केंद्रीय मंत्री को सेक्सटॉर्शन कॉल मामले में दो गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम का अधिकारी बनकर केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल से मोटी रकम की डिमांड करने का हैरान कर देने का मामला सामने आया है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा समेत अन्य एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सेक्सटॉर्शन कॉल करने वाले दो आरोपियों मो. वकील और मो. साहिब को भरतपुर से गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जारी किया 'सकारात्मक परिवर्तन का वर्ष' थीम

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को दसाबटिया, तमांडो में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डिवाइन लाइट हाउस की आधारशिला रखी और सेमिनार व सम्मेलन आयोजित करने के लिए वर्ष की थीम 'सकारात्मक परिवर्तन का वर्ष' लॉन्च की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिर्फ एक संगठन नहीं है, बल्कि महिलाओं द्वारा चलाया जाने वाला एक सामाजिक और आध्यात्मिक अभियान भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि मानवता के लिए भौतिक और आध्यात्मिक विकास दोनों आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी परिवर्तन की संवाहक है और विकास के लिए परिवर्तन अपरिहार्य और आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भौतिकवादी परिवर्तन हमें खुशी दे सकते हैं लेकिन आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ध्यान और अनुशासित जीवन-शैली के माध्यम से आध्यात्मिकता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि समय-समय पर कुछ नकारात्मक विचार हमारे मन को परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिरीक्षण की कमी के कारण हम नकारात्मक सोच का शिकार होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे अंदर ईर्ष्या और नफरत की भावना बढ़ने लगती है। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाकर सकारात्मकता की ओर बढ़ना है। उन्होंने मानवता को जागरूक करने और लोगों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए ब्रह्मकुमारी संगठन के प्रयासों की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के बीच बैठक

तटीय राजमार्ग परियोजना की प्रगति पर चर्चा : धर्मेंद्र प्रधान

- तटीय राजमार्ग, संबलपुर रिंग रोड, कैपिटल रिंग रोड की प्रगति और निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली/भुवनेश्वर। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नयी दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और उन्होंने ओड़िशा में क्रियान्वित की जा रही प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति और निर्माण की समीक्षा और चर्चा की। इस मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गडकरी के साथ कटक-संबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग की प्रगति पर चर्चा हुई। तटीय राजमार्ग, संबलपुर रिंग रोड, कैपिटल रिंग रोड की प्रगति और निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। इसी तरह, बैठक में ढेंकानाल जिले के भुबन और कामाक्षानगर से होकर गुजरने वाले ढुबुरी से बल्हर चोक तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 53, गोडीबंध से बअंरपाल तक राजमार्ग के प्रशस्तिकरण और अन्य परियोजनाओं पर भी चर्चा की गयी। श्री प्रधान ने कहा कि इन सभी राजमार्ग परियोजनाओं की पर्यावरण मंजूरी, निविदा प्रक्रिया, सरैखण और अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्वोदय के दृष्टिकोण के तहत ओड़िशा में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। भारत सरकार के एनएचएआइ द्वारा ओडिशा में कई विकासात्मक कार्य पूरे किये गये हैं। श्री प्रधान ने कहा कि श्री गड़करी ने चर्चा किए गए सभी राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सहित एनएचआई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय विवि के राजभाषा अनुभाग की नौसेना आयुध परिसर में राजभाषा कार्यशाला

- राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में यह कार्यक्रम एक विशेष उपलब्धि के रूप में स्वीकार्य किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओड़िशा केंद्रीय विस्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा मंगलवार को सुनबेडा स्थित नौसेना आयुध मुख्य परिसर में राजभाषा कार्यशाला आयोजन किया गया है। विस्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने कार्यक्रम कि सफलता कि शुभकामना दी। नौसेना आयुध के माह प्रबंधक मनमोहन गोयल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

प्रमुख सायोजक तथा विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग की प्रो हेमराज मीना ने कार्यशाला में कार्यालयीन हिंदी में प्रशिक्षण दिया। सभी 18 प्रतिभागियों को देवनागिरी लिपि का मानकिकरण और प्रशासनिक कोष की प्रतियां भेट की गयीं। प्रो मीणा द्वारा संपादित किया गया है। राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में यह कार्यक्रम एक विशेष उपलब्धि के रूप में स्वीकार्य किया गया है।

केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक का भुवनेश्वर दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक अशोक चंद्रा पहली बार दो दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर आये और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। पहले दिन, श्री चंद्रा ने धूमाल में आयोजित स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम में भाग लिया। एसएच के कार्यक्रम की शुरूआत नुकड़ नाटक प्रदर्शन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने बैंक के संस्थापक ए. सुब्बा राव पाई को पुष्पमाल्य भेंट किये। बैंक के भुवनेश्वर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख जगदीश चंद्र ने कार्यकारी निदेशक अशोक चंद्रा सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के अवसर पर श्री चंद्रा ने कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा समय पर ऋण भुगतान किये जाने से उनमें सकारात्मक सोच पैदा हुई है। केनरा बैंक ने 1009 स्वयं सहायक समूहों को 51 करोड़ रुपये की मंजूरी पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मिशन शक्ति के प्रमुख संपादक विनोद कुमार जेना, नाबार्ड के उप निदेशक विश्वभूषण महांति, भुवनेश्वर फील्ड ऑफिस-1 महामाया प्रसाद राव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। एक अन्य कार्यक्रम में, श्री चंद्रा ने बैंक के कॉर्पोरेट और एटीएनआई ग्राहकों के साथ एक बैठक में भाग लिया और बैंकिंग सेवाओं में सुधार के लिए ग्राहक सेवा, ग्राहक अधिकार और शिकायत समाधान पर चर्चा की।

एमसीएल जागृति महिला मंडल ने वृद्ध आश्रम में महिलाओं को सामग्री प्रदान की

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। रेडक्रस पार्वती गिरि मातृ भवन में दिनांक 25.7.2023 को जागृति महिला मंडल ने सदैव की भंति आश्रम में पहुंच कर वृद्ध महिलाओं का कुशल क्षेम जाना तथा उनके साथ कुछ समय व्यतीत किया। अपने बीच मंडल की सदस्याओं को पाकर वृद्ध महिलाओं की खुशी देखते ही बनती थी। मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह के नेतृत्व तथा उपाध्यक्षां सरिता पटेल, रश्मि बेहूरा तथा अंजली बापट ने संयुक्त रूप से वृद्ध महिलाओं को गाऊन, गमच्छे तथा बिस्किट वितरित किये। अध्यक्षा पद्मजा सिंह ने कहा कि वृद्ध आश्रम में आशियाना बनाने वाली महिलाओं को आत्मीय स्नेह देना और उनको यथोचित सम्मान देकर उनका हौसला बढ़ाना हमारा सामाजिक दायित्व बनता है।

किम्स में रीढ़ की मुश्किल सर्जरी हुई

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। कीम्स के डॉक्टरों ने एक लड़की की घुमावदार रीढ़ की हड्डी की सफलतापूर्वक सर्जरी की है। लंबे समय से स्कोलियोसिस नामक गंभीर रीढ़ की समस्या से जूझ रही लड़की के माता-पिता प्रतिष्ठित अस्पताल से निराश होने के बाद आखिरकार कीम्स के डॉक्टर से परामर्श किये। आथोर्पेडिक विशेषज्ञ और आथोर्पेडिक सर्जन डॉ. जितेंद्र कुमार राउत ने मरीज को 'इडियोपैथिक स्कोलियोसिस' नामक रीढ़ की हड्डी की एक प्रकार की समस्या का निदान किया और तत्काल सर्जरी का सुझाव दिया। सर्जरी विभाग के डॉ. संजीव गिरि और डॉ. राजमोहन ने सर्जरी की। डॉ. राउत ने बताया कि लड़की की रीढ़ की हड्डी 'एस' आकार की हो गयी थी, जिससे भविष्य में उसके लिए और अधिक समस्याएं पैदा कर सकती थी। कीम्स में कुशल डॉक्टरों, उन्नत तकनीक और उपकरणों की उपलब्धता के कारण रीढ़ की हड्डी की ऐसी दुर्लभ सर्जरी संभव हुई। मरीज अब पूरी तरह से ठीक हो गयी है। डाक्टर राउत ने कहा कि कुछ दिनों के आराम के बाद मरीज अब सामान्य जीवन जी सकती है। डॉ राउत ने कहा कि, यह बीमारी आमतौर पर 10 से 15 साल की उम्र के बीच दिखाई देती है। यदि बीमारी का तुरंत इलाज किया जाता है और सही समय पर इलाज हो जाता है तो बीमारी ठीक हो सकती है। इससे मरीज के आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान पर असर पड़ सकता है। ऐसे मरीज अक्सर मजाक और उपहास का पात्र बनते हैं। इसका इलाज छोटी उम्र से ही कराना चाहिए, नहीं तो उम्र के साथ इसका इलाज और भी जटिल हो जाता है। गौरतलब है कि, ओड़िशा के किसी निजी अस्पताल में पहली बार रीढ़ की हड्डी की इतनी जटिल सर्जरी की गई है। ऐसी दुर्लभ सर्जरी करके, किम्स ने खुद को राज्य में सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सेवा प्रदाता के रूप में स्थापित किया है। इस सर्जरी में आमतौर पर 7-8 घंटे लगते हैं, लेकिन किम्स ऑथोर्पेडिक सर्जन और ओड़िशा ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन के संपादक डॉ. राउत और उनकी मेडिकल टीम इस सफल सर्जरी को महज 4 घंटे में अंजाम देने में सफल रही। ऐसी दुर्लभ सर्जरी के लिए कीट, कीस और किम्स के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने डॉ राउत और उनकी मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया और लड़की के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसवाई) के तहत मरीज का मुफ्त इलाज किया गया।

सम सीएचआर बांझपन वाले जोड़ों के लिए आशा का केंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित इनफर्टिलिटी एंड इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आइवीएफ) सेंटर फॉर ह्यूमन रिप्रोडक्शन (सीएचआर) बांझपन की समस्या वाले जोड़ों के लिए आशा का केंद्र बन गया है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार ने मंगलवार को विश्व आइवीएफ दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में बोलते हुए कहा कि अन्य राज्यों और यहां तक कि देश के बाहर से भी बांझपन से पीड़ित जोड़े सीएचआर पर अपनी उम्मीदें लगाये बैठे हैं, यह हमारे लिए संतुष्टि का कारण है। बांग्लादेश के चपाई नवाबगंज जिले के एक निःसंतान दंपति, 19 साल की शादीशुदा जिंदगी के बाद भी इस जोड़े को कोई बच्चा नहीं हुआ, लेकिन अब वे सम सीएच पर भरोसा कर रहे हैं। यहीं पर इस दंपत्ति का लंबे समय से इलाज चल रहा है। बांग्लादेशी दंपत्ति उन डॉक्टरों को लेकर काफी आशावादी हैं जो उनका इलाज कर रहे हैं। प्रोफेसर सामंतसिंहार ने कहा कि अस्पताल द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन किया जा रहा है। विश्व आइवीएफ दिवस बांझपन और प्रजनन एंडोक्रिनोलॉजी के क्षेत्र में हुई वैज्ञानिक प्रगति और प्रगति को याद करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर आइएमएस एवं सम अस्पताल के डीन प्रोफेसर (डॉक्टर) संघमित्रा मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और सीएचआर के सभी डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ को बधाई दी। प्रोफेसर मिश्र ने बताया कि सम अस्पताल में प्रजनन चिकित्सा का एक अलग विभाग जल्द ही अस्पताल में काम करना शुरू कर देगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, दुनिया भर में हर साल बांझपन से पीड़ित होने वाले 60 से 80 मिलियन जोड़ों में से लगभग 25 प्रतिशत भारत में रहते थे, जबकि विकासशील देशों में हर चार जोड़ों में से एक बांझपन से प्रभावित है। सीएचआर की प्रोफेसर और प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) सुजाता प्रधान ने कहा कि बांझपन, जो लगभग 15 प्रतिशत भारतीय जोड़ों को प्रभावित करता है, को दूरगामी परिणामों वाली एक बड़ी समस्या के रूप में देखा जाता है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**